राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 14
लखनऊ, शुक्रवार 12 सितम्बर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





राज्य सरकार को अपने विरासत पर गर्व : जयवीर 03

नेपाल में हिंसक प्रदर्शन से सहमें भारतीय पर्यटकों की वापसी 12


**-: सर्राफा बाजार :-**

| | |
|---|---|
| गोल्ड 24 कैरेट | = 1,10,660/10 ग्राम |
| 22 कैरेट | = 1,01,450/10 ग्राम |
| 18 कैरेट | = 83030/10 ग्राम |
| चांदी | = 1,29,900/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### 10 नक्सली ढेर, मनोज उर्फ मोडेम बालकृष्ण भी मारा गया

**गरियाबंद।** छीतसगढ़ के गरियाबंद जिले में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। एक मुठभेड़ में दस नक्सली मारे गए हैं। इनमें केंद्रीय समिति (सीसी) का सदस्य और वांछित नक्सली नेता मनोज उर्फ मोडेम बालकृष्ण भी शामिल है। सूत्रों ने बताया कि घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार और नक्सल सामग्री भी बरामद की गई है। मुठभेड़ के बाद इलाके में सर्च अभियान जारी है। इस कार्रवाई को सुरक्षा बलों की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है, क्योंकि इससे नक्सल संगठन को बड़ा झटका लगा है।

### एमबीए 2025-26 में प्रवेश के लिए काउंसलिंग आज

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की कुलसचिव डॉक्टर सुनीता पांडे ने गुरुवार को पत्रकारों को बताया कि वर्ष 2025 – 26 एमबीए में प्रवेश के लिए काउंसलिंग 12 सितंबर को महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के वाणिज्य संकाय में कराई जाएगी। काउंसलिंग के दौरान अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों का भौतिक सत्यापन होगा। काउंसलिंग के बाद अभ्यर्थियों को काउंटर पर ऑनलाइन फीस जमा करना होगा।

### जिला समाज कल्याण अधिकारी ने की आत्महत्या

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ जिले में नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आजमगढ़ जिले में तैनात जिला समाज कल्याण अधिकारी अशीष सिंह ने घर पर कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनका गुरुवार को कमरे में पंखे से लटका शव मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है। सीओ ने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि समाज कल्याण अधिकारी की पत्नी दो माह से अपने मायके में रह रही है। पुलिस परिवार के सदस्यों के साथ ही ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता चल सके कि आत्महत्या की असली वजह क्या है। प्रथम दृष्टया घरेलू कलह का मामला सामने आया है।

### राष्ट्रपति संदर्भ पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रपति और राज्यपाल द्वारा विधेयकों को मंजूरी देने की समय–सीमा निर्धारित करने के विवाद से जुड़े राष्ट्रपति के संदर्भ पर सुनवाई पूरी होने के बाद गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।
मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति ए एस चंदुरकर की संविधान पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें 10 दिनों तक सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया।
राष्ट्रपति संदर्भ में संविधान के अनुच्छेद 200/201 के तहत राष्ट्रपति और राज्यपाल द्वारा विधेयकों को मंजूरी देने की समय–सीमा से संबंधित प्रश्न उठाए गए थे।

# भारत-मॉरीशस साझेदार नहीं, परिवार हैं : मोदी

- भारत-मॉरीशस के बीच सात महत्वपूर्ण समझौतों पर हुए हस्ताक्षर

**वाराणसी, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को वाराणसी में मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तरीय वार्ता के बाद कहा कि भारत और मॉरीशस केवल साझेदार नहीं बल्कि परिवार हैं। भारत और मॉरीशस दो राष्ट्र हैं, लेकिन हमारे सपने और नियति एक हैं।

काशी में आयोजित इस मुलाकात के दौरान दोनों प्रधानमंत्रियों की मौजूदगी में भारत और मॉरीशस के बीच सात प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। इनमें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग के साथ भारतीय वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) और मॉरीशस ओशनोग्राफी संस्थान के बीच समझौता, भारत के कर्मयोगी भारत कार्यक्रम और मॉरीशस के लोकसेवा मंत्रालय के बीच साझेदारी, विद्युत क्षेत्र में सहयोग, लघु विकास परियोजनाओं के दूसरे चरण में भारतीय अनुदान सहायता, हाइड्रोग्राफी क्षेत्र में समझौता नवीनीकरण और अंतरिक्ष अनुसंधान और अनुप्रयोगों के लिए उपग्रहों और प्रक्षेपण यानों के लिए ट्रैकिंग एवं टेलीमेट्री स्टेशन स्थापित करने पर सहयोग शामिल हैं। इसके अलावा शिक्षा और शोध के लिए आईआईटी मद्रास व यूनिवर्सिटी ऑफ मॉरीशस तथा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ प्लांटेशन मैनेजमेंट व यूनिवर्सिटी ऑफ मॉरीशस के बीच दो अलग समझौते हुए। साथ ही, तामारिन्ड फॉल्स में 17.5 मेगावाट का फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट लगाने की दिशा में एनटीपीसी और मॉरीशस की विद्युत इकाई के बीच समझौता आगे बढ़ाने पर सहमति बनी।



### निरंतर सहयोग के लिए जताया आभार

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि काशी और मॉरीशस का रिश्ता केवल कूटनीति या साझेदारी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सांस्कृतिक आत्मीयता का प्रतीक है। उन्होंने इसे आत्मिक मिलन बताते हुए कहा कि जैसे गंगा का प्रवाह अनादि काल से अविरल रहा है, वैसे ही भारतीय संस्कृति का प्रवाह मॉरीशस को लगातार समृद्ध करता रहा है। वहीं, मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. रामगुलाम ने भारत के निरंतर सहयोग के लिए आभार जताया।

### स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी नई ऊर्जा

इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह उनके लिए गर्व का विषय है कि उन्हें अपने संसदीय क्षेत्र काशी में मॉरीशस के प्रधानमंत्री का स्वागत करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि अनादिकाल से काशी भारत की सभ्यता और सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक रही है। हमारी संस्कृति और संस्कार सदियों पहले मॉरीशस पहुंचे और वहां की जीवनधारा में रच–बस गए। मोदी ने कहा कि मार्च में उन्हें मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में शामिल होने का सौभाग्य मिला था, जहां दोनों देशों ने संबंधों को संवर्धित रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया। उन्होंने चागोस समझौते पर मॉरीशस को बधाई दी और कहा कि यह उसकी संप्रभुता की ऐतिहासिक जीत है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत हमेशा मॉरीशस के उपनिवेशवाद–विरोधी रुख और उसकी संप्रभुता के साथ मजबूती से खड़ा रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत ने मॉरीशस की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए विशेष आर्थिक पैकेज तैयार किया है, जिससे बुनियादी ढांचे को मजबूती, रोजगार सृजन और स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊर्जा मिलेगी। मोदी ने कहा कि पिछले वर्ष मॉरीशस में यूपीआई और रूपे कार्ड की शुरुआत हुई थी। अब दोनों देश स्थानीय करंसी में व्यापार की दिशा में आगे बढ़ेंगे। प्रधानमंत्री ने हिंद महासागर क्षेत्र को दोनों देशों की साझा प्राथमिकता बताते हुए कहा कि भारत मॉरीशस के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र की सुरक्षा और उसकी समुद्री क्षमता को मजबूत करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा इस क्षेत्र में प्रथम प्रत्युत्तरदाता और शुद्ध सुरक्षा प्रदाता के रूप में भूमिका निभाई है।

# नेपाल में अंतरिम सरकार का प्रमुख बनाने के लिए कुलमन घीसिंग का नाम प्रस्तावित

- भारतीय पर्यटकों को ले जाने के लिए इंडिगो एयरलाइंस का चार्टर्ड विमान काठमांडू पहुंचा

**एजेंसी, काठमांडू।**



नेपाल में राजनीतिक संकट के बीच जेन जी के एक समूह ने कुलमान घीसिंग को अंतरिम सरकार का प्रमुख बनाने का प्रस्ताव रखा है। नेपाल में फंसे भारतीय पर्यटकों को ले जाने के लिए इंडिगो एयरलाइंस का चार्टर्ड विमान काठमांडू पहुंच गया है। इस बीच सेना प्रमुख जनरल अशोक राज ने राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल को मौजूदा हालात की जानकारी दी है। सेना मुख्यालय के बाहर झड़प में आंदोलनकारियों के दो गुट आपस में भिड़ गए।

नेपाल में नई सरकार को लेकर गुरुवार को सेना मुख्यालय में आर्मी चीफ जनरल अशोक राज के नेतृत्व में अहम बैठक हुई, जिसमें जेन-जी के सात प्रतिनिधि भी शामिल हुए। अपना प्रतिनिधि चुनने के मुद्दे पर सेना मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे युवाओं में फूट पड़ गई, जिसके बाद दो गुट आपस में ही भिड़ गए। बैठक में मौजूद सुशीला कार्की और दुर्गा प्रसाई के नाम पर सहमति न बनने पर लंबी वार्ता के बाद प्रदर्शनकारियों ने अंतरिम प्रधानमंत्री के लिए अब कुलमन घिसिंग का नाम आगे रखा है। कुलमान घीसिंग के पास प्रशासनिक अनुभव है और उन्होंने ऊर्जा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है।

नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' ने एक बयान में संसद विघटन नहीं करने और संविधान के दायरे में समाधान ढूंढने की अपील करते हुए कहा कि यह आंदोलन संविधान और संसद के विरोध में नहीं था। इसलिए संसद भंग करने का परिणाम ठीक नहीं होगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और गणतंत्र पर कोई समझौता नहीं हो सकता है। युवाओं के इस आंदोलन के बाद लोकतंत्र और गणतंत्र को और मजबूत करना पहली जिम्मेदारी है। प्रचंड ने कहा कि युवाओं की मांग संसद विघटन की मांग नहीं, बल्कि संविधान में आवश्यक बदलाव किये जाने की है। इसलिए संवैधानिक और राजनीतिक संकट के समाधान के लिए सभी पक्षों के बीच सहमति आवश्यक है। सेना प्रमुख ने राष्ट्रपति को स्थिति से अवगत कराया उधर, सेना प्रमुख जनरल अशोक राज सिग्देल ने राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल से बात कर उनको सभी स्थिति से अवगत कराया है। उन्होंने राजनीतिक और संवैधानिक प्रयासों के बारे में जानकारी दी है। भारतीय पर्यटकों को ले जाने के लिए चार्टर विमान काठमांडू पहुंचानेपाल में फंसे भारतीय पर्यटकों को ले जाने के लिए इंडिगो एयरलाइंस का चार्टर्ड विमान काठमांडू पहुंच गया है। इंडिगो एयरलाइन्स के दो विमान काठमांडू आने हैं, जिसमें एक विमान लैंड कर चुका है और दूसरा लैंड करने वाला है। नेपाल में हुए व्यापक उपद्रव से होटल इंडस्ट्री बुरी तरह प्रभावित हुई है और कारोबार में 50 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है।

### सुशीला कार्की के नाम का विरोध



प्रदर्शनकारियों ने अंतरिम प्रधानमंत्री के लिए सुशीला कार्की के नाम का विरोध इसलिए किया है, क्योंकि उनके पति पर विमान अपहरण का आरोप है और उन्होंने इस मामले में दो साल मुंबई की जेल में बिताए हैं। नेपाल की प्रथम महिला प्रधान न्यायाधीश सुशीला कार्की की नियुक्ति अपदस्थ प्रधानमंत्री केपी ओली के संवैधानिक परिषद् के अध्यक्ष रहते की गई थी। नेपाल की संसद में एक बार सुशीला कार्की के खिलाफ महाभियोग का प्रस्ताव भी लाया गया था, जिसके बाद कुछ दिनों तक उन्हें अपने पद से निलंबित रहना पड़ा। बाद में कोर्ट ने उनके निलंबन को खारिज करते हुए उन्हें दोबारा प्रधान न्यायाधीश के रूप में काम करने के लिए फैसला सुनाया।

# भारत आतंक के वैश्विक अभिशाप को मिटाने के लिए प्रतिबद्ध : योगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 11 सितंबर 2001 मानवता के इतिहास का वह काला अध्याय, जब निर्दोष जीवन कायरतापूर्ण आतंकी हमले की भेंट चढ़ गए। योगी ने वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हुए आतंकी हमले की बरसी पर कहा कि भारत आतंक के वैश्विक अभिशाप को मिटाने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि यह हमला पूरी मानव सभ्यता की शांति, विश्वास और मानवीय मूल्यों पर निर्मम प्रहार था। योगी ने कहा कि उस भीषण त्रासदी में काल-कवलित सभी दिवंगत आत्माओं को विनम्र श्रद्धांजलि और उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूँ। मुख्यमंत्री योगी ने कहा है कि भारत आतंक के इस वैश्विक अभिशाप को जड़ से मिटाकर ऐसा संसार बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां भय नहीं, केवल शांति, भाईचारा और मानवता का प्रकाश हो। गौरतलब है कि 11 सितंबर 2001 को अमेरिका में न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के नॉर्थ टावर और पेंटागन पर हुए आतंकी हमलों ने पूरी दुनिया को हिलाकर रख दिया था। इस हमले में काफी लोग मारे गए थे। इन हमलों के पीछे ओसामा बिन लादेन और उसका आतंकी संगठन अल-कायदा था। 2011 में जब अमेरिकी कमांडो ने उसे एबटाबाद में मार गिराया, तो दुनिया ने राहत की सांस ली।



# लखनऊ एयरपोर्ट पर एफटीआई सुविधा शुरू

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

**अमित शाह ने किया शुभारंभ**



राजधानी के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर यात्रियों को फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन-ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम (एफटीआई-टीटीपी) की सुविधा शुरू हो गई है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 पर इसके काउंटरों का वर्चुअल अनावरण किया। यह सुविधा भारतीय पासपोर्ट और ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया कार्डधारकों के लिए शुरू की गई है। इससे इमिग्रेशन काउंटरों पर भीड़ कम होगी और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को जल्द निकासी मिलेगी। गृह मंत्रालय ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय और इमिग्रेशन ब्यूरो के साथ मिलकर इस योजना को तैयार किया है।

यात्रियों को आधिकारिक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इमिग्रेशन ब्यूरो आवेदनों का सत्यापन करेगा। योग्य यात्रियों को विश्वसनीय यात्री सूची में शामिल किया जाएगा। स्वीकृत यात्रियों को एफआरआरओ कार्यालय या एयरपोर्ट काउंटर पर बायोमेट्रिक नामांकन कराना होगा। 11 सितंबर से यह सुविधा शुरू हो गई है।

एयरपोर्ट प्रबंधन के अनुसार, इस कार्यक्रम से यात्रियों का अनुभव सहज और सुरक्षित होगा। एफटीआई-टीटीपी भारत सरकार द्वारा बेहतर सार्वजनिक सेवा वितरण के माध्यम से शासन को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस महत्वाकांक्षी पहल का उद्देश्य भारतीय नागरिकों और ओसीआई कार्डधारकों के लिए इमिग्रेशन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना है, जो सुरक्षा और दक्षता सुनिश्चित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। गृह मंत्रालय (एमएचए) ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय और आव्रजन ब्यूरो के सहयोग से एफटीआई-टीटीपी के लिए रोडमैप तैयार किया है। इच्छुक व्यक्तियों को आधिकारिक सरकारी पोर्टल के माध्यम से अपना विवरण और आवश्यक दस्तावेज जमा करने होंगे। जमा करने के बाद आवेदनों का सत्यापन किया जाता है और ई-गेट्स पर सुचारू प्रसंस्करण के लिए विश्वसनीय यात्रियों की एक श्वेत सूची बनाई जाती है। स्वीकृत प्रतिभागियों को निर्दिष्ट स्थानों, जैसे कि विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय या हवाई अड्डे के काउंटरों पर बायोमेट्रिक डेटा प्रदान करना होगा।

# धोखाधड़ी-जालसाजी मामले में वांछित मुनव्वर खान का कुवैत से प्रत्यर्पण

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने इंटरपोल चैनलों के माध्यम से वांछित भगोड़े मुनव्वर खान का कुवैत से प्रत्यर्पण कराया। वह बैंक ऑफ बड़ौदा से धोखाधड़ी और जालसाजी के मामले में वांछित था।

सीबीआई की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक खान को आज कुवैत पुलिस की टीम की निगरानी में हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लाया गया, जहां सीबीआई की विशेष अपराध शाखा, चेन्नई की टीम ने उसे हिरासत में लिया। मुनव्वर खान पर साल 2011 में दर्ज प्राथमिकी में आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और जालसाजी का आरोप है। वह दूसरे आरोपितों के साथ मिलकर बैंक ऑफ बड़ौदा को चूना लगाने के बाद कुवैत भाग गया था और अदालत ने उसे घोषित अपराधी घोषित कर दिया था। सीबीआई ने 7 फरवरी 2022 को इंटरपोल से उसके खिलाफ रेड नोटिस जारी कराया था। कुवैत प्राधिकरणों ने खान को गिरफ्तार करने के बाद भारत को सौंपने का निर्णय लिया। एजेंसी के मुताबिक पिछले कुछ वर्षों में इंटरपोल चैनलों के जरिए 130 से अधिक वांछित अपराधियों को भारत वापस लाया गया है।

### अमेरिका में ट्रंप के करीबी चार्ली किर्क की हत्या



**एजेंसी, वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप के करीबी और दक्षिणपंथी युवा कार्यकर्ता चार्ली किर्क की हत्या से सारा देश हिल गया। दलगत भावना से ऊपर उठकर शोक में डूबे देश में फिर से बंदूक हिंसा के खिलाफ आवाज भी उठनी शुरू हो गई है। कुछ लोग इसे राजनीतिक हत्या बता रहे हैं। चार्ली किर्क को बुधवार दोपहर यूटा वैली विश्वविद्यालय में टर्निंग पॉइंट यूएसए कार्यक्रम के दौरान गोली मारी गई। लहूलुहान चार्ली को बचाया नही जा सका। संयुक्त राज्य अमेरिका के हर–छोटे बड़े सूचना संचार माध्यम में चार्ली की मौत को महत्व दिया गया है। द न्यूयॉर्क टाइम्स और एनबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, चार्ली की मौत की सूचना मिलते ही राष्ट्रपति ट्रंप अवाक रह गए।

# रूसी सेना में शामिल होने के प्रस्तावों के झांसे में न आएं भारतीय : विदेश मंत्रालय

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



रूस की सेना में कुछ भारतीय नागरिकों की भर्ती की मीडिया रिपोर्टों के बीच विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को आगाह किया है कि वे रूसी सेना में शामिल होने के किसी भी प्रस्ताव के झांसे में ना आए क्योंकि इसमें कई जोखिम हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने रूसी सेना में भारतीयों की भर्ती से संबंधित मीडिया के सवालों के जवाब में गुरुवार को कहा कि भारतीय नागरिकों को इस तरह के प्रस्ताव से दूर रहना चाहिए क्योंकि इसमें खतरे हैं। उन्होंने कहा कि हमने हाल ही में रूसी सेना में भारतीय नागरिकों की भर्ती की खबरें देखी हैं। सरकार ने पिछले एक साल में कई मौकों पर इस तरह की कार्रवाई में निहित जोखिमों और खतरों को रेखांकित किया है और तदनुसार भारतीय नागरिकों को आगाह किया है। उन्होंने कहा कि भारत ने मास्को और यहां दोनों जगहों पर रूसी अधिकारियों के साथ इस मामले को उठाया है और अनुरोध किया है कि इस प्रथा को समाप्त कर हमारे नागरिकों को वापस भेजा जाना चाहिए। प्रवक्ता ने कहा कि विदेश मंत्रालय प्रभावित भारतीय नागरिकों के परिवारों के संपर्क में भी हैं। श्री जायसवाल ने कहा कि हम एक बार फिर सभी भारतीय नागरिकों से रूसी सेना में शामिल होने के किसी भी प्रस्ताव से दूर रहने का आग्रह करते हैं क्योंकि यह ख़तरों से भरा है। उल्लेखनीय है कि पिछले तीन वर्ष से भी अधिक समय से यूक्रेन के साथ संघर्षरत रूस की सेना में समय -समय पर भारतीय नागरिकों की भर्ती की जाती रही है। रूस की सेना में भर्ती होने वाले भारतीयों के परिवारों का कहना है कि सेना में भर्ती के बाद उन्हें वापस नहीं आने दिया जाता।

### रेलवे ने कश्मीरी सेब उत्पादकों के लिए शुरू की संयुक्त पार्सल उत्पाद रैपिड कार्गो ट्रेन सेवा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रेलवे ने जम्मू–कश्मीर फल उत्पादकों की सहायता और घाटी के छोटे किसानों को देश के अन्य हिस्सों के बाजारों से जोड़ने के लिए संयुक्त पार्सल उत्पाद रैपिड कार्गो ट्रेन सेवा (जेपीपी–आरसीएस) ट्रेन सेवा की शुरुआत करने की घोषणा की है। भारतीय रेलवे की ओर से गुरुवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार यह ट्रेन सेवा शनिवार से शुरू होगी। रेलवे के अनुसार इस ट्रेन से घाटी के किसान अपने उत्पादों को प्रतिदिन बडगाम–आदर्श नगर–बडगाम मार्ग पर भेज सकें। रेलवे ने बताया है कि यह सेवा आदर्श नगर से शनिवार को अपराह्न 12.10 बजे तथा बडगाम से सोमवार को सुबह सवा छह बजे से शुरू होगी। इस ट्रेन से अब सभी फल और सब्जियां उपभोक्ताओं तक समय पर आसानी से पहुंच सकेंगी।

# कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट संचालक ने साथियों के साथ मिलकर छात्रा के साथ किया गैंग रेप

- वीडियो वायरल करने की धमकी देकर बार-बार कर रहा यौन शोषण
- धर्म परिवर्तन कर निकाह करने का लगातार बना रहा दबाव
- हिन्दू महासभा ने पीड़िता को न्याय दिलाने की ली जिम्मेदारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कंप्यूटर सेंटर पर छात्रा के साथ कोचिंग संचालक ने अपने साथियों के साथ मिलकर बेहोश कर सामूहिक दुष्कर्म किया और वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दी है। स्थानीय पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर पीड़िता ने कायमगंज क्षेत्राधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। वहीं सीओ ने जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

थाना कम्पिल क्षेत्र की पीड़िता ने क्षेत्राधिकारी कायमगंज को दिए गए प्रार्थना पत्र में दर्शाया कि वह थाना कपिल गंगा रोड स्थित राजीव कंप्यूटर इंस्टीट्यूट पर कंप्यूटर सीखने गई थी। जहां कंप्यूटर केंद्र के संचालक शिबू व सलमान पुत्र नामालूम तथा अनस ने अलग कमरे में कम्प्यूटर सिखाने का झांसा देकर कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर मुझे बेहोश कर दिया और सभी ने बारी-बारी से मेरे साथ सामूहिक दुष्कर्म किया एवं मेरी वीडियो भी बना ली। जब मुझे होश आया तो आरोपियों ने घर न बताने व वीडियो वायरल करने की धमकी दी। इस दौरान आरोपियों ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर कई बार दुष्कर्म किया। जिसके चलते मैंने कम्प्यूटर सेंटर जाना बंद कर दिया।

इतना ही नहीं आरोपीगण कॉलेज आकर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर अपने पास बुलाने लगे और मेरे मोबाइल फोन पर भी कॉल कर धमकी देते हैं और कॉलेज जाते समय मेरा रास्ता रोककर भी मुझे धमकाते है।

पीड़िता का कहना है कि आरोपी कई दिनों से धर्म परिवर्तन कर निकाह करने का दबाव बना रहे हैं। आरोपियों से तंग आकर अपने घर पर पूरी बात बतायी। परिजनों ने आरोपियों को समझाने का प्रयास किया तो पूरे घर को जान से मारने की धमकी दी। तीन दिन पूर्व आरोपीगण घर पर आये, परिजनों ने पकड़ने का प्रयास किया और उनके भागते समय एक आरोपी का मोबाइल घर पर छूट गया। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कर जानमाल की सुरक्षा व न्याय की गुहार लगाई है। इस संदर्भ में जब हमारे संवाददात ने पुलिस अधीक्षक से बात की तो उनके पीआरओ ने बताया कि मामला आपके माध्यम से संज्ञान में आया है। संबंधित अधिकारी से जानकारी कर कार्यवाही करायी जायेगी।

हिन्दू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा ने इस घटना को लेकर पुलिस की ओर से बरती जा रही लापरवाही की घोर निंदा करते हुए कहा कि स्थानीय पुलिस को तुरन्त मामले को गंभीरता से लेते हुए मुकदमा दर्ज कर सभी आरोपियों की गिरफ्तारी करनी थी, लेकिन अभी तक ऐसा नहीं किया। हमारा संगठन व पूरा हिन्दू समाज पीड़िता के साथ है और पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए पुलिस के आलाधिकारियों से मिलेंगे। जरुरत पड़ी तो सड़क पर भी उतरने को तैयार हैं।

**कार्रवाई** | पाकिस्तान समर्थित आईएसआईएस आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

# दिल्ली से रांची तक साजिश, पांच संदिग्ध गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा ने केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर एक खतरनाक आईएसआईएस आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है, जो पाकिस्तान आधारित हैंडलर के निर्देश पर भारत में खिलाफत स्थापित करने और गजवा–ए–हिंद के तहत जिहाद छेड़ने की साजिश रच रहा था।
अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रमोद सिंह कुशवाहा ने गुरुवार को बताया कि दिल्ली, झारखंड, तेलंगाना, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के ढाणे, निजामाबाद और राजगढ़ में छापेमारी कर पांच मुख्य संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान अशहर दानिश (रांची), आफताब अंसारी (मुंबई), सुफियान अबुबकर खान (झारखंड), मोहम्मद हुजैफा यमन (तेलंगाना) और कामरान कुरैशी (मध्य प्रदेश) के रूप में हुयी है।
इस ऑपरेशन में कुल 14 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया, जिनमें से छह को राजस्थान के भिवाड़ी में हथियार प्रशिक्षण लेते पकड़ा गया।
मॉड्यूल का मास्टरमाइंड अशहर दानिश, जो रांची से अंग्रेजी में स्नातकोत्तर है, वह पाकिस्तानी हैंडलर के संपर्क में था। वह सीईओ, गजबा लीडर और प्रोफेसर जैसे कोडवर्ड्स का उपयोग करता था। पुलिस ने रांची के इस्लामनगर और तबारक लॉज से दानिश को गिरफ्तार किया, जहां से सल्फर पाउडर, हाइड्रोक्लोरिक एसिड, नाइट्रिक एसिड, बॉल बेयरिंग, एक देशी पिस्तौल, कारतूस, लैपटॉप, मोबाइल फोन, नकदी और दिल्ली के कुछ क्षेत्रों के नक्शे बरामद हुए।
ये सामग्री बारूद और विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बनाने में उपयोगी थी। इसके अलावा, एके–47 राइफल, रिवॉल्वर, हथगोले, सर्किट बोर्ड, तांबे की चादरें, फ्यूज पॉइंट, गैस मास्क और पीएच टेस्टर भी जब्त किए गए। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने बताया कि यह मॉड्यूल स्लीपर सेल की तरह काम करता था। इसके सदस्य सिग्नल और टेलीग्राम जैसे एन्क्रिप्टेड ऐप्स के जरिए पाकिस्तानी हैंडलर से संवाद करते थे। वे सोशल मीडिया पर गजवा–ए–हिंद नामक ऑनलाइन समूह चलाते थे, जिसके माध्यम से युवाओं को कट्टरपंथ की ओर ले जाया जाता था और उन्हें भर्ती किया जाता था।
इस मॉड्यूल का उद्देश्य साम्प्रदायिक तनाव फैलाना और धार्मिक सौहार्द बिगाड़ना था। जांच में पता चला कि यह मॉड्यूल अल–कायदा और आईएसआईएस से प्रेरित था। इसके सदस्य अरावली पहाड़ियों के जंगलों में हथियार प्रशिक्षण ले रहे थे और त्योहारी सीजन में दिल्ली–एनसीआर में बड़े हमले की योजना बना रहे थे। दिल्ली के निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से आफताब और सुफियान को गिरफ्तार किया गया, जो हथियारों की व्यवस्था कर मुंबई भागने की फिराक में थे। आफताब दसवीं पास है। पुलिस ने दिल्ली, रांची, ढाणे, निजामाबाद, राजगढ़ और पलामू सहित 12 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की। बरामद डिजिटल उपकरणों की फॉरेंसिक जांच चल रही है ताकि नेटवर्क के अन्य सदस्यों और अंतरराष्ट्रीय संबंधों का पता लगाया जा सके। केंद्रीय एजेंसियां, जिनमें राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और खुफिया ब्यूरो (आईबी) शामिल हैं, इस साजिश की गहराई की जांच कर रही हैं। श्री कुशवाहा ने बताया कि पिछले छह महीनों से इस मॉड्यूल पर नजर रखी जा रही थी। समय रहते इन आतंकियों को पकड़कर एक बड़ी साजिश को नाकाम किया गया। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस मॉड्यूल ने कितने लोगों को भर्ती किया और उनके संभावित लक्ष्य क्या थे। जांच अभी जारी है, और भविष्य में अतिरिक्त गिरफ्तारियां भी संभावित हैं।

## खबरें एक नजर में

### एबीबीएपी संगठन की महिला जिलाध्यक्ष बनीं दीपा तिवारी



**हमीरपुर।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के तत्वाधान में गुरुवार को गौरा देवी मंदिर समीप दयाशंकर तिवारी के आवास संगठन की बैठक आहुत हुई। जिसमे महिला जिलाध्यक्ष के पद पर दीपा तिवारी का चयन हुआ। बैठक में आगामी 15 सितंबर को अखिल भारतीय एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष/संरक्षक जुगुल किशोर तिवारी ने कुरारा के शिव नारायण तिवारी के आवास में ब्रह्मण सम्मान समारोह का आयोजन करने की घोषणा की। आगामी कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष/ संरक्षक जुगुल किशोर तिवारी मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित रहेंगे।उन्होंने बताया कि प्रोग्राम की तैयारी में अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के जिलाध्यक्ष नरेंद्र बाजपेई, संरक्षक नीरज मिश्रा, अवधेश मिश्रा, सुनील कुमार शुक्ला, राकेश त्रिपाठी, संजय अवस्थी, वीरेंद्र द्विवेदी सहित आलोक अवस्थी सहित तमाम सदस्य करेंगे।

### बच्चा चोरी करने के शक में भिक्षा मांगने आए बाबा को पीटा



**सुमेरपुर, हमीरपुर।** सुबह कस्बे के वार्ड संख्या एक लखनापुरवा मुहाल में भिक्षाटन को आये साधुवेश धारी अधेड़ को बच्चा चोरी के शक में लोगों ने जमकर पीटा और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पूंछतांछ के बाद बच्चा चोरी की बात झूठी पाए जाने पर पुलिस ने साधु वेशधारी को छोड़ दिया। वह बिवांर कस्बे का निवासी था। गुरुवार को सुबह एक गेरुआ वस्त्र धारी बाबा कस्बे के लखनापुरवा मुहाल में घर-घर जाकर भिक्षा मांग रहा था। इसी बीच कुछ युवकों ने उसे पकड़कर पीटना शुरू कर दिया। लोगों का आरोप था कि गेरुआ वस्त्रधारी बच्चा चोरी करने का प्रयास कर रहा था। लोगों ने जमकर पीटने के बाद बाबा को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस हिरासत में पूंछतांछ के दौरान गेरुआ वस्त्रधारी ने बताया कि वह भिक्षा मांगने के लिए कस्बे में आया था। बच्चा चोरी करने का आरोप गलत है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि पूंछतांछ में बच्चा चोरी करने के पुख्ता सबूत नहीं मिले हैं। पूंछतांछ के बाद बाबा को रिहा कर दिया गया है।

### कांग्रेसी नेताओं को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट

**राठ, हमीरपुर।** वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में किसी भी व्यवधान को रोकने को लेकर पुलिस ने कांग्रेस नेताओं पर बीती रात कार्रवाई की। पुलिस ने कांग्रेस के जिलाध्यक्ष समेत अन्य कार्यकर्ताओं के घर पहुंच कर उन्हें नजरबंद दिया। जिससे कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में सरकार के इस रवैये से रोष व्याप्त रहा। कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष गोविंद अहिरवार ने बताया कि गुरुवार को पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ वाराणसी जाना चाहते थे। वहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गरीब, मजदूर, किसान, नौजवान और छात्रों की समस्याओं से अवगत कराना था। उन्होंने बताया कि बुधवार की रात पुलिस उनके घर आ धमकी और उन्हें हाउस अरेस्ट कर दिया है। इसी तरह से पुलिस ने कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव युवा दुष्यंत राजपूत को भी पुलिस ने घर में नजरबंद कर दिया। गोविंद अहिरवार और दुष्यंत राजपूत ने सरकार की इस कार्रवाई को लोकतंत्र विरोधी और अवैध हिरासत करार दिया है। उनका आरोप है कि सरकार जनता की वास्तविक समस्याएं सुनना नहीं चाहती।

### अलग-अलग दो स्थानों में पुरुष एवं महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मौदहा, हमीरपुर।** क्षेत्र के ग्राम छिमौली में गृह कलह के चलते एक युवक ने अपने खेत में लगे पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम छिमौली निवासी शिवनारायण निषाद 35 वर्ष पुत्र धर्मपाल ने घरेलू कलह के चलते गुरुवार को अपने खेत में लगे बबूल के पेड़ पर रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली जब वहां से गुजर रहे किसानों की नजर पेड़ पर लटकती हुई शिव नारायण की शव पर पड़ी तो इसकी खबर फैलते ही घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई वहीं इस घटना की जानकारी होते ही शिव नारायण की पत्नी व परिजन रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंच दहाड़े मारने लगे। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच घटना स्थल का निरीक्षण कर मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक मुंबई व दिल्ली आदि शहरों में रहकर मजदूरी करता था। वह एक सप्ताह पूर्व अपने गांव आया था।मृतक दो भाइयों में छोटा था वह अपने पीछे पत्नी व तीन पुत्रों समेत भरे पूरे परिवार को बिलखता छोड़ गया है। इस घटना से गांव में शोक का माहौल है। वहीं कोतवाली क्षेत्र की एक महिला द्वारा फांसी लगाने के बाद ईलाज के दौरान कानपुर में उसकी मौत हो गई। ग्राम अरतरा निवासी अंजना 52 वर्ष पत्नी संतोष कुमार ने मंगलवार को घरेलू कल के चलते घर में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया था लेकिन उसे सरकारी अस्पताल से गंभीर हालत में मुख्यालय रेफर कर दिया गया था। गुरुवार को ईलाज के दौरान कानपुर के एक अस्पताल में अंजना की मौत हो गई।

### विभिन्न समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन किया प्रदर्शन



**बबेरू/बांदा।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के पदाधिकारी द्वारा नगर की विभिन्न समस्याओं को लेकर 6 सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपकर शीघ्र समस्या का समाधान किये जाने की मांग किया। राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन तहसील अध्यक्ष राजेश साहू के नेतृत्व मे उप जिलाधिकारी अविनाश त्यागी को 6 सूत्रीय ज्ञापन सौप कर बताया बबेरू ग्रामीण में लगी स्ट्रीट लाइट ठीक कराया जाए जिससे आने-जाने वाले राहगीरों एवं व्यापारियों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े औगासी व मर्का रोड के टेंपो स्टैण्ड को सड़क किनारे से हटाकर रावणा तालाब के पास स्थापित किया जाए कस्बे को जाम की समस्या से निजात दिलाया जाए कस्बे व ग्रामीण बबेरू में पुलिस गस्त बढ़ाई जाये जिससे इस समय व्याप्त अफवाहों से लोग भयभीत न हो विद्युत विभाग में कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाए नवीन गल्ला मंडी में राजस्व विभाग द्वारा पकड़े गए वाहनों को मंडी के पीछे साइड खड़ी कराई जाए जिससे व्यापारियों एवं किसानों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना न करना पड़े कस्बे में जगह-जगह जल जीवन मिशन के तहत तोड़ी गई सड़कों को शीघ्र बनवाया जाए और जहां पाइप लाइन नही पड़े वहा पाइप डाले जाये इन्ही सभी मांगों को शीघ्र पूरा किए जाने की मांग किया। ज्ञापन के दौरान जिला प्रभारी श्रीराम गुप्ता सुधीर अग्रहरि अरविंद कसौधन नरेंद्र गुप्ता संजय प्रजापति संतोष कुशवाहा श्यामाचरण अग्रहरि सहित व्यापारी मौजूद रहे।

### मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन




**बबेरू/बांदा।** क्षेत्र के गुजेनी गांव मे बरसात मे गिरे कच्चे मकान का मुआवजा सही पात्र लोगों को न दिये जाने का ज्ञापन उपजिलाधिकारी ज्ञापन सौंपा है। ब्लाक क्षेत्र के गुजेनी गांव के मनोज कुमार यदुराज सिंह रोशन यादव सहित आधा सैकड़ा किसानों ने उप जिला अधिकारी अविनाश त्यागी को ज्ञापन सौप कर बताया बरसात का पानी घरों में घुस गया था जिससे कच्चे मकान गिरने की कगार में है और कुछ लोगों के मकान गिर भी गए हैं लेकिन हल्का लेखपाल व प्रधान द्वारा गलत लोगों का नुकसान की सूची में सम्मिलित किया गया है जबकि वास्तविक रूप से प्रभावित लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है किसी सक्षम अधिकारी को मौके पर भेजकर जांच कराई जाने की मांग किया है और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। ज्ञापन के दौरान जवाहर लाल विजय गजराज राजकुमार सहित किसान मौजूद रहे।

### शहर क्षेत्र में निकाली गई यातायात जागरूकता रैली



**बांदा।** जनपद में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने तथा सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली अपूर्णीय क्षति को कम करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में आज सहायक पुलिस अधीक्षक बांदा/क्षेत्राधिकारी यातायात सुश्री मेविस टॉक द्वारा बाबूलाल चौराहा पर जीआईसी स्कूल के छात्र/छात्राओं के साथ आम जनमानस को दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रुप से यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरुकता अभियान चलाया गया । जिसके अन्तर्गत रैलियों तथा नुक्कड़ नाटकों आदि के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरुक किया जा रहा है। सहायक पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा बताया गया कि दुर्घटनाओं को रोकने के लिये नियमों का पालन करना अति आवश्यक है। नशे की हालत में वाहन नहीं चलाना चाहिये, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करना चाहिए। इस दौरान सड़कों पर यातायात नियमों का पालन न करने वाले, हेलमेट व सीट बेल्ट न लगाने वालों को जागरूक किया गया तथा यातायात नियमों का पालन न करने वालों को कड़ी चेतावनी दी गई। इस अवसर पर समाजसेवी सुनील सक्सेना ने भी छात्र/छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। अभियान में स्कूल के प्रधानाचार्य, शिक्षक/शिक्षिका, परिवहन विभाग से पीटीओ रामसुमेर यादव, यातायात उपनिरीक्षक निहाल सिंह सेंगर आदि मौजूद रहे ।

# गलत डेटा फीड होने से जिले की रैंक प्रभावित हुई तो जिम्मेदारों पर होगी कार्रवाईः डीएम

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



कलेक्ट्रेट सभागार में सरकार के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों के मूल्यांकन एवं अनुश्रवण हेतु सीएम डैशबोर्ड पर विभागीय रैंकिंग तथा जनपद के 50 लाख रूपये एवं उससे अधिक लागत की परियोजनाओं व निर्माण कार्यों की जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने गुरुवार को समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि विकास कार्यों में किसी तरह की शिथिलता न बरतें। उन्होने कहा कि यदि गलत डेटा फीड करने के कारण जनपद की रैंक प्रभावित होगी तो संबंधित विभागीय अधिकारी की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी। उन्होने निर्देश दिए कि अधिकारी स्वयं अपनी देख रेख में योजनाओं की प्रगति व आवश्यक डेटा विभागीय पोर्टल पर फीड कराकर नियमित रूप से चेक करें। गलत जानकारी एवं आंकड़े कदापि फीड न किए जाए। उन्होने ने कहा कि शासन स्तर से सीएम डैशबोर्ड पर सभी सम्बन्धित विभागो की मासिक रैकिंग और ग्रेडिंग से उनके कार्य के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाता है, इसलिए इसमें लापरवाही न बरतें। जिलाधिकारी ने कहा कि अब मौसम अनुकूल है, इसलिए निर्माणाधीन परियोजनाओं को समयबद्ध पूर्ण करने के लिए कार्य प्रारम्भ कर दिया जाए। पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं व निर्माण कार्यो को संबंधित विभाग को हस्तगत करने की कार्यवाही अविलम्ब सुनिश्चित करायी जाए। इस दौरान एसडीएम राठ अभिमन्यु कुमार, डीडीओ राघवेन्द्र सिंह, डीपीआरओ जितेन्द्र कुमार मिश्र, उपनिदेशक कृषि डॉ प्रमोद कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी गण एवं विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## ग्रामीणों ने लेखपाल पर 5 हजार की घूस मांगने का लगाया आरोप, सौपा ज्ञापन

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



सुमेरपुर विकास खण्ड के भौरा गांव के ग्रामीणों ने बंद रास्ता खुलवाने गए लेखपाल पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए गुरुवार को जिलाधिकारी घनश्याम मीना को ज्ञापन सौपा है। जिसमे उन्होंने दबँगो द्वारा अवैध रूप से अधिग्रहित रास्ता खुलवाने एवं घूसखोर लेखपाल के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है।

सुमेरपुर विकास खण्ड के भौंरा गांव निवासी अलखदीन, अयोध्या, मलखान आदि ने ज्ञापन में आरोप लगाते बताया कि अलखदीन व अयोध्या की जमीन गाटा सं. 34 क में उत्तर दिशा में है। वहीं गांव के ही रामरूप, रामकिशोर व केशव की जमीन दक्षिण दिशा में है।बताया कि इन दोनों रास्तों के बीच में पूर्व प्रधान सूबेदार निषाद ने रास्ते दिया था। जिस पर उक्त लोगों ने कूड़ा डालकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया है। बताया कि इस बावत उन्होंने पूर्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप शिकायत की थी। जिस पर एसडीएम के निर्देशन में लेखपाल जाँच हेतु गए जहाँ लेखपाल उनसे रास्ता खुलवाने को लेकर 5 हजार रूपये की घूस मांग की है।उन्होंने ज्ञापन में अवैध रूप से अधिग्रहित रास्ता खुलवाने और घूसखोर लेखपाल के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

# मंडलायुक्त ने खाद वितरण प्रणाली, स्वास्थ्य केंद्र व गौशाला का किया निरीक्षण

**राठ, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



चित्रकूट धाम बांदा के आयुक्त अजीत कुमार सिंह ने कस्बा पहुंचकर खाद की वितरण प्रणाली, गौशाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। अस्पताल में कमियां देख उन्हें दुरस्त कराने के निर्देश दिए।

गुरुवार को चित्रकूट धाम मंडल बांदा के कमिश्नर अजीत सिंह ने कृषि उत्पादन मंडी समिति में स्थित खाद वितरण केंद्र में किसानों को दी जाने वाली खाद की वितरण प्रणाली देखी। जिसे देख उन्होंने एसडीएम अभिमन्यु कुमार की देखरेख व पुलिस तत्परता की तारीफ की। इसके बाद वह गौशाला पहुंचे जहां संचालक को गौशाला की नियमित साफ सफाई सहित गायों को खान पान को समयबद्ध देने को कहा। कमिश्नर ने सैदपुर गांव की गौशाला पहुंचकर निरीक्षण किया। जहां पर एक गाय मौके पर देखने को मिली। मंडलायुक्त ने सीएचसी का निरीक्षण किया। जहां दवा स्टाफ, इमरजेंसी रजिस्टर, भर्ती मरीजों की संख्या व महिला अस्पताल का निरीक्षण किया और अधीक्षक डॉ.अखिलेश कुमार सिंह को स्वास्थ्य केंद्र परिसर में साफ सफाई रखने, प्रसुताओं को दिए जाने वाले पौष्टिक आहार को नियमित वितरण करने तथा स्वास्थ्य केंद्र परिसर से दलालों का प्रवेश वर्जित करने सहित चिकित्सकों को बाहरी दवाएं न लिखने का निर्देश दिया है। इस दौरान एसडीएम अभिमन्यु कुमार, सीओ राजीव कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रामआसरे सरोज सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

## विशेष समुदाय के लोगों ने युवक को जमकर पीटा

- हिंदू युवा संगठन ने कोतवाली पहुंच की कार्रवाई की मांग



**राठ, हमीरपुर।** कसबे के उरई रोड़ नगर किनारे स्थित काशीराम कॉलोनी के पास एक विशेष समुदाय के लोगों ने एक युवक को जमकर पीटा। घायल युवक को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। घटना के बाद गुस्साएं हिंदू युवा संगठन के लोगों ने कोतवाली पहुंच आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। कस्बे के पठानपुरा गंज मोहल्ला निवासी पहलाद यादव पुत्र गोपाल मेंबर ने बताया कि बुधवार की शाम एक विशेष समुदाय के लोगों ने उसे पकड़ कर काशीराम कॉलोनी के समीप ले जाकर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गुरूवार को हिंदू युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजेश खरे के नेतृत्व में संगठन के अनेकों कार्यकर्ताओ ने कोतवाली पहुंच विशेष समुदाय के लोगों के ऊपर सख्त कार्रवाई की मांग की। इस दौरान हिंदू युवा संगठन के नगर अध्यक्ष राम अवतार साहू, आनंद सोनी उर्फ बब्बे, धर्मेंद्र साहू(खुल्ले), बाबू जी, शिव, सुनील फौजी, अतुल पुरवार सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। घटना के संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रामआसरे सरोज में बताया कि मामले की जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### ड्रोन की अफवाह से महिलाओं और पुरुषों ने उठाये लाठी डंडे, दिया पहरा



**हमीरपुर।** शहर के पुराना यमुनाघाट के बाद मेरापुर में बुधवार की देर रात रहस्यमयी ड्रोन आसमान में दिखने से मुहल्लेवासियों में दहशत मच गई। डर और खौफ में मुहल्लेवासियों की रात कटी। कुछ महिलाएं और पुरुष किसी खतरे की आशंका में लाठी डंडा लेकर पहरा भी देते रहे।वहीं पुलिस प्रशासन ने खुफिया विभाग को अलर्ट करने के साथ ही आम लोगों को किसी भी तरह की अफवाह से बचने की अपील की है। पिछले कई दिनों से जिले के तमाम ग्रामीण क्षेत्रों में आसमान में रहस्यमयी ड्रोन देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया था। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने जांच कराई थी, लेकिन पुलिस के हाथ कुछ नहीं आया। बीते दो दिन पूर्व शहर के पुराना यमुनाघाट मुहाल में रहस्यमयी ड्रोन दिखने से मुहल्लेवासियों में हड़कंप मच गया था। सूचना पर सदर कोतवाली पुलिस ने जाँच की लेकिन उनके हाथ भी कुछ नहीं लगा। बुधवार की देर रात शहर के मेरापुर मुहल्ले में एक बार फिर आसमान में रहस्यमयी ड्रोन दिखने से मुहल्लेवासियों में दहशत का माहौल बन गया। जिसके बाद चोरों की आशंका से मुहल्ले की कुछ महिलाएं और पुरुष हाथ में लाठी डंडा लेकर रात भर पहरा देते रहे। दहशतगर्द मुहल्लेवासियों का कहना है कि अंधेरे में उड़ते इस ड्रोन की वजह से सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। लोगों को आशंका है कि कहीं यह खुफिया निगरानी या किसी शरारती तत्व की हरकत न हो, लोग देर रात घरों से बाहर निकलने से भी परहेज कर रहे हैं। वहीं पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है, साथ ही पुलिस प्रशासन ने किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न देने और यदि संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचित करने की अपील की है।

## जसपुरा में थाने में पीस कमेटी की बैठक संपन्न

- नवरात्र को लेकर दिए गए निर्देश



**जसपुरा (बांदा)।** थाना परिसर जसपुरा में मंगलवार को आगामी नवरात्रि पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम अंकित वर्मा ने की। उनके साथ सीओ सदर राजवीर सिंह, नायब तहसीलदार वेदप्रकाश व थाना प्रभारी अनिल कुमार मौजूद रहे। बैठक में एसडीएम अंकित वर्मा ने साफ निर्देश दिए कि मूर्ति स्थापना उसी स्थान पर की जाए जहाँ पूर्व वर्षो में की जाती रही है। यदि कोई नई जगह पर मूर्ति स्थापित करनी है तो उसके लिए प्रशासन से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।सीओ राजवीर सिंह ने नवरात्रि कमेटी व ग्राम प्रधानों से अपील की कि वे गांव व कस्बों में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखें। मूर्ति विसर्जन के संबंध में अधिकारियों ने निर्देश दिए कि मूर्ति का विसर्जन तालाब या गड्ढा खोदकर किया जाए। नदी या अन्य जलस्रोतों में मूर्ति विसर्जन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।बैठक में चौकीदारों, पुलिसकर्मियों समेत क्षेत्र के ग्राम प्रधान व नवरात्रि समितियों के पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाएगा।

# पेड़ की डाल काटने पर गई युवक की जान

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र के ग्राम लरौद में ठेकेदार की देखरेख में लकड़ी काट रहे मजदूर का पैर आरा लगने से जख्मी हो गया जिससे उसे लहू लुहान हालत में सरकारी अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक देख उसका प्राथमिक उपचार कर उसे मुख्यालय रेफर कर दिया लेकिन सदर अस्पताल पहुंचते ही मजदूर की मौत हो गई। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। बताते चलें कि वन विभाग और पुलिस की लकड़ी माफियाओं से चल रही तगड़ी सांठगांठ के चलते मौदहा क्षेत्र सहित समूचे जिले में लकड़ी कटान चरम पर है। यहां छूट प्रजाति की आड़ में प्रतिबंधित वृक्षों को धड़ल्ले से काटा जा रहा है और सुमेरपुर के लकड़ी माफियाओं सहित क्षेत्र की दर्जनों कोयला भट्ठियों व आरा मशीनों में यह लकड़ी पहुंचाने का काम हो रहा है। और चारों ओर हो रही वैध एवं अवैध लकड़ी कटान पर खामोश है। ऐसे ही मामले में थाना क्षेत्र बिवार के ग्राम लरौद निवासी संजय 40 वर्ष पुत्र गुलाब यादव गुरुवार को गांव के ही लकड़ी के ठेकेदार के निर्देशन में गांव के बाहर मजदूरी में पेड़ काट रहा था तभी संतुलन बिगड़ने से लकड़ी काटने वाला इलेक्ट्रॉनिक आरा उसकी जांघ में जा लगा जिससे उसकी जांघ बुरी तरीके से कट कर जख्मी हो गई यह देख वहां मौजूद आसपास मजदूरों की मदद से उसके परिजनों ने उसे लहु लुहान हालत में सरकारी अस्पताल मौदहा में भर्ती कराया जहां चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक देख उसका प्राथमिक उपचार कर उसे मुख्यालय रेफर कर दिया जहां सदर अस्पताल पहुंचने समय संजय की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है इधर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संदीप पाल ने बताया कि संजय की जांघ बुरी तरीके कट गई थी थीमोरल वेन कट जाने से रक्त स्राव अधिक हो रहा था। बैंडेज लगाकर किसी तरह रक्तस्राव को रोकने का प्रयास कर उसका प्राथमिक इलाज कर उसे मुख्यालय रेफर कर दिया गया था।

# चोरी की घटना का खुलासाः अन्तर्रजनपदीय अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

- अभियुक्तों के कब्जे से अवैध तमंचा व चोरी का माल बरामद

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में आज थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा चोरी करने वाले दो अन्तर्रजनपदीय अभियुक्तों को अवैध तमंचा व चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है । थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के ग्राम मवई के रहने वाले जयकिशन सिंह ने 10 सितंबर को अपने घर में अज्ञात चोरों द्वारा 6 से 9 सितंबर 25 की देर शाम को चोरी हो जाने के सम्बन्ध में सूचना दी थी । जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर तत्काल अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया । इस क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अभियुक्त की पहचान करते हुए मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तों को कृषि विश्वविद्यालय पेट्रोल पंप के पास पुलिया से गिरफ्तार कर लिया गया । पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा अपना जुर्म स्वीकार किया गया तथा उनके कब्जे से अवैध तमंचा ,जिन्दा कारतूस व चोरी का सामान बरामद किया गया ।गिरफ्तार अभियुक्तों में रामकुमार अहिरवार पुत्र घसीटा अहिरवार निवासी ग्योढी थाना खन्ना जनपद महोबा व मूलचन्द्र अहिरवार पुत्र बेटू अहिरवार निवासी अम्बेडकरनगर (गौहारी) थाना कबरई जनपद महोबा हैं।

# अस्पताल पर तहसीलदार व सीएचसी अधीक्षक ने छापा मारकर की कार्रवाई

- प्रशासन ने अस्पताल को किया सील

**बबेरू/बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



बबेरू कस्बे के औगासी रोड में बुधवार की शाम बबेरू तहसीलदार हेमराज सिंह बोनल व सीएचसी अधीक्षक डाक्टर ऋषिकेश सिंह फोर्स के साथ बबेरू कस्बे के औगासी रोड स्थित एस हास्पिटल पर छापेमारी कि गई। जिसमें मौके पर डाक्टर मौजूद नहीं था, वहीं अस्पताल के अंदर एक झोलाछाप डाक्टर गंगासागर व स्टाफ नर्स ने मिथिला देवी निवासी बबेरू मिले, जिसमें अस्पताल के अंदर पांच मरीज जिसमें संगीता देवी निवासी जुगरेहली, अछाह गांव निवासी रामप्यारी, केतकी देवी, बबेरू निवासी आदित्या, ममसी गांव निवासी शतरूपा का इलाज किया जा रहा था। जब ऑथराइज्ड डॉक्टर हॉस्पिटल पर नहीं मिला, तो सभी मरीज को सीएचसी एंबुलेंस के द्वारा भेजा जा रहा था, लेकिन मरीज सीएचसी पर नहीं गए, वहीं तहसीलदार हेमराज सिंह बोनल व सीएचसी अध्यक्ष डॉ ऋषिकेश सिंह, लेखपाल राजेंद्र द्विवेदी सहित अस्पताल के सभी दस्तावेज कब्जे में कर लिया, वहीं अस्पताल के अंदर डीएनसी रूम, मेडिकल स्टोर व भर्ती रूम पर ताला लगाकर सील कर दिया गया। वहीं सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर ऋषिकेश सिंह तहसीलदार हेमराज सिंह बनल के द्वारा विभागीय कार्यवाही की जा रही है। जानकारी के मुताबिक लोगों ने बताया की नाम बदल बदल कर झोलाछाप डॉक्टर गंगासागर के द्वारा उसी जगह पर हॉस्पिटल खोलकर लोगों के साथ धोखाधड़ी कर इलाज करता मिला है। कई बार अस्पताल को सील किया गया, वहीं एक बार बबेरू कोतवाली पुलिस के द्वारा कार्यवाही करते हुए झोलाछाप डॉक्टर गंगासागर को जेल भी भेजा जा चुका है।

# सभी लोगों का विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण योगदान होगाः पंधारी यादव

- महिला महाविद्यालय में हुआ संवाद एवं परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश, आत्म निर्भर भारत एवं आत्म निर्भर उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत आज प्रबुद्धजनों/शिक्षाविद एवं छात्रों हेतु आयोजित 'संवाद एवं परिचर्चा' कार्यक्रम का आयोजन राजकीय महिला डिग्री कॉलेज बॉदा में किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पंधारी यादव ने सम्बोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत शताब्दी संकल्प 2047 की कार्ययोजना में सभी भागीदारी हो, इसलिए सुझाव आमंत्रित करने हेतु इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत एवं प्रदेश को विकसित राष्ट्र एवं विकसित प्रदेश बनाने के लिए सभी लोग अपने विचार और सुझाव क्यूआर कोड स्कैन करके साझा करें। उन्होंने कहा कि सभी लोगों का विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण योगदान होगा। उन्होंने कहा कि देश एवं प्रदेश की अर्थ व्यवस्था में तेजी से सुधार हुआ है तथा उत्तर प्रदेश की ग्रोथ में काफी प्रगति हुई है। कृषि आधारित अर्थ व्यवस्था में भी सुधार है। वर्ष 2020-21 से 2023-24 तक जनपद बॉदा में भी काफी प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं संशाधनों में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के अन्तर्गत अटल आवासीय विद्यालय, कम्पोजिट विद्यालयों की स्थापना शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए किये गये हैं। उन्होंने कहा कि देश में रेलवे, स्वास्थ्य, डिफेन्स सेक्टर में भी तेजी से कार्य किया गया है। उत्तर प्रदेश 2047 में कैसा होगा, इसकी कार्ययोजना बनायी जा रही है, जिसमें आपके सुझाव एवं विचार अत्यन्त आवश्यक हैं। आपके महत्वपूर्ण विचारों एवं आकांक्षाओं को जोडकर प्रदेश के विकास की कार्ययोजना बनायी जायेगी। उन्होंने कहा कि इस कार्य में जितने अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी होगी, वह उतना ही बेहतर होगा। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक डॉ. श्याम सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र में यदि प्रदेश अग्रणी होगा तो विकास की धारा में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि जीडीपी की वृद्धि दर में कृषि का महत्वपूर्ण योगदान हैं। उन्होंने खेती को विवधीकरण अपनाकर उन्नतशील बीजों का उपयोग करके तकनीकी एवं वैज्ञानिक रूप से अपनायें, जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने कृषि क्षेत्र में जल संरक्षण हेतु वन ड्राप मोर क्राप को अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि एफपीओ बनाये जायें और कलस्टर में कृषि की जाए तथा आर्गेनिक एवं प्राकृतिक एवं जैविक खेती को जलवायु परिवर्तन से बचाने हेतु सहायक होगी। कार्यक्रम में सीडीओ अजय कुमार पाण्डेय, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शमीम बानो, विद्यालय की प्राचार्य दीपाली गुप्ता सहित जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला कृषि अधिकारी एवं सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

HOME TUITION WALA
घर पर ही ट्यूशन पढ़वायें।
2 Days Free
Demo For Class
Nursery to 12th
ICSE/ CBSE/UP BOARD
Male/ Female Tutors are available
Mobile 7784888786
(9Am-9Pm)

लकी टी स्टाल एंड रेस्टोरेंट
स्वादिष्ट फास्ट फूड एवं मनभावन चाय
पताः निकट अरबिंदो पुलिस चौकी, तकरोही रोड, इंदिरानगर, लखनऊ

# राज्य सरकार को अपने विरासत पर गर्व : जयवीर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



**श्रीलंकाई प्रतिनिधिमंडल ने मथुरा के जैत गांव का किया भ्रमण**

मथुरा का जैत गांव अब ग्रामीण पर्यटन के वैश्विक नक्शे पर पहचान बना रहा है। एग्री-रूरल और गंगेय ग्राम ग्रामीण पर्यटन परियोजना के तहत श्रीलंका का प्रतिनिधिमंडल तीन दिवसीय फैम ट्रिप फैमिलियराइजेशन ट्रिप पर जैत पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने गांव की पारंपरिक जीवनशैली लोक कला और संस्कृति को नजदीक से देखा और स्थानीय लोगों के साथ संवाद किया।

इस यात्रा के दौरान श्रीलंकाई दल ने जैत से मैनपुरी होते हुए ताजमहल का अवलोकन किया। यह फैम ट्रिप उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को विश्व पटल पर प्रस्तुत करने के साथ-साथ भारत-श्रीलंका के सांस्कृतिक रिश्तों को और मजबूती प्रदान करेगी।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि श्रीलंकाई प्रतिनिधिमंडल ने ग्रामीण जीवन को करीब से देखा। कुटीर एवं हस्तशिल्प के उत्पाद को बनाने की कला एवं स्थानीय व्यंजन को सराहा। इस फैम ट्रिप का मुख्य उद्देश्य पर्यटन को गांव की ओ लेकर पर्यटकों को नया अनुभव प्रदान करना है।

प्रतिनिधिमंडल में शामिल विभिन्न क्षेत्रों के लोग उत्तर प्रदेश के गांव का भ्रमण कर वहां की सांस्कृतिक विरासत एवं हस्तशिल्प के प्रचार के लिए एंबेसडर का कार्य करेंगे। राज्य सरकार को अपने विरासत पर गर्व है। इसको विदेशी लोगों के साथ सांझा करने के लिए यह फैम ट्रिप अत्यंत उपयोगी साबित होगी। मथुरा का जैत गांव, होम-स्टे एवं ग्रामीण भ्रमण का एक मॉडल बनेगा।

जैत गांव में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल का स्वागत ब्रज की रंगीन और पारंपरिक शैली में किया गया। अतिथियों को चंदन का तिलक लगाकर, फूलों की मालाएं पहनाकर और मधुर लोकगीतों के साथ अभिनंदन किया गया। भावंत गांव में अतिथियों ने जखदर महादेव मंदिर का दर्शन किया। पानी-सिंघाड़ा की खेती देखी।

सहन गांव में उन्होंने बैल और घोड़ा गाड़ी की सवारी की। पारंपरिक शिल्प जैसे टकासी का अनुभव किया, जिससे ग्रामीण उद्यमिता की जीवनशैली को समझने का अवसर मिला।

**17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विकसित भारत की संकल्पना पर आधारित जनपदों में होगी पेंटिंग प्रतियोगिता**

पर्यटन मंत्री ने 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा– 2025 को भव्य एवं गरिमामयी ढंग से आयोजित कराने के निर्देश दिए। जनपद स्तर पर चित्रकला प्रतियोगिताएं तीन वर्गों जूनियर वर्ग कक्षा 09–12 एवं सीनियर वर्ग स्नातक एवं परास्नातक एवं सामान्य वर्ग में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिताओं में सृजित पेंटिंग्स में से प्रत्येक वर्ग की उत्कृष्ट तीन पेंटिंग्स प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार हेतु जिसका चयन जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा गठित चयन समिति द्वारा किया जाएगा। तीनों वर्गों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार स्वरूप 51,000 रु., 21,000 रु. तथा 11,000 रु. की धनराशि एवं प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएगे। पुरस्कार की धनराशि कुल 2,49000 रु. प्रति जनपद संस्कृति विभाग द्वारा संबंधित जनपद के जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद को उपलब्ध करायी जाएगी।

# राधाकृष्णन व विवेकानंद के आदर्शों से प्रेरणा लें शिक्षक : योगेन्द्र

**उच्च शिक्षामंत्री ने प्रदान किये 'सी.बी. गुप्ता नेशनल श्री सम्मान' और 'मानद शिक्षक उत्कृष्टता पुरस्कार'**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



शिक्षकों को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन और स्वामी विवेकानंद के आदर्शों से प्रेरणा लेकर गुरु की संकल्पना को आत्मसात करना चाहिए, क्योंकि गुरु ही सच्चा मार्गदर्शन प्रदान करता है। नई शिक्षा नीति एनईपी 2020 के तहत शिक्षा को रोजगार के साथ-साथ तकनीकी, संस्कृति और नैतिक मूल्यों से भी जोड़ा जाना चाहिए।

विद्यार्थियों के लिए व्यवसायिक एवं कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने लखनऊ के नेशनल पी.जी. कॉलेज में 'सी.बी. गुप्ता नेशनल श्री सम्मान' एवं 'मानद शिक्षक उत्कृष्टता पुरस्कार' के आयोजन में यह बात कहीं।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय मुख्य अतिथि के रूप में जंतु विज्ञान विभाग के शिक्षक डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार को तृतीय 'सी.बी. गुप्ता नेशनल श्री सम्मान' से सम्मानित किया तथा महाविद्यालय के नौ अन्य शिक्षकों को 'मानद शिक्षक उत्कृष्टता पुरस्कार' प्रदान किए। सम्मानित होने वालों में प्रो. रामकृष्ण, प्रो. पीके. सिंह, प्रो. ज्योति भार्गव, प्रो. राकेश पाठक, डॉ. अपर्णा सिंह, डॉ. भानु प्रताप सिंह, डॉ. इंदुबाला, डॉ. रीना श्रीवास्तव और डॉ. शालिनी लांबा शामिल रहे। योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा वह है जो नैतिकता सिखाए, ज्ञान-विज्ञान से अवगत कराए और स्वावलंबी बनाए। वर्तमान समय में इन विचारों की अत्यधिक प्रासंगिकता है और शिक्षक वर्ग को इन्हें व्यवहार में लाना चाहिए। शिक्षक सम्मान समारोह में कम्प्यूटर विज्ञान विभाग की शिक्षिकाओं डॉ. शालिनी, डॉ. गौरवी और महेश द्वारा लिखित पुस्तक कृत्रिम बुद्धिमत्ता की नैतिकता : नवाचार और उत्तरदायित्व का संतुलन का विमोचन भी उच्च शिक्षा मंत्री ने किया।

## खबरें एक नजर में

### काकोरी में रोडवेज बस पलटी, पांच लोगों की मौत, 20 से ज्यादा घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के काकोरी इलाके में भीषण सड़क हादसा हुआ है। हरदोई से लखनऊ आ रही रोडवेज बस पानी के टैंकर से टकराकर खाईं में पलट गई। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई है। 20 से ज्यादा लोग घायल हैं। घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। बस में करीब 45 लोग सवार थे। टैंकर भी पलट गया है। घटनास्थल पर जिले के डीएम विशाख जी, कमिश्नर अमरेंद्र सिंह सेंगर मौजूद हैं। घटना का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिंह ने भी संज्ञान लिया है। उन्होंने अधिकारियों को मौके पर पहुंचने का निर्देश दिया। कई लोग बस के नीचे दब गए। मौके पर राहत बचाव कार्य जारी है। बस को क्रेन से उठाया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि जहां हादसा हुआ, वहां सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। इसलिए वहां टैंकर से पानी का छिड़काव हो रहा था। इसी दौरान रोडवेज बस टैंकर से टकराकर गहरी खाई में पलट गई। 3 बाइक सवार भी बस की चपेट में आकर नीचे दब गए। प्रशासन ने फिलहाल 5 मौतों की पुष्टि की है। कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर ने बताया कि हादसे में पांच लोगों की मौत हुई है। घायलों को काकोरी सीएचसी समेत आसपास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।



### बीकेटी के सरकारी स्कूल में चोरी प्रधानाध्यापिका ने दी तहरीर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के इन्दौराबाग स्थित परिषदीय प्राथमिक विद्यालय बालबाड़ी में चोरी की वारदात सामने आई है। चोरों ने विद्यालय के कार्यालय और कमरों में रखी अलमारियों के ताले तोड़कर कीमती सामान पर हाथ साफकर दिया। चोरों ने सहायक अध्यापिका विजय लक्ष्मी का सरकारी टैबलेट और सहायक अध्यापिका हबीबा हामिद का ब्लूटूथ स्पीकर चुरा लिया। कार्यालय की अलमारियों के लॉक और इंटरलॉक तोड़कर सारा सामान बिखेर दिया गया। चोरी का पता सुबह तब चला जब रसोइए विद्यालय पहुंचे। उन्होंने तुरंत प्रधानाध्यापिका सुचिता गौतम को सूचित किया। प्रधानाध्यापिका ने बीकेटी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों से स्थानीय लोग भयभीत हैं। इस घटना ने पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### यूपी में दिवाली से पहले भर जायेंगे सड़कों के गड्ढे, 400 करोड़ रुपये मंजूर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सरकार ने दिवाली से पहले राज्य की सड़कों को गड्ढामुक्त करने के लिए 400 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी है। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत लगभग 50,000 किलोमीटर लंबी सड़कों की मरम्मत और सुधार किया जाएगा।यह कदम यातायात को सुगम बनाने और दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से उठाया गया है।लखनऊ में लोक निर्माण विभाग ने सड़कों की स्थिति का आकलन शुरू कर दिया है। प्राथमिकता के आधार पर गड्ढों को भरने का कार्य तेजी से किया जाएगा। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों की सड़कों को इस अभियान में शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कार्य में गुणवत्ता हो और समयबद्ध तरीके से परियोजना पूरी हो। इस पहल से न केवल यात्रियों को राहत मिलेगी, बल्कि त्योहारी सीजन में सड़क सुरक्षा भी बढ़ेगी।

### नवयुग कन्या महाविद्यालय में हिंदी पखवाड़े का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नवयुग कन्या महाविद्यालय के हिंदी विभाग की साहित्यिक संस्था नवज्योतिका ने काव्योम संस्था के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत 9 से 11 सितंबर, 2025 तक विविध साहित्यिक एवं कलात्मक प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया। इन आयोजनों का मूल उद्देश्य छात्राओं में निहित रचनात्मकता और प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था। 9 सितंबर स्वरचित काव्यपाठ, पोस्टर निर्माण और रील मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। छात्राओं ने अपनी कविताओं, साहित्यिक पंक्तियों पर आधारित आकर्षक पोस्टरों और लखनऊ की प्राचीन इमारतें विषय पर बनाई गई रीलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। 10 सितंबर इस दिन भाषण, इजहार (मूक अभिनय) और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भाषण का विषय शपारंपरिक हिंदी साहित्य और युवाश् था, जबकि इजहार में मुहावरों और लोकोक्तियों को अभिनित किया गया। 11 सितंबर तत्क्षण भाषण और एकल अभिनय प्रतियोगिताओं ने छात्राओं की तात्कालिक वैचारिक और अभिनय क्षमताओं को उजागर किया। इन सभी प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. मंजुला यादव, डॉ अपूर्वा अवस्थी, डॉ अंकिता पांडेय, डॉ मेघना यादव सहित अन्य संकाय सदस्य और शकाव्योम संस्थाश् के प्रतिनिधि भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। प्राचार्या ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने घोषणा की कि सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को हिंदी दिवस के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा।

# औचक निरीक्षण में अपर नगर आयुक्त व चीफ इंजीनियर नदारद

**नगर निगम कार्यालय में अधिकारी व कर्मचारी सीट पर नहीं मिलें तो तुरंत इसकी शिकायत 638920005 पर करें**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



**अटेंडेंस दर्ज, पर गैरहाजिर मिले अधिकारी-कर्मचारी**

निरीक्षण के बाद जब महापौर ने 311 एप के जरिए कर्मचारियों की अटेंडेंस सूची मंगाई। सूची की जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि कई कर्मचारी सुबह मुख्यालय परिसर में आकर अटेंडेंस तो दर्ज कर गए, लेकिन उसके बाद वे अपनी सीट पर मौजूद नहीं थे। महापौर ने इसे गंभीर लापरवाही करार दिया और ऐसे सभी कर्मचारियों की जांच के लिए सीसीटीवी फुटेज निकलवाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि दोषी पाए जाने पर किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा और कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**महापौर ने जड़ा ताला**

लखनऊ नगर निगम मुख्यालय में गुरुवार सुबह महापौर सुषमा खर्कवाल के औचक निरीक्षण में कई अपर नगर आयुक्त एवं कर्मचारी अपनी सीट से नदारद मिले हैं। जिससे नाराज महापौर ने मुख्य दरवाजे पर ताला लगवाने के साथ ही मौके पर मौजूद अटेंडेंस रजिस्टर जब्त कर लिया है।

साथ ही महापौर ने नगर आयुक्त को निर्देश दिया है कि सीट से अनुपस्थित मिले कर्मचारियों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा जाए। नगर निगम पहुंची महापौर ने आज निरीक्षण की शुरुआत से पहले ही नगर निगम मुख्यालय के मुख्य गेट और दूसरे गेट पर ताला जड़वा दिया था। इस कदम से अंदर-बाहर की गतिविधियों पर नियंत्रण रखा गया। महापौर के निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त गौरव कुमार अपने कार्यालय में मौजूद मिले। हालांकि, महापौर जब अपर नगर आयुक्तों के कार्यालयों में पहुंचीं तो वहां कोई अधिकारी मौजूद नहीं था।

इस दौरान अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, नम्रता सिंह, अरुण कुमार गुप्त एवं डॉ. अरविंद कुमार राव अपने कार्यालय में उपस्थित नहीं मिले। इतना ही नहीं, उप नगर आयुक्त रश्मि भारती का कार्यालय भी खाली मिला और समस्त सहायक नगर आयुक्त विकास सिंह, विनीत सिंह, रामेश्वर प्रसाद भी अपनी सीट पर अनुपस्थित पाए गए। इसके साथ ही चीफ इंजीनियर महेश वर्मा भी समय पर अपने कार्यालय में उपस्थित नहीं मिले। वहीं निरीक्षण के दौरान महापौर को कुछ अधिकारी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए अपने-अपने कार्यालय में मौजूद थे। इनमें मुख्य वित्त एवं लेखा अधिकारी महामिलिंद लाल, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह और नगर स्वास्थ्य अधिकारी पी.के. श्रीवास्तव शामिल रहे।

महापौर ने इन अधिकारियों की उपस्थिति पर संतोष जताया और कहा कि सभी कर्मचारियों को इन्हीं की तरह समय पर और जिम्मेदारी से कार्य करना चाहिए।

**कार्रवाई के दिये निर्देश**

साथ ही महापौर ने नगर आयुक्त को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि दो दिनों के भीतर सभी अनुपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा जाए और आगे की कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल मुख्यालय की कार्यशैली का नहीं बल्कि जनता की सुविधाओं से जुड़ा है, इसलिए इस लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। महापौर ने कहा कि पूरे मामले की शिकायत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से भी की जाएगी। महापौर ने जनता से अपील की है कि अगर 10 बजे आपको नगर निगम कार्यालय में अधिकारी व कर्मचारी सीट पर नहीं मिलें तो तुरंत इसकी शिकायत 638920005 पर करें। इसके साथ ही आप फेसबुक, इंस्टाग्राम और एक्स पर भी टैग कर सकते हैं।

# परिवहन आयुक्त ने ट्रांसपोर्ट नगर आरटीओ कार्यालय का किया निरीक्षण, दिये निर्देश



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी लखनऊ में गुरुवार को उत्तर प्रदेश परिवहन आयुक्त ने ट्रांसपोर्ट नगर स्थित आरटीओ कार्यालय का निरीक्षण किया। कार्यालय पहुंचे ट्रांसपोर्ट कमिश्नर ने निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था, फाइलों का रख-रखाव समेत तमाम चीजों का बारीकी से देखा। साथ ही ट्रांसपोर्ट विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है ऑनलाइन सेवाओं के बारे में लोगों से जानकारी हासिल की। निरीक्षण के दौरान लाइसेंस समेत अन्य कार्य कराने आए आवेदकों से सुविधा और समस्या सहित तमाम विषयों पर चर्चा की।

आरटीओ दफ्तर में मिलने वाली तमाम सुविधाओं के बारे में जानकारी हासिल किया। कतार में खड़े आवेदकों से उनकी समस्याएं पूछी, ऑनलाइन सेवाओं के विषय में भी लोगों को जागरूक किया। निरीक्षण के बाद परिवहन आयुक्त ने कहा विभाग आम-जनता के लिए तत्परता से काम कर रहा है। परिवहन विभाग की तमाम सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध है, जिससे आवेदकों को काफी सुविधा होती है। कार्यालय में पीने का पानी, पार्किंग व्यवस्था, होमगार्डों के बैठने साफऔर उचित स्थान की व्यवस्था की बात कही। गोमती नगर में आगामी दिनों में एआरटीओ कार्यालय खोलने की जानकारी उपलब्ध कराई। इसके साथ ही अभियान नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान को सफल बनाने की अपील की। वर्ष 2016 से 2021 तक चालानों के निस्तारण की बात कही।

# सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत प्रदेश के युवाओं को जोड़ेगी भाजपा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सेवा पखवाड़ा (सेवा सप्ताह) अभियान के तहत राज्य भर में जिम और फिटनेस प्रशिक्षकों को लामबंद करेगी।

भाजपा के सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि यह पखवाड़ा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन 17 सितंबर से दो अक्टूबर गांधी जयंती तक आयोजित किया जाएगा। भाजपा की युवा शाखा भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा प्रस्तावित इस अभियान का विषय युवाओं को नशामुक्त बनाना होगा।

भाजयुमो के प्रदेश महासचिव वरुण गोयल ने कहा कि इसका उद्देश्य युवाओं, खासकर पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं तक सामाजिक अपील के साथ पहुंचना है। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि पार्टी सामाजिक जम्मिेदारी को राजनीतिक संदेश के साथ जोड़ते हुए खुद को युवाओं के स्वास्थ्य के रक्षक के रूप में स्थापित कर रही है। विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा उन फिटनेस प्रशिक्षकों को शामिल करने की योजना बना रही है जो महत्वाकांक्षी मध्यम वर्ग और कामकाजी वर्ग के युवाओं पर प्रभाव डालते हैं। मोर्चा उत्तर प्रदेश के छह प्रमुख शहरों - लखनऊ, कानपुर, गाजियाबाद, आगरा, गोरखपुर और वाराणसी में मैराथन दौड़ का भी आयोजन करेगा।

इसके लिए पार्टी अभियान में भाग लेने के इच्छुक हजारों युवाओं का पंजीकरण करेगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मैराथन दौड़ में 5,000 से 10,000 लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। इस कदम को युवा समर्थकों का एक डेटाबेस पंजीकृत करने के लिए भाजपा के रणनीतिक कदम के रूप में देखा जा रहा है जिनसे भविष्य के अभियानों में संपर्क किया जा सकेगा। पार्टी रक्तदान शिविर भी आयोजित करेगी, जिसमें सभी 98 संगठनात्मक जिलों के पार्टी कार्यकर्ता अनिवार्य रूप से शामिल होंगे। गोयल ने कहा कि पार्टी हजारों कार्यकर्ताओं से सभी जिलों में आयोजित होने वाले प्रस्तावित शिविरों में रक्तदान करने का संकल्प लेने का आग्रह करेगी।

# पेंशन देने में अस्थायी नौकरी की अवधि नहीं जुड़ेगी

**अपर मुख्य सचिव वित्त ने जारी किया शासनादेश**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में किसी भी कर्मचारी को पेंशन देने में उसकी नौकरी की अस्थायी, वर्क चार्ज या दैनिक वेतन की अवधि को नहीं जोड़ा जाएगा। इस संबंध में शासन ने उप्र. पेंशन की हकदारी तथा विधिमान्यकरण अध्यादेश 2025 के अनुसार पेंशन से संबंधित प्रकरणों में कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार की ओर से जारी शासनादेश में कहा गया कि ऐसे व्यक्ति जिनकी नियुक्ति राज्य सरकार द्वारा जारी किसी नियमावली के तहत नहीं हुई है और न ही उनका कभी विनियमितीकरण किया गया है। ऐसे व्यक्ति कोर्ट में वाद दायर कर रहे हैं कि उन्हें सरकारी कार्मिकों के समान पेंशन आदि के लाभ दिए जाएं। उन्होंने ऐसे मामले में विधायी विभाग की दो सितंबर को जारी अधिसूचना के आधार पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।लंबे समय अस्थायी प्रकृति की नौकरी के बाद नियमित होने वाले तमाम कार्मिक पेंशन लाभ के लिए अस्थायी अवधि को भी स्थायी अवधि के समान जोड़ने की मांग करते हैं। कई के पक्ष में अदालत से आदेश भी हो जाते हैं, इसलिए सरकार ऐसे मामलों के लिए अध्यादेश लेकर आई है, विधानमंडल सत्र के दौरान सदन में रखकर अधिनियम का रूप दिया जाएगा। इस अध्यादेश में कहा गया है कि पेंशन लाभ के लिए अस्थायी अवधि पर विचार नहीं किया जाएगा।

# केजीएमयू-लोहिया में नहीं मिला बेड, ऑपरेशन में देरी से मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी लखनऊ में मरीज के हेड इंजरी के ऑपरेशन में देरी से मौत होने का मामला सामने आया है। आरोप है कि प्राइवेट अस्पताल में मरीज को दो दिन तक भर्ती रखा। परिजन जबरन मरीज को डिस्चार्ज कराकर ट्रॉमा में भर्ती कराया। यहां ऑपरेशन दौरान मरीज की मौत हो गई।

परिजनों ने निजी अस्पताल पर इलाज में लापरवाही और वसूली का आरोप लगाया है। बाराबंकी के फतेहपुर निवासी पुष्पा देवी को सिर में चोट लग गई थी। परिजन रविवार को मरीज को लेकर लोहिया संस्थान की इमरजेंसी में पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज किया। बेड खाली न होने की बात कही। मरीज को दूसरे अस्पताल ले जाने की सलाह दी। परिजन मरीज को लेकर ट्रॉमा सेंटर पहुंचे। यहां भी मरीज को बेड नहीं मिला। इसी दौरान दलाल की नजर मरीज पर पड़ी। दलालों ने मरीज से संपर्क किया। मरीज को बेहतर और सस्ता इलाज का झांसा दिया। जिसके बाद परिजन मरीज को निजी अस्पताल ले जाने को राजी हो गए। दलाल मरीज को चिनहट के धनवंतरी अस्पताल ले गया। यहां दो दिन मरीज को भर्ती रखा गया।

करीब 40 हजार रुपए वसूल लिए। हालत गंभीर होने पर मरीज को ट्रॉमा सेंटर भेज दिया। मंगलवार को पुष्पा देवी को लेकर ट्रॉमा सेंटर पहुंचे। पहले मरीज को स्ट्रेचर पर भर्ती किया। बाद में न्यूरो सर्जरी में शिफ्ट किया गया। बेटे मंजीत ने बताया कि डॉक्टरों ने जांच के बाद सिर के ऑपरेशन की सलाह दी। इसके लिए चार यूनिट खून का इंतजाम करने की सलाह दी। किसी तरह दो यूनिट खून का इंतजाम कर पाए। मरीज को दो यूनिट खून चढ़ाया गया। डॉक्टरों ने ऑपरेशन से पहले दो यूनिट और खून का इंतजाम करने के लिए कहा। गुरुवार को मरीज को ओटी में ले जाया गया। ऑपरेशन दौरान मरीज की मौत हो गई। बेटे मंजीत का आरोप है कि मरीज को समय पर इलाज मिल जाता, तो जान बच जाती। सबसे बड़ी लापरवाही धनवंतरी अस्पताल में हुई थी।

### बेकाबू होकर दौड़ी कार, पांच गाड़ियों को मारी टक्कर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** हजरतगंज स्थित सिविल चौराहे पर तेज रफ्तार आई-10 कार ने कई वाहनों को टक्कर मार दी। हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई, लेकिन कई लोग बाल-बाल बचे। कार पार्क रोड से हजरतगंज की ओर जा रही थी। रास्ते में चालक ने करीब 5 गाड़ियों को टक्कर मारी। कार की रफ्तार इतनी ज्यादा थी कि लोग सड़क छोड़कर किनारे भागने लगे। कार में 3 युवक सवार थे। ड्राइवर की पहचान आदर्श श्रीवास्तव, निवासी खदरा, के रूप में हुई है। मौके पर मौजूद ट्रैफिक कॉन्स्टेबल सुनील यादव ने सूझबूझ दिखाते हुए कार का पीछा किया और हजरतगंज चौराहे पर युवकों को पकड़ लिया। पुलिस ने कार (यूपी 31सीई 2414) को जब्त कर लिया है। तीनों युवकों से पूछताछ की जा रही है। ड्राइवर का मेडिकल जांच की जा रही है।

**तैयारी** | **यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 का शेड्यूल जारी**

# स्टार्टअप, आईटी व स्किल डेवलपमेंट पर होगा खास फोकस

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**




यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 में इस बार निवेश पर ही नही सरकार की तरफ से संचालित योजनाओं पर फोकस करने के साथ ही फ्यूचर डेवलपमेंट पर भी फोकस होगा। इसके लिए सरकार की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए स्टार्टअप, आईटी, इंश्योरेंस, फाइनेंस मैनेजमेंट, मेडिकल हेल्थ, ई-कॉमर्स और स्किल डेवलपमेंट जैसे अहम विषयों पर विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा करेंगे।

यूपीआईटीएस 2025 के शेड्यूल के अनुसार 25 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रातः ट्रेड शो का शुभारंभ करेंगे। उसी दिन शाम 3 बजे से रात 8 बजे तक बी2सी विजिटर्स के लिए शो ओपन रहेगा। जबकि 26 से 29 सितंबर तक प्रतिदिन दोपहर 11 बजे से 3 बजे तक बी2बी मीटिंग्स और शाम 3 से 8 बजे तक बी2सी विजिटर्स के लिए आयोजन होगा।

इस दौरान एक्सपर्ट की तरफ से नॉलेज सेशन की शुरुआत 26 सितंबर से होगी जो 28 तक जारी रहेगी। 26 सितंबर को सुबह 11.30 से 12.30 बजे तक डॉ एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी का सत्र होगा। जिसका विषय वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी में स्टार्टअप इकोसिस्टम का योगदान रखा गया है। दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, यूपी-यूपीएलसी का सत्र होगा, जो प्रदेश में आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री की ग्रोथ और डेवलपमेंट पर केंद्रित रहेगा।

26 सितंबर को ही 3 बजे से 4 बजे तक मेडिकल हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर विभाग वायरल हेपेटाइटिस और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना पर वर्कशॉप करेगा। शाम 4.30 से 5 बजे तक आईआरडीएआई और एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस नॉन-लाइफ एवं हेल्थ इंश्योरेंस पर अवेयरनेस सेशन आयोजित करेंगे। 5 बजे से 6 बजे तक वित्त विभाग का सत्र होगा, जिसमें प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना शामिल भी होंगे। जबकि 6 से 6.30 बजे तक लाइफ इंश्योरेंस पर अवेयरनेस सेशन होगा। वहीं 27 सितंबर को 11.30 से 12.30 बजे तक अर्बन डेवलपमेंट का सत्र होगा। इसमें नगर विकास मंत्री एके शर्मा शामिल होंगे। दोपहर 1 से 2 बजे तक मेडिकल हेल्थ पर दोबारा वर्कशॉप होगी। शाम 4 से 6 बजे तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना सीएम युवा के तहत यूनिवर्सिटीज के साथ एमओयू एक्सचेंज प्रोग्राम होगा। इसके अतिरिक्त, शाम 6 बजे से खादी पर फैशन शो आयोजित किया जाएगा। वही 28 सितंबर को 11.30 से 12.30 बजे तक जीबीयू (गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय) इंडस्ट्री-एकेडमिया टाईअप फॉर स्किल डेवलपमेंट विषय पर सत्र आयोजित करेगा। 29 सितंबर को वैलेडिक्ट्री और अवार्ड्स से शो का समापन होगा।

# जीजा की हत्या करने वाले साले समेत दो गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी में 9 सितंबर (मंगलवार) को युवक का शव नाले में मिला था। पत्नी ने अपने दो भाइयों के खिलाफ पति की हत्या की तहरीर दी थी। पुलिस ने तीन दिन बाद गुरुवार को साले-साढ़ू को गिरफ्तार कर हत्या का खुलासा किया।

आरोपी साले ने पुलिस को बताया कि जीजा को धोखे से शराब के ठेके पर बुलाकर पहले शराब पिलाई। इसके बाद स्कॉर्पियो कार में बिठाकर पीछे से सिर पर लोहे की रॉड से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी। इसके बाद लाश को नाले में फेंक दिया।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। एडीसीपी साउथ रल्लावल्ली वसंथ कुमार ने बताया देवेश यादव उर्फ बोग्गा ने अपने भाई जीतू यादव, जीजा संतोष यादव, साथी राजकपूर और जयसिंह यादव उर्फ कल्लू के साथ मिलकर मोहनलालगंज के शंकर बक्श खेड़ा निवासी शनी की हत्या कर दी थी। देवेश यादव उर्फ बोग्गा और उसके जीजा संतोष यादव को गिरफ्तार किया गया है।



एडीसीपी ने बताया आरोपी देवेश ने पूछताछ में कबूल किया कि उसने अपने बड़े भाई जीतू यादव और जीजा संतोष यादव और अन्य साथियों के साथ मिलकर शनी की हत्या की थी।करीब डेढ़ वर्ष पहले शनी ने उनकी बहन से प्रेम विवाह किया था। इस शादी से परिवार खुश नहीं था। हाल ही में बहन ने एक बच्चे को जन्म दिया था। लोग उनको मामा बनने का ताना देते थे। इसी कारण वे शनी की हत्या की फिराक में थे। आरोपियों के अनुसार, 8 सितंबर को साढ़ू संतोष यादव ने फोन कर शनी को जेल रोड स्थित देशी शराब ठेके के पास बुलाया। इसके बाद देवेश अपने साथी राजकपूर के साथ स्कॉर्पियो से वहां पहुंचा, जबकि बड़े भाई जीतू यादव और जय सिंह यादव उर्फ कल्लू कार से वहां आए। शनी को बहाने से स्कॉर्पियो में बैठाया गया और फिर रास्ते में गाड़ी के भीतर ही लोहे की रॉड से सिर पर ताबड़तोड़ हमला कर उसकी हत्या कर दी गई। हत्या के बाद आरोपी शव को ठिकाने लगाने के लिए स्कॉर्पियों से सिसेंडी मार्ग पर गौतमखेड़ा गांव के पास पहुंचे। यहां बाँके नाले के किनारे शव को दोबारा रॉड से वार कर मौत की पुष्टि की और फिर शव नाले में फेंका था। हत्या का मुख्य आरोपी जीतू यादव और उसके साथी राजकपूर और जयसिंह यादव उर्फ कल्लू फरार हैं। पुलिस ने जीतू और संतोष यादव को न्यायाधीश के सामने पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। संतोष यादव कपड़े की दुकान और जीतू ड्राइवरी का काम करता था।

# इलाज के दौरान बच्चों की मौत, परिजनों ने काटा हंगामा




**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

नगर कोतवाली के मिस्रौलिया चौकी क्षेत्र में एक नर्सिंग होम में इलाज के दौरान दो नवजात शिशुओं की मौत हो गई। परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगा कर जनकर हंगामा किया। मौके पर चौकी प्रभारी अंकित सिंह पहुंच गए और परिजनों को शांत कराते हुए दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है। नगर कोतवाली क्षेत्र के सतई पुरवा बड़गांव निवासी मोहित कुमार ने बताया कि उस का नवजात शिशु बीते 5 सितंबर को महिला अस्पताल में पैदा हुआ था। उस को सास लेने में कुछ दिक्कत आ रही थी। इलाज के लिए मिस्रौलिया चौकी क्षेत्र में बच्चो का एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। छह दिनों तक इलाज चलता रहा।गुरुवार के दिन बच्चे की मौत हो गई।

नर्सिंग होम ने 81 हजार रुपए का बिल बना दिया। मोहित ने बताया कि उस ने करीब तीस हजार रुपए जमा कर चुका था। बच्चे की मौत के बाद नर्सिंग होम के संचालक 54 हजार रुपए और मांग रहे थे। पैसा जमा करने पर ही बच्चे के शव को देने की बात कह रहे थे। कौड़ियां थाना क्षेत्र के कोटिया मदारा निवासी विनय कुमार सिंह ने बताया कि उस का बच्चा बुधवार के दिनों सी एस सी कटरा पर पैदा हुआ था। उस की तबियत खराब हो गई। बच्चे का नर्सिंग होम होने की वजह से इलाज के लिए लाकर भर्ती करा दिया गया गुरुवार के दिन बच्चे की मौत हो गई।एक ही दिन में करीब पचास हजार रुपए का बिल बना दिया। बच्चे की लाश पैसा जमा करने पर ही देने को कह रहे थे। विनय कुमार और मोहित कुमार ने बताया कि नर्सिंग होम में भर्ती कराने के बाद बच्चे को ऑक्सीजन में रख दिया गया। डाक्टर एक ही बार देखने आते थे। बाकी वहां के स्टॉप नर्स ही बच्चे को देख रही थी। इन लोगों का कहना है कि नर्सिंग होम की लापरवाही की वजह से ही दोनों बच्चों की मौत हो गई।

**नर्सिंग होम नहीं दे रहा था शव**

दो नवजात शिशुओं की मौत के बाद नर्सिंग होम दोनों शवों को नहीं दे रहा था। नर्सिंग होम संचालक और वहां के स्टॉप बकाया पैसा जमा करने पर ही शव देने की बाद कहने लगे। इस पर मृत्यु नवजात शिशु के पिता मोहित कुमार और विनय कुमार ने कहा कि मेरे बच्चे की मौत नर्सिंग होम के लापरवाही की वजह से ही हुआ है। मेरे बच्चे को जिंदा कर दो मै पूरा पैसा जमा कर दूंगा। इन लोगो का कहना था कि जब से भर्ती कराया है तब से सिर्फ सुई ही लगाया गया। जितना भी दवा और सुई मंगाते सब का पैसा नगद जमा करा लेते थे। इस के बाद भी इनका इतना पैसा बन गया।

# जगह-जगह लगा कूड़े का ढेर, फिर भी गोंडा सफाई में अव्वल



**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

एक तरफ जहां केंद्र सरकार की पहल पर जगह - जगह स्वच्छ भारत अभियान के तहत विभिन्न सामाजिक संगठनों और अधिकारियों की ओर से सफाईकार्य किया जा रहा है लेकिन इसके बाद भी सिविल लाइन वार्ड न.एक गली-मोहल्लों और सरकारी कार्यालयों के पास कच रे के ढ़ेर देखने को मिल रहे हैं गोंड़ा नगर पालि का परिषद में साफ-सफाई का बहुत बुरा हाल है।

नगर पालिका प्रशासन सफाई के जितने भी दावे कर ले, लेकिन वार्डों मे फैली गंदगी कुछ और ही हकीकत बयां कर रही हैं।नगर पालिका परिषद के सिविल लाइन वार्ड नंबर एक तहसी ल सदर को जाने वाले इंटरलॉकिंग मार्ग के कि नारे कचरे का ढेर लगा हुआ है। जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। साथ ही गंभीर बीमारियों के फैलने की आशंका बनी हुई है। गंदगी एवं क चरे के ढ़ेर को देखकर ऐसा लग रहा है कि स फाई कर्मचारी भूलकर भी कभी इस इलाके में नहीं आते हैं नगरपालिका परिषद केद्वारा नगर की सफाई व्यवस्था पर सलाना लाखों रुपये ख र्च किए जा रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी नगर के गोंड़ा नगर पालिका परिषद में सफाई की व्यवस्था चरमरा गई है नगर पालिका परिषद के अधिकारियों द्वारा इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं करने से चारों ओर गंदगी का आलम है।सा थ ही नालियों से कचरा नहीं निकालने से मोहल्ले में खुलकर सांस लेना भी दुभर हो गया है। कॉलोनी वासियों का कहना है कि वार्ड में गंद गी का अंबार है।सफाई कर्मचारी में कभी कभा र दिखाई देते हैं। वही नगर पालिका परिषद के अधिकांश वार्डों में कचरा डालने के लिए कूड़े दान नहीं होने से लोगों को दिक्कत उठानी पड़ ती है।लोग मजबूर होकर कूड़ा-करकट सड़क के किनारे फेंकते हैं।वार्ड के लोगों ने वार्ड में क च रादान लगवाने के लिए मांग भी करते हैं, लेकिन नगर पालिका प्रशासन कोई ध्यान नहीं देता है।

# पाक्सो एक्ट के प्रति बच्चों को किया जागरूक




**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

बेलसर ब्लाक के विजयनगर स्थित महर्षि परशुराम इंटर कॉलेज में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित 10 दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत 09वें दिन का आयोजन किया गया। डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर शिवेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी देना समाज की जिम्मेदारी है। जेंडर स्पेशलिस्ट ज्योत्सना सिंह ने महिलाओं की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता पर बल दिया। वहीं जेंडर स्पेशलिस्ट राजकुमार आर्य ने साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताए और कार्यालय सहायक अंकित कुमार पाण्डेय ने योजनाओं का लाभ पाने की प्रक्रिया समझाई।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों-छात्राओं को पॉक्सो एक्ट की जानकारी दी गई। साथ ही विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), स्पॉन्सरशिप योजना, कन्या सुमंगला योजना, बाल श्रम उन्मूलन, वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर, निराश्रित महिला पेंशन तथा घरेलू हिंसा निवारण संबंधी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु सहयोग का आश्वासन दिया गया।

कार्यक्रम में साइबर क्राइम से बचाव के उपाय, महिला सशक्तिकरण और विभिन्न शासकीय योजनाओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य परामर्श दिया गया तथा बाल विवाह निषेध और महिला हेल्पलाइन नंबर 181, 1098, 112, 1090 आदि की उपयोगिता बताई गई। इस मौके पर विद्यालय के मैनेजर कृष्ण कुमार मिश्रा, प्रवक्ता राम कुमार शास्त्री, बुधराम, उमाशंकर शुक्ला, दुर्गेश गुप्ता, अजय शंकर तिवारी, अंजुम सिद्दीकी, प्राची श्रीवास्तव, सूरज यादव, मीना, दीप्ति सिंह, लक्ष्मी विश्वकर्मा, शिवप्रसाद तिवारी, सविता पाठक, अम्बरीश पाण्डेय सहित अन्य उपस्थित रहे।

# ओवरलोडेड ट्रक का फटा टायर दो घंटे तक लगा लंबा जाम



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जरवल क्षेत्र में घाघरा घाट पुल पर गुरुवार दोपहर एक बड़ी दुर्घटना टल गई। गोंडा से लखनऊ जा रहे एक ओवरलोडेड ट्रक के पिछले दोनों टायर अचानक तेज धमाके के साथ फट गए। चालक की सूझबूझ से ट्रक को नियंत्रण में कर लिया गया।घटना के बाद पुल पर अफरातफरी मच गई। पुल के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलते ही जरवल थाना प्रभारी संतोष सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।पुलिस ने यातायात व्यवस्था को सुचारू करने के लिए कड़ी मेहनत की। दोनों तरफ से एक-एक करके वाहनों को निकाला गया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद स्थिति सामान्य हो सकी। इस दौरान पुल पर यातायात बाधित रहा।

# भूसे की तरह बैठाया जा रहा है स्कूली बच्चों को परिवहन विभाग कार्रवाई करने में लापरवाह

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर परिव हन विभाग,स्कूल प्रबंधन, परिजन पूरी उदासीन हैं। स्कूली वाहनों के मानकों,नियमों का कोई पालन नहीं कराया जाता है। स्कूली बच्चे ई- रिक्शा,आटो टेम्पो से स्कूल आ जा रहे इसे कोई रोकने टोकने वाला नहीं है। आरटीओ प्रव र्तन के अधिकारी से लेकर टीम तक स्कूली वा हनों की जांच के नाम महज खानापूर्ति तक सी मित है। आए दिन ओवरलोड़ से हादसे हों रहे है लेकिन फिर भी परिवहन विभाग कुम्भकर्णी नी द से नहीं जाग रहा है।

ई- रिक्शा से लेकर प्राइ वेट वैन व टेम्पो संचालक बेखौफ नियमों का खुला उल्लंघन कर स्कूली बच्चों को भूसे की तरह ठूंसकर स्कूल ले जाते और लाते है जिन पर आरटीओ प्रवर्तन टीम की कोई नजर नहीं पड़ती है।ना ही कभी जांचकर धरपकड़ की जा ती है। जबकि बिना परमिट, फिटनेस के वाहनों के अलावा अन्य वाहनों से बच्चों को स्कूल पहुं चाना और लाना पूरी तरह से प्रतिबंधित है फिर भी आरटीओ टीम की मेहरबानी से




नियमों को दरकिनार कर खुलेआम संचालन कर रहे है जो परिवहन विभाग के लिए चुनौती हैं।इन वाहनों पर किसी प्रकार अंकुश नहीं लग रहा है,गुरुवार को भी प्राइवेट टेम्पो और ई-रिक्शा से बच्चे स्कू ल जाते दिखे।ऐसे सैकड़ों प्राइवेट वैन गोण्डा जिले में धड़ल्ले से सड़कों पर चल रहे हैं जो बि ना परमिट,फिटनेस टैक्स दिए स्कूली बच्चों को लेकर फर्राटा भर रहे हैं जिनसे रोजाना दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। इन वाहनों के चालक भी अनाड़ी होते हैं जो हादसों को बढ़ा वा दे रहे हैं।

## एसएसबी ने कतर्नियाघाट में लगाया मेडिकल कैंप, बांटी दवाएं



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** कतर्नियाघाट जंगल क्षेत्र में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने एक विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। यह शिविर 70वीं वाहिनी एसएसबी लखीमपुर खीरी द्वितीय द्वारा मटेही गांव में लगाया गया। शिविर में एसएसबी के डॉक्टर दिनेश कुमार ने 95 ग्रामीणों की जांच की। सभी मरीजों को मुफ्त दवाएं दी गईं। पशु चिकित्सा विभाग में डॉक्टर विनोद कुमार वर्मा ने 200 पशुओं का नि:शुल्क इलाज किया। निशानगाड़ा कैंप के निरीक्षक उपेंद्र कुमार मिश्रा ने इस आयोजन का नेतृत्व किया। यह शिविर बी समवाय निशानगाड़ा के कार्यक्षेत्र में आयोजित किया गया। चिकित्सा शिविर में लोगों के इलाज के साथ ही उन्हें घरों के आसपास साफ सफाई को लेकर जागरूक किया गया। जवानों ने जागरूकता में लोगों को सन्देश दिया कि साफ सफाई रखने से लोग स्वस्थ रहेंगे साथ ही लोगों में किसी प्रकार की बीमारी नही फैलेगी।

# कारीकोट को मिला अन्तर्राष्ट्रीय सम्मान, पर्यटन का मॉडल गाँव बना उत्तर प्रदेश का गौरव

**13 सितम्बर को सीडीओ, ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव होंगे सम्मानित**





**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश पर्यटन के ग्रामीण पर्यटन अभियान के अंतर्गत विकसित हो रहा विज़िट कारीकोट अभियान अब अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बना रहा है। कारीकोट गाँव को वर्ष 2025 के लिए प्रतिष्ठित आईसीआरटी इण्डिया सबकान्टिनेंट अवार्ड्स 2025 अन्तर्गत ''पीस एण्ड अंडरस्टैंडिंग'' (शांति एवं आपसी समझ) श्रेणी में सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार आगामी 13 सितम्बर, 2025 को बी.एल.टी.एम. द्वारिका, नई दिल्ली में आयोजित समारोह में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र एवं ग्राम प्रधान तथा ग्राम पंचायत सचिव को प्रदान किया जाएगा।भारत-नेपाल सीमा तथा कतर्नियाघाट वन्यजीव अभ्यारण के समीप स्थित कारीकोट ग्राम ने सामुदायिक नेतृत्व के माध्यम से पर्यटन को शांति, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक विविधता और पर्यावरणीय संतुलन का साधन बनाया है। यहाँ थारू समुदाय, हिन्दू, सिख और मुस्लिम परिवार मिलकर ग्रामीण पर्यटन को समावेशी और सतत रूप दे रहे हैं। ग्राम कारीकोट को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए ग्रामीण होमस्टे व फार्मस्टे को बढ़ावा देकर महिलाओं व युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना। वन्यजीव पर्यटन व बॉर्डर टूरिज्म के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षित कर आजीविका और जागरूकता के अवसर तथा प्राकृतिक खेती और लोक उत्सवों से गाँव की पारंपरिक जीवनशैली के संरक्षण जैसी शुरूआती पहल से न केवल ग्रामीण आजीविका को नया आयाम दिया है बल्कि कारीकोट को भारत में सामुदायिक आधारित पर्यटन का आदर्श मॉडल बना दिया है। कारीकोट के पूर्व प्रधान एवं ग्राम सुधारक केशव राम का कहना है कि ÷हम कॅरिकोट को एक समावेशी और सतत ग्रामीण गंतव्य बनाएँगे, जहाँ ग्रामीण होमस्टे, वन्यजीव पर्यटन, सीमा पर्यटन, प्राकृतिक खेती व फार्मस्टे को बढ़ावा दिया जाएगा। थारू जीवनशैली का उत्सव मनाया जाएगा और हिन्दू, थारू, सिख तथा मुस्लिम समुदायों का सहअस्तित्व एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करेगा। वहीं विज़िट कारीकोट अभियान के परियोजना क्यूरेटर अनन्त प्रसाद का कहना है कि कारीकोट उत्तर प्रदेश पर्यटन के विशाल ग्रामीण पर्यटन अभियान का ध्वजवाहक बनने जा रहा है और सामुदायिक आधारित पर्यटन का एक आदर्श मॉडल सम्पूर्ण भारत के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

उत्तर प्रदेश की सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीण पर्यटन को प्रदेश की नई पहचान बनाया जाए। सरकार का मानना है कि गाँव केवल कृषि और परंपराओं के केंद्र नहीं, बल्कि सांस्कृतिक धरोहर, प्राकृतिक सौंदर्य और सामाजिक समरसता के जीवंत प्रतीक हैं। इसी सोच के साथ चरणबद्ध तरीके से चलाए जा रहे ग्रामीण पर्यटन अभियान के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न गाँवों को ÷आकर्षण के नए केंद्र÷ के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहाँ पर्यटक न केवल प्रकृति और परंपराओं से जुड़ सकें बल्कि स्थानीय युवाओं और महिलाओं को भी रोजगार और आजीविका के अवसर प्राप्त हों। यह सम्मान इस बात का प्रमाण है कि जब समुदाय नेतृत्व करता है और पर्यटन साधन बनता है, तब गाँव न केवल बदलते हैं बल्कि अन्तर्राष्ट्रीय पहचान भी हासिल करते हैं।

# नेपाल में हिंसक प्रदर्शन का असर भारतीय सीमावर्ती बाजारों पर,व्यापार ठप

- रुपईडीहा बाजार में 90 प्रतिशत कारोबार नेपाली ग्राहकों पर निर्भर



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

नेपाल में सरकार विरोधी प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा का प्रभाव भारत-नेपाल सीमा से लगे बाजारों पर दिखाई दे रहा है। बहराइच के रुपईडीहा बाजार में इन दिनों सन्नाटा पसरा हुआ है।

रुपईडीहा के व्यापारियों के अनुसार, उनका 90 प्रतिशत व्यापार नेपाली ग्राहकों पर निर्भर करता है। सामान्य दिनों में हजारों नेपाली नागरिक यहां से दैनिक उपयोग की वस्तुएं खरीदने आते हैं। इससे दोनों देशों के सीमावर्ती बाजारों की आर्थिक स्थिति मजबूत रहती है। स्थानीय व्यापारी हसन रिजवी ने बताया कि नेपाल में बिगड़े हालात के कारण ग्राहकों का आना-जाना बंद हो गया है। इससे यहां का व्यापार पूरी तरह ठप हो गया है। दुकानदार खाली बैठे हैं और उन्हें अपनी रोजी-रोटी की चिंता सताने लगी है। व्यापारी समुदाय को उम्मीद है कि नेपाल में स्थिति जल्द सामान्य होगी और बाजारों में फिर से रौनक लौटेगी।



## गायत्री तीर्थ हरिद्वार से निकली ज्योति कलश यात्रा,भक्तों ने किया स्वागत

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** हरिद्वार के शांतिकुंज से निकली ज्योति कलश यात्रा बृहस्पतिवार को पयागपुर पहुंची। गायत्री परिवार के सदस्यों ने फूल मालाओं से यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान गायत्री माता के जयकारे भी लगाए गए। गायत्री परिवार के ज्ञान प्रकाश शुक्ला ने बताया कि यह यात्रा वंदे माता भगवती के जन्म शताब्दी के अवसर पर निकाली गई है।इसका उद्देश्य मानवता का संदेश घर-घर तक पहुंचाना है। यह यात्रा विश्व भर में जाएगी और जगह-जगह सत्संग का आयोजन होगा। स्वागत कार्यक्रम में दिनेश कुमार, विपिन कुमार, मालिकराम शर्मा, ईश्वरदीन सिंह, बसंत सिंह, राज किशोर तिवारी, प्रेमचंद, अनुराग कश्यप और शिखा शुक्ला सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के सदस्य मौजूद रहे। ज्ञान प्रकाश शुक्ला ने आगे बताया कि नव चेतना विस्तार केंद्र भूपगंज बाजार पर सत्संग होगा। इसके बाद ज्योति कलश यात्रा पहलवारा देवरिया की ओर प्रस्थान करेगी।

# अवैध पार्किंग का अड्डा बना जीवनदीप हॉस्पिटल

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

सर्कुलर रोड जीवनदीप हॉस्पिटल के सामने सड़क किनारे फुटपाथ पर जीवनदीप हॉस्पिटल में आने वाले मरीजों की गाड़ियां हाइवे के फुटपाथ पर बेतरतीब तरीके से खड़ी गाड़ियां दुर्घटनाओं को दावत दे रहे हैं।हालात ऐसे हैं कि सर्कुलर रोड पर लोगों ने सड़क के किनारे को गाड़ियों की पार्किंग बना लिया है। जगह कम होने के कारण कई बार यहां सड़क दुर्घटना हो चुकी है।

यहां तक की सड़क दुर्घटना में मौत भी हो चुकी है।यह इलाका नगर पालि का में शामिल हो है फिर भी न तो नगर पालिका और न जिला प्रशासन इस तरफ ध्यान दे रहा है। सड़क पर दोनों तरफ अतिक्रमण लोगों को दर्द दे रहा है। हॉस्पिटल की पार्किंग होने से सड़क तक गाड़ियां खड़ी होती हैं। सूत्रों के मुताबिक फातिमा स्कूल आने वाले बच्चों को छुट्टी के समय घर जाते समय एक बड़ी समस्या होती है।नगर पालिका परिषद से लेकर जिला प्रशासन तक कुछ भी करने को तैयार नहीं है।कई बार लोगों ने इस समस्या को उठाया और अफसरों का दरवाजा खटखटाया लेकिन आज तक सुनवाई नहीं हुई। लोगो का कहना है कि



वाहनों को सड़क के किनारे खड़ा कर हॉस्पिटल संचालक वाहनों को अपने पार्किं ग में खड़ा करवाना चाहिए। इससे दुर्घटना होने का खतरा टल जाएगा।हॉस्पिटल संचालक अवै ध रूप से सड़क को पार्किंग बनाकर वाहनों को खड़ा किया जा रहा है। रविंद्र कुमार ने बताया कि हमें रोज इस रास्ते से गुजरना पड़ता है। लड़कियों और स्कूल के बच्चों के लिए यह रास्ता असुरक्षित हो गया है। पैदल चला मुश्किल है। फातिमा स्कूल में जब छुट्टी होती है तो वाहनों की कतार और लंबी हो जाती है। उस समय हालात और बिगड़ जाते हैं। कोई ट्रैफिक व्यवस्था नहीं होती।ओमप्रकाश ने बताया कि पैदल चलने वालों के लिए न फुट पाथ है और न कोई सुरक्षा। यहां रोज जाम लग ता है।जो काफी देर तक बना रहता है। ट्रैफिक पुलिस आती है तो मात्र खानापूर्ति कर चली जाती है।

# जल शक्ति मंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की सुनीं समस्याएं



- अधिकारियों के साथ घाघरा बैराज का किया निरीक्षण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

मिहींपुरवा में स्थित चौधरी चरण सिंह घाघरा बैराज का गुरुवार को सिंचाई एवं जल संसाधन व बाढ़ नियंत्रण मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने निरीक्षण किया। मंत्री दोपहर 2:30 बजे बैराज पहुंचे। थाना सुजौली क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंत्री का स्वागत किया।वरिष्ठ भाजपा नेता घूरे प्रसाद मौर्य, मंडल अध्यक्ष संजय मौर्य समेत कई नेताओं ने उन्हें अंगवस्त्र और बुके भेंट किए। सुजौली क्षेत्र के 20 से अधिक गांवों के प्रतिनिधियों ने घाघरा-सरयू नदी की बाढ़ और कटान से जुड़ी समस्याएं मंत्री के समक्ष रखीं। मंत्री ने विभागीय कार्यकारी अभियंता से इस मामले की जानकारी ली और समस्या के समाधान का आश्वासन दिया।त्री ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष से बैराज का मुआयना किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ आधे घंटे की समीक्षा बैठक की।

इसके बाद बैराज की नहरों और नदियों का पैदल निरीक्षण किया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद्र, एसडीएम रामदयाल, सीओ हर्षिता तिवारी मौजूद थे। सिंचाई विभाग से प्रमुख सचिव अनिल गर्ग, एचओडी संदीप कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## नेपाल जेल से भागकर आए चार कैदी,नेपाल पुलिस को सौंपा, चेकपोस्ट पर एसएसबी ने पकड़ा




**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** नेपाल में सरकार विरोधी प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा और आगजनी में कई जेलों से हजारों कैदी फरार हो गए थे। इनके भारत में प्रवेश की आशंका को देखते हुए सीमा पर एसएसबी जवान अलर्ट पर थे। बहराइच के रुपईडीहा चेकपोस्ट पर तैनात एसएसबी की 42वीं वाहिनी के जवानों ने नेपाल से भागे चार कैदियों को सीमा में प्रवेश करते समय पकड़ लिया। एसएसबी और स्थानीय पुलिस ने पूछताछ के बाद सभी को रात 11 बजे नेपाल पुलिस के हवाले कर दिया। नेपाल में बिगड़े हालात के मद्देनजर सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। एसएसबी और पुलिस की संयुक्त टीम सीमा से लगे इलाकों में लगातार गश्त कर रही है। एसएसबी कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने कैदियों को नेपाल पुलिस को सौंपने की पुष्टि की है।

# शिक्षामित्रों के कैशलेस इलाज की घोषणा, विधायकों का सम्मान

- शिक्षामित्रों ने सीएम योगी का किया धन्यवाद

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले में शिक्षक दिवस पर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शिक्षामित्रों के मानदेय में वृद्धि और कैशलेस इलाज योजना की घोषणा के बाद शिक्षामित्रों ने विधायकों का सम्मान किया।

उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के प्रांतीय प्रवक्ता और जिलाध्यक्ष शिवश्याम मिश्रा के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महसी विधायक सुरेश्वर सिंह और सदर विधायक अनुपमा जायसवाल



को माल्यार्पण कर प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। शिक्षामित्रों ने अपनी लंबित समस्याओं के समाधान की मांग भी रखी। प्रांतीय प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणाओं से शिक्षामित्रों का मनोबल बढ़ा है। विधायकों के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आभार संदेश भी भेजा गया।कार्यक्रम का संयोजन जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह और जिला महिला प्रभारी तृप्ति सिंह ने किया। इस मौके पर शिवपुर के अध्यक्ष जीत कुमार यादव, तेजवापुर के अध्यक्ष प्रदीप अवस्थी, हुजूरपुर के अध्यक्ष गिरीश जायसवाल समेत पुष्पा श्रीवास्तव, सतीश यादव, ममता मिश्रा, अंजू मौर्य और नीतू पांडे सहित सैकड़ों शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### पूर्ति निरीक्षक पर प्रधान प्रतिनिधि ने लगाए पैसे लेकर राशन कार्ड बनाने का आरोप

**महराजगंज, रायबरेली।** पूर्ति निरीक्षक अमित पांडेय व प्रधान प्रतिनिधि नीरज के बीच अतरेहटा ग्राम पंचायत में अधिकारियों के सामने मीटिंग के दौरान गरमा गरम बहस हो गई थी और वीडियो वायरल हो गया था। बुधवार को महराजगंज विकासखंड के अतरेहटा गांव में बनाए गए अन्नपूर्णा मॉडल शाप के उद्घाटन के दौरान प्रधान प्रतिनिधि नीरज कुमार व पूर्ति निरीक्षक मुकेश पाण्डेय में गरमा गरम बहस हो गई प्रधान प्रतिनिधि ने राशन कार्ड कटवाने व राशन कार्ड में यूनिट बढ़ाने के नाम पर वसूली का आरोप पूर्ति निरीक्षक पर लगाया वही मामला बढ़ता देख क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। इस मामले को लेकर जनता के बीच तमाम तरह के कायस लगाए जा रहे थे। वही आज जब ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अतरेहटा नीरज कुमार ने बताया कि पूर्ति निरीक्षक के द्वारा राशन कार्ड बनवाने पर पात्र व्यक्तियों को जब लेकर जाता हूं तो पैसे की मांग करते हैं रु. 500 एक राशन कार्ड पर पूर्ति निरीक्षक मांगते हैं और रु. 200 ऑपरेटर को देने की बात कहते हैं अगर पैसा ना दो तो कागज को कूड़े के दान में फेंक देते हैं। पूर्ति निरीक्षक की शिकायत मै उच्च अधिकारियों से करूंगा और साथ में मुख्यमंत्री को भी मामले से अवगत कराऊंगा।

### निःशुल्क नेत्र शिविर का हुआ आयोजन



**बिसवां (सीतापुर)।** जेसीआई सप्ताह के तहत तहसील परिसर में निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया गया, जिसमें कस्बे व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए 118 लोगों की जांच की गई। शिविर का शुभारंभ उप जिलाधिकारी शिखा शुक्ला ने किया और स्वयं भी नेत्र जांच कराई। कार्यक्रम का संचालन शकुंतला आई क्लीनिक के डॉ. लव मिश्रा व उनकी टीम ने किया। संस्था के अध्यक्ष अंकित बंसल व सचिव आयुष नाथ सिंह ने बताया कि जेसीआई स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए संकल्पित है। शिविर में तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी, लॉयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेन्द्र बाजपेई, डॉ सुरभि मिश्रा, हिमांशु नाथ सिंह, अरुण नाथ सिंह, वांछित शर्मा, नितिन मंगल, सौरभ बंसल प्रभात गोयल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### उच्च स्तरीय टीम ने रेडिको खेतान लिमिटेड का किया निरीक्षण



**बिसवां।** सीतापुर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंत्र विकसित उत्तर प्रदेश एवं आत्मनिर्भर भारत को साकार करने की दिशा में गठित उच्च स्तरीय टीम ने रेडिको खेतान लिमिटेड, कंदुनी, बिसवां, सीतापुर स्थित औद्योगिक इकाई का दौरा को किया। दौरे का नेतृत्व प्रवीर कुमार (सेवानिवृत्त आईएएस) ने किया। इस अवसर पर पी. गुरुप्रसाद (प्रमुख सचिव, राजस्व), सीतापुर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, मुख्य विकास अधिकारी अपर्णा ऐश्वर्या सहित कई गणमान्य अधिकारी मौजूद रहे। टीम ने फैक्ट्री परिसर में पहुँचकर 350 के एल डी क्षमता वाली डिस्टिलरी तथा अत्याधुनिक बॉटलिंग यूनिट का निरीक्षण किया। यहाँ चल रही विनिर्माण गतिविधियों एवं तकनीकी प्रबंधन का विस्तृत अवलोकन किया गया। फैक्ट्री परिसर में टीम का स्वागत एच.एस. शुक्ला और अंशु श्रीवास्तव ने किया। कंपनी के मानव संसाधन अधिकारी अजय कुमार गोस्वामी ने संस्थान की सी यस आर योजनाओ स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं ग्रामीण विकासके बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में समाजसेवी शरद चौधरी की भी विशेष उपस्थिति रही। टीम ने रेडिको प्रबंधन की सराहना करते हुए इसे उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास का मजबूत स्तंभ बताया। साथ ही कंपनी से प्रदेश में और अधिक निवेश का आग्रह किया तथा आश्वस्त किया कि उत्तर प्रदेश सरकार एवं प्रशासन हरसंभव सहयोग और आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

### आबकारी विभाग ने पकड़ी 55ली अवैध कच्ची शराब



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में जनपद में गठित टीम द्वारा ग्राम-अन्नी बैजल, धनापुर, चतुरीपुर, इमली गांव, व लक्ष्मण का पुरवा में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान आबकारी क्षेत्र-गौरीगंज में थाना-गौरीगंज के अंतर्गत ग्राम-धनापुर, अन्नी बैजल से कुल-55लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई व 250कि ग्राम महुआ लहन मौके पर नष्ट किया गया इस कार्यवाही में 3अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया। साथ ही ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण, बेचने व रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई व आबकारी दुकानों का निरीक्षण किया गया। उक्त कार्यवाही में आबकारी निरीक्षक पंकज विवेक आबकारी क्षेत्र-गौरीगंज व आबकारी स्टॉफ-अमित कुमार सिंह, अजीत कुमार सिंह, पुष्पेंद्र कुमार व प्रीती पाल महिला आबकारी सिपाही व प्रधान आबकारी सिपाही सम्मलित रहे।

### एंटी करप्शन टीम ने लेखपाल को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** बुधवार शाम जनपद के पीपरपुर थाना क्षेत्र के दुर्गापुर बाजार स्थित एक निजी कार्यालय में एंटी करप्शन टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तहसील अमेठी में तैनात लेखपाल अमित कुमार को 8 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार, इस्माइलपुर बड़ागांव ग्राम पंचायत नगरडीह निवासी बाबूलाल पाल से जमीन संबंधी कार्य निपटाने के एवज में लेखपाल ने घूस की मांग की थी। पीड़ित ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन टीम से की। शिकायत की पुष्टि होने के बाद टीम ने जाल बिछाया और तयशुदा स्थान पर पैसे लेते ही आरोपी को धर दबोचा। बताया जा रहा है कि यह रिश्वत राजस्व निरीक्षक के निजी कार्यालय पर ली जा रही थी। जैसे ही लेखपाल ने रकम हाथ में ली, मौके पर मौजूद टीम ने उसे पकड़ लिया और बरामद राशि को अपने कब्जे में ले लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी लेखपाल को हिरासत में लेकर कोतवाली पीपरपुर लाया गया है। यहां उससे पूछताछ की जा रही है और आगे की कानूनी कार्यवाही की जा रही है। एंटी करप्शन टीम की इस कार्रवाई से तहसील क्षेत्र के अन्य कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है।

### पुलिस कार्यालय सभागार में अपराध गोष्ठी का हुआ आयोजन



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** बुधवार को देर रात पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा पुलिस कार्यालय सभागार गौरीगंज में अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह, अमेठी मनोज कुमार मिश्रा, गौरीगंज अखिलेश वर्मा तथा क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र, पुलिस उपाधीक्षक श्वेताभ भास्कर व जनपद के समस्त थानों के प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष के साथ अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। अपराध गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पाबन्दी की कार्यवाही, गुण्डा, जिलाबदर एवं हिस्ट्रीशीटर आदि पर सतर्क दृष्टि रखने, महिला संबन्धी अपराधों की रोकथाम व अभियान चलाकर अपराधियों की गिरफ्तारी तथा रात्रिगश्त को बढाने, बाजारों, चौराहों, सर्राफा की दुकानों, बैंकों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं, दो पहिया, चार पहिया वाहनों व मोटरसाइकिल पर नई उम्र के लड़कों की चेकिंग आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।

### 1098 की तत्परता से बिहार के दो बच्चे सुरक्षित परिजनों से मिले



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की सक्रियता से बिहार के दो बच्चों को उनके परिजनों से सुरक्षित मिलाया गया है। चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि हेल्पलाइन टीम की सदस्य रुचि सिंह एवं रोशन लाल ने थाना जगदीशपुर क्षेत्र से दोनों बच्चों को रेस्क्यू किया। बच्चों से पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे जिला बेगूसराय, बिहार के रहने वाले हैं। टीम द्वारा गहन खोजबीन के बाद पता चला कि बच्चे थाना बछवारा, जिला बेगूसराय के निवासी हैं। तत्पश्चात बच्चों के माता-पिता से वर्चुअल माध्यम से संपर्क कर उन्हें बुलाया गया तथा आवश्यक दस्तावेजों की जांच के बाद बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बाल कल्याण समिति ने विधिक प्रक्रिया पूरी कर बच्चों को उनके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया।

# आम आदमी की पुकार... जिले का विकास चाहिए आरोप प्रत्यारोप नहीं

- राजनीतिक उठा पटक के बाद दिशा की बैठक संपन्न
- हाइड्रोजन बम फूटेगा तो सारा साफ हो जाएगा: राहुल गांधी

**सुशील सिंह**



**रायबरेली।** रायबरेली में बचत भवन में दिशा की बैठक को संबोधित करने के बाद, कांग्रेस नेता राहुल गाँधी ने भारतीय जनता पार्टी भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि भाजपा बिहार, हरियाणा और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में वोट चोरी के माध्यम से सरकारें बना रही है। राहुल गाँधी ने कहा कि उनकी पार्टी ने इसके काले और सफेद सबूत पहले ही पेश कर दिए हैं। उन्होंने भाजपा पर उत्तेजित होने का आरोप लगाते हुए एक आक्रामक रूप का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा बीजेपी के लोग एजीटेट हो रहे हैं, वह एजीटेट न हो, जब हाइड्रोजन बम आएगा तो पूरा साफ हो जाएगा।इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द ही एक और बड़ा एटॉमिक एक्सप्लोजन होगा, जिसे आमतौर पर भाजपा के खिलाफ और अधिक जोरदार खुलासे की संभावित कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है। यह बयान चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ी पर गंभीर आरोपों को उजागर करता है और राजनीतिक बहस में बढ़ती तीखी प्रतिस्पर्धा को दर्शाता है। भाजपा अब इसका क्या जवाब देगी ये आने वाले समय मे पता चलेगा।

**पत्रकार के सवाल को मोड़ दिया राहुल ने:** दिशा की बैठक समाप्त होने के बाद जब राहुल गांधी जाने के लिए निकले तो पत्रकार दीर्घा में बैठे पत्रकारों ने आवाज लगाई राहुल जी आज की बैठक के बारे में दो शब्द बोल दीजिए राहुल गांधी पत्रकार दीर्घा के पास पहुंचे और वोट चोरी के मुद्दे के बारे में बताने लगे, वही जब पत्रकारों ने विकास को लेकर और जिले की सड़कों के बारे में सवाल पूछा तो उन्होंने कहा कि हाइड्रोजन बम फूटेगा तो सारा साफ हो जाएगा इस के बाद बिना कोई और जवाब दिए चले गए।

### पूर्व मंत्री मनोज पांडे ने दिशा की बैठक का किया बहिष्कार



नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की अध्यक्षता में शुरू हुई दिशा की बैठक शुरू होने से पहले ही पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक मनोज कुमार पण्डेय ने दिशा की बैठक का बहिष्कार कर बाहर निकल आए। विधायक मनोज पाण्डेय ने कहा राहुल गाँधी की अध्यक्षता की बैठक में पहले प्रधानमंत्री की माँ को जो बिहार में गाली दी गयी थी उस पर निंदा प्रस्ताव कराया जाय पारित। मनोज पण्डेय का कहना कि बैठक में प्रस्ताव नही पारित होने दिया गया जिससे नाराज मनोज पांडेय दिशा की बैठक शुरू होने के चंद मिनट में बाहर आकर अपनी बात मीडिया से कही। उन्होंने कहा राहुल गाँधी ने एक बार भी सांसद होने के नाते रायबरेली की समस्याओं को कही भी नहीं उठाया।

### बयानबाजी और गुमराह की राजनीति नहीं होने दी जाएगी: दिनेश प्रताप सिंह



दिशा की बैठक खत्म होने के बाद यूपी सरकार के राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने मीडिया से बातचीत की और कांग्रेस समेत राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। दिनेश ने कहा कि कांग्रेस अब केवल बयानबाज़ी और गुमराह करने की राजनीति कर रही है। राहुल गांधी हर मुद्दे पर सिर्फ आरोप लगाते हैं, जबकि प्रदेश और केंद्र सरकार जनता के विकास के लिए काम कर रही है। राहुल गाँधी और उनके सहयोगी के एल शर्मा अपने पीछे चार चार लोगों को लेकर बैठते हैं, ताकि सरकार व अधिकारियों की कमियां निकाल सके। केंद्र सरकार और यूपी सरकार में अधिकारी अपना काम सही तरीके से कर रहे हैं, कोई कमी नहीं निकाल सकता है। राहुल गांधी और कांग्रेस सिर्फ नकारात्मक राजनीति कर रहे हैं, जनता अब उन्हें पूरी तरह नकार चुकी है।

# निष्क्रिय पड़े एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र

**डलमऊ, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

- कचरा निस्तारण केंद्र बने शोपीस, आरआरसी सेंटरों पर नहीं एकत्र हो रहा कूड़ा



केंद्र एवं राज्य सरकार स्वच्छता को लेकर जहां गंभीर दिखाई पड़ रही है वही जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं सरकार स्वच्छता को लेकर भारतीय रिजर्व बैंक की मुद्रा पर महात्मा गांधी के चश्मे पर स्वच्छ भारत का लोगो लगाकर एक कदम स्वच्छता की ओर का संदेश दे रही है और स्वच्छ भारत मिशन के तहत करोड़ों रुपए खर्च कर स्वच्छता अभियान चला रही है लेकिन वहीं दूसरी ओर डलमऊ विकासखंड के जिम्मेदार अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्राम प्रधान सरकार के महत्वाकांक्षी अभियान को पलीता लगा रहे हैं डलमऊ विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायत में गांव को साफ सुथरा बनाए रखने के लिए कूड़ा निस्तारण केंद्र बनाया गया है वही घर-घर कूड़ा एकत्र करने के लिए कचरा वाहन उपलब्ध कराए गए हैं लेकिन जमीनी स्तर पर देखा जाए तो कूड़ा सेंटर महज शोपीस बनकर रह गए हैं और कचरा गाड़ी कबाड़ हो चुकी है। कचरा सेंटरों पर कूड़ा की जगह झाड़ियां दिखाई पड़ती हैं ग्राम पंचायतों में बनाए गए एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र (आरआरसी) पूरी तरह से निष्क्रिय हो चुके हैं। गीले और सूखे कचरे के पृथकीकरण के लिए कूड़ा निस्तारण केंद्रों का निर्माण किया गया था। लेकिन इन आरआरसी सेंटरों पर गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण और निपटान का कोई कार्य दिखाई नहीं पड़ता है वही सरकार द्वारा कचरा सेंटरों तक कूड़ा पहचाने के लिए गाड़ियां भी उपलब्ध कराई गई थी जो अब लगभग कबाड़ हो चुकी है इन केदो के शुरू होने से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था पर सुधार आने की संभावना थी जिसमें कूड़ा गाड़ी घर घर जाकर कचरा एकत्र करेगी और सारा कचरा आरआरसी सेंटर पर लाकर कूड़े का निस्तारण किया जाएगा इस योजना से ग्रामीणों में स्वच्छता की अलख जगी थी की गांव में साफ सफाई एवं गंदगी से होने वाली बीमारियों से छुटकारा मिल जाएगा लेकिन जमीनी स्तर पर कूड़ा निस्तारण केंद्र शोपीस बनकर रह गए हैं अधिकतर ग्राम पंचायत का यह हाल है कि नियमित रूप से कूड़े एवं कचरा का संग्रह नहीं किया जा रहा है और न ही कोई ठोस कार्य प्रणाली अस्तित्व में दिखाई पड़ रही है इससे सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत मिशन को तगड़ा झटका लग रहा है। पंचायतीराज विभाग द्वारा करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी इन केंद्रों का उपयोग ही नहीं हो रहा है। विकासखंड डलमऊ के अधिकतर ग्राम पंचायतों में स्थापित आरआरसी सेंटरों में कचरा संग्रह की व्यवस्था पूरी तरह से ठप पड़ी हुई है। खंड विकास कार्यालय में तैनात अधिकारियों एवं सफाई कर्मचारीयों की लापरवाही एवं उदासीनता के चलते ग्राम पंचायत में कचरा संग्रह का कार्य नहीं हो पा रहा है जिम्मेदार लोग स्वच्छता के नाम पर सरकारी धन का जमकर बंदरबांट कर रहे हैं इस संबंध में एडीओ डलमऊ कैलाश नाथ से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कूड़ा गाड़ी के लिए चालक नहीं मिल पा रहा है जिम्मेदारों का वेतन रोका जाएगा ग्राम प्रधान एवं सचिव को नोटिस जारी किया जाएगा।

### खेत में महिला से गैंग रेप, दबंगों ने दी जान से मारने की धमकी

**महराजगंज रायबरेली।** रायबरेली के महराजगंज थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। एक महिला शौच के लिए खेत गई थी। इसी दौरान बाइक पर सवार कुछ दबंग युवक पहुंचे और उसे जबरन पकड़ लिया। दबंगों ने महिला को खेत में घसीटकर ले गए और बारी-बारी से दुष्कर्म किया। विरोध पर पीड़िता को मारपीटा और जान से मार डालने की धमकी दी। किसी तरह घर लौटी महिला ने परिजनों को पूरी जानकारी दी। परिजन उसे तत्काल थाने ले गए, जहां पीड़िता ने आरोपी युवकों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है और आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

## युवा अधिवक्ता करें विधि का अध्ययन: जय नरायन पाण्डेय



**सीतापुर।** बार काउन्सिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य एवं पूर्व उपाध्यक्ष जय नरायन पाण्डेय एडवोकेट ने गुरूवार को सीतापुर जनपद की तहसील सिधौली व दीवानी कचेहरी सीतापुर का भ्रमण कर अधिवक्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होनें न सिर्फ अधिवक्ता के हित में बार काउन्सिल आफ उत्तर प्रदेश द्वारा सुविधाओं की जानकारी दी बल्कि नये अधिवक्ताओं को विधिक क्षेत्र में निरन्तर अध्यययन करने की सलाह दी। भ्रमण के दौरान अधिवक्ताओं विधि व्यवसाय में आ रही समस्याओं से रूबरू कराया जिस पर उन्होंने शीघ्र ही निस्तारण कराये जाने की बात कही। अधिवक्ता जय नरायन पाण्डेय का बार एसोसिएशन सीतापुर के अध्यक्ष विजय अवस्थी, महासचिव दिनेश त्रिपाठी समेत पदाधिकारियों ने माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह भेट कर अभिनन्दन किया गया। इस मौके पर आत्रेय अभिषेक चौबे, आशीष तिवारी, अंकित मंगल सिंह, अनूप त्रिपाठी, सूरज राय, लाल बहादुर श्रीवास्तव आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## खतरे के निशान के करीब पहुंचा गंगा का जलस्तर

**डलमऊ, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही झमाझम बारिश एवं नरौरा बांध से छोड़े गए पानी से गंगा के जलस्तर में लगातार बढ़ोत्तरी दर्ज की जा रही है लगातार बढ़ते गंगा के जलस्तर से तटीय क्षेत्र के लगभग एक दर्जन से अधिक गांव के ग्रामीणों में भय का माहौल है केंद्रीय जल आयोग कार्यालय डलमऊ के अनुसार गंगा का जलस्तर मंगलवार को शाम 5:00 बजे 98.900 सेंटीमीटर था और बुधवार को शाम 5 बजे गंगा का जलस्तर बढ़कर 98.970 दर्ज किया गया वहीं गुरुवार को शाम लगभग 4:00 बजे गंगा का चलस्तर 99.000 पर पहुंच गया जो खतरे के निशान 99.360 से से कुछ ही सेंटीमीटर दूर है जिस हिसाब से गंगा के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है ऐसी स्थिति में गंगा का जलस्तर जल्द ही खतरे के निशान को पार कर जाएगा गंगा का जलस्तर खतरे के निशान की ओर बढ़ने से करीब एक दर्जन से अधिक गांव प्रभावित होने की कगार पर हैं गंगा के तटीय क्षेत्रों में बाढ़ का पानी नालों एवं तालाबों के जरिए गांव में पहुंचने से ग्रामीण भयभीत हो रहे हैं जिसके चलते ग्रामीण एवं किसानों की परेशानियां बढ़ने लगी है डलमऊ तहसील क्षेत्र के पूरे नया, रेवती सिंह, खपराताल, अम्बहा, पूरे डंगरी, जमाल नगर मोहद्दीनपुर, जहांगीराबाद में बाढ़ का पानी गांव पहुंच चुका है जिसके कारण बाढ़ प्रभावित गांवों में पशुओं के लिए हरे चारे की समस्या खड़ी हो गई है वहीं दूसरी और गंगा के बढ़ते जलस्तर से आई बाढ़ एवं तेज बहाव से श्मशान घाट डलमऊ में शव दाह संस्कार के लिए आ रहे शव यात्रियों को शवो का अंतिम संस्कार करने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है इसके साथ-साथ डलमऊ गंगा तट के लगभग सभी स्नान घाट पूरी तरह से जलमग्न हो चुके हैं तीर्थ पुरोहितों ने बताया कि इस समय पितृपक्ष के चलते प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग गंगा स्नान तर्पण एवं पिंडदान करने के लिए आते हैं गंगा में आई बाढ़ की वजह से पुरोहितों एवं श्रद्धालुओं को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है इस संबंध में उप जिला अधिकारी डलमऊ सतेंद्र सिंह ने बताया कि प्रतिदिन बाढ़ प्रभावित गांव का निरीक्षण किया जा रहा है राजस्व कर्मियों को बाढ़ प्रभावित इलाकों में निगरानी रखने के लिए कहा गया है बाढ़ से निपटने के लिए सारे इंतजाम किए गए हैं।

# खैराबाद नगरपालिका में बोर्ड मीटिंग हुई संपन्न

- टैक्सी स्टैंड एवं पार्किंग शुल्क उपविधि नियमावली पर सहमत बनी
- नगरपालिका अध्यक्षा बेबी गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई मीटिंग

**खैराबाद, सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**



नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक में सड़क, नाली निर्माण, प्रकाश, सफाई व्यवस्था व अन्य मूलभूत सुविधाओं तथा विकास कार्यो के लिए बैठक बुलाई गई। नगर पालिका परिषद खैराबाद की बोर्ड की विशेष बैठक नगर पालिका परिषद अध्यक्षा बेबी गुप्ता की अध्यक्षता में पूर्व निर्धारित तिथि व समय के अनुसार अपराह्न 03:00 बजे पूर्ण हुई।

मीटिंग में में बढ़े हुए ग्रह कर,जलकर,आदि पर सभासदों द्वारा समस्या को अधिशाषी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता,नगरपालिका अध्यक्षा बेबी को अवगत करवाया गया। पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता द्वारा सभासदों को आश्वास्त किया गया किसी को कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी तथा गृह कर पर लगे ब्याज/सरचार्ज को सर्व सम्मति से माफ कर दिया गया।

वही अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता ने सभा सदो से कहा गया आप लोग अपने अपने वार्डो की समस्याओं से अवगत करवाइये हम विधिक तरीके से उन समस्याओं का निस्तारण करवाएंगे। नई नियमावली के अनुसार टैक्स व्यवस्था लागू की गई है उसको अनुसार आपसभी अपना सहयोग व कार्य करे। जिसमें टैक्सी स्टैण्ट एवं पार्किंग शुल्क, विज्ञापन शुल्क व उपविधि सर्वसहमति से पारित किया गया। वहीं नगर की आधार भूत संरचना, सड़क, नाली, पेयजल व्यवस्था, जलनिकासी, साफ-सफाई एवं रोजगार सृजन हेतु चर्चा की गई है, जिसे की नगर चतुर्दिक विकास सम्भव हो सके,। अध्यक्ष महोदया द्वारा नगर के विकास में सहयोग एवं साथ-साथ चलने हेतु वार्ड सभासद गण का आभार प्रकट किया गया एवं तत्पश्चात सधन्यवाद बोर्ड की बैठक समाप्त हुयी। बोर्ड बैठक में सभासद विष्णु कुमार, हबीब, मुन्नी, युसुफ खॉ, उमेश, शबेनाज़, सुनील, फरजन्द अली, आलोक बाजपेई, राकेश चन्द्र, मो. मुर्सलीन, मोमिना, जफरयाब बेग, शकील अहमद, कविता, साबिर अली, हसीन अहमद, राशदुन निशां, नासरा बानों, रोशन जहॉ, महरून निशा व प्रेम शंकर गुप्ता अधिशासी अधिकारी, मनोज राना सफाई एवं खाद्य निरीक्षक एवं नदीम बाबू उपस्थित रहें।

### 95 ग्राम स्मैक के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार



**अमेठ, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को थाना जायस पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मोटरसाइकिल सवार 2 अभियुक्तों वकार उर्फ चाइना पुत्र लड्डन निवासी चौधराना थाना जायस व गुलजार पुत्र सईद अहमद निवासी हटिया जेर मस्जिद थाना जायस को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी से अभियुक्त वकार उर्फ चाइना के कब्जे से 55 ग्राम स्मैक एवं अभियुक्त कैफ के कब्जे से 40 ग्राम स्मैक बरामद किया गया है। मोटरसाइकिल के कागजात मांगने पर दिखा न सके। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना जायस पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## राज्यपाल द्वारा छात्रा करिश्मा को मिली एम टेक की डिग्री

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद के ग्राम पिंडारा ठाकुर पूरे कनपुरियन विकास खण्ड मुसाफिरखाना निवासी धर्मराज सेन की पुत्री करिश्मा को लखनऊ में महामहिम राज्यपाल आनंदी बेन पटेल द्वारा अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी में छात्रा को एम टेक इन रिमोट सेंसिंग ऐंड जियो इन्फॉर्मेटिक्स में एम टेक की डिग्री प्रदान की गयी। संबंधित छात्रा को महामहिम द्वारा सम्मान प्राप्त करने का यह द्वितीय अवसर है। इससे पहले छात्रा करिश्मा को डॉ राममनोहर लोहिया विश्वविद्यालय वर्ष 2023 में महोदया द्वारा ही गोल्ड मेडल एवं डिग्री प्रदान की गयी थी। छात्रा करिश्मा के इस करिश्मे पर इनके तमाम परिचितों ने खुशी का इजहार करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी है। उक्त छात्रा की इस सफलता पर हर्ष का इजहार करने करने वालों में शिवाजी, पत्रकार महेन्द्र सेन घनश्याम शर्मा व केपी सविता बौद्ध पूर्व प्रधानाध्यापक गौरीगंज, रचयिता बुद्ध चरित मानस प्रबंध काव्य आदि हैं।

## डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम गत बैठक में समिति द्वारा दिए गए निर्देशों की कार्यवाही की समीक्षा किया तथा जनपद में अवैध रूप से संचालित ई रिक्शा के विरुद्ध कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली एवं अधीक्षण अभियंता विद्युत, एआरटीओ, यातायात विभाग की संयुक्त टीम बनाकर जनपद में अवैध एवं अपंजीकृत रूप से संचालित ई रिक्शा के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि ई रिक्शा चार्जिंग को लेकर कहीं पर भी विद्युत चोरी ना हो और वैद्य कनेक्शन से ही ई रिक्शा चार्ज किए जाएं। सभी अधिशासी अधिकारियों को नगरीय निकायों में अनाधिकृत रूप से संचालित टैक्सी स्टैंड का संचालन पूर्णतः बंद करने के निर्देश दिए तथा टैक्सी स्टैंड हेतु भूमि का चिन्हांकन करते हुए बजट के लिए शासन को पत्र भेजने को कहा साथ ही छोटे-छोटे पिक एंड ड्रॉप स्टेशन भी बनाने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने स्कूलों में संचालित वाहनों के फिटनेस जांच एवं परिवहन के संबंध में जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि नियमित रूप से स्कूलों से सम्बन्धित वाहनों की फिटनेस व पेपर आदि की जांच की जाए साथ ही स्कूली वाहनों में क्षमता से ज्यादा छात्रों की जांच भी करें यदि किसी विद्यालय द्वारा क्षमता से अधिक बच्चों को वाहनों में बैठाया जाता है तो उनके विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में सड़क दुर्घटनाओं को न्यून करने के उद्देश्य से एआरटीओ व यातायात विभाग को संयुक्त रूप से नियमित अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने के साथ ही यातायात नियमों का पालन करने तथा नियमों का पालन न करने वालों के चालान आदि करने के भी निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ सूरज पटेल, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह, रमेश चंद्र, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश द्विवेदी, एआरटीओ महेश बाबू गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### डीएम ने की जनसुनवाई



**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि जनता की शिकायतों का समाधान प्राथमिकता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। डीएम ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में यदि लापरवाही बरती गई तो उत्तरदायित्व तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## राधाकृष्णन से उम्मीदें

इसमें दो राय नहीं कि भारत के पंद्रहवें उपराष्ट्रपति के रूप में सीपी राधाकृष्णन का चुनाव विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की संवैधानिक यात्रा में निरंतरता और परिवर्तन, दोनों का ही प्रतीक है। सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी राजग के उम्मीदवार के रूप में उन्होंने विपक्ष के साझा उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी को 152 मतों के बड़े अंतर से हराया। यह जीत राजग सरकार की विधायी शक्ति और संगठनात्मक अनुशासन को भी रेखांकित करती है। निस्संदेह, भाजपा के लिये, सीपी राधाकृष्णन का चयन एक रणनीतिक कदम भी है। तमिलनाडु के एक अनुभवी नेता, जिनकी आरएसएस में गहरी जड़ें रही हैं, ने पार्टी में महत्वपूर्ण नेतृत्वकारी भूमिकाएं भी निभाई हैं। वे पार्टी से दो बार लोकसभा के लिये सांसद चुने गए। राज्यपाल पद से उन्हें उपराष्ट्रपति पद के लिये पदोन्नत करके, एनडीए ने न केवल उनकी निष्ठा और अनुभव को पुरस्कार दिया है, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति में एक दक्षिण भारत के चेहरे को प्रतिष्ठा देकर अपने दूरगामी इरादों को भी जाहिर कर दिया है। जिसका एक सिरा भाजपा के दक्षिण भारत में अपना प्रभाव बढ़ाने के रूप में पार्टी की एक व्यापक महत्वाकांक्षा से भी जुड़ता है। उस महत्वपूर्ण राजनीतिक क्षेत्र में जहां उसे पारंपरिक रूप से चुनावी पैठ बनाने के लिए अब भी संघर्ष करना पड़ता है। उल्लेखनीय है कि सीपी राधाकृष्णन को राजग के उपराष्ट्रपति पद के लिये उम्मीदवार बनाने के निर्णय ने सबको चौंकाया था। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह निर्णय उनकी राजनीतिक स्मृति की विरासत को भी दर्शाता है। पार्टी के उन नेताओं का सम्मान करना, जिनकी पार्टी के कठिन वर्षों के दौरान की दृढ़ता ने आज की मजबूत भाजपा के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं उनका चुना जाना विपक्ष के राजग का सशक्त विकल्प बनाने के संघर्ष को भी उजागर करता है। उप राष्ट्रपति पद के चुनाव में हार का अंतर न केवल राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की ताकत को दर्शाता है बल्कि वहीं दूसरी ओर विपक्ष की फूट और क्रॉस-वोटिंग को भी दर्शाता है। बहरहाल, सीपी राधाकृष्णन का उप राष्ट्रपति पद के लिये चुना जाना विपक्ष के लिये एक सबक जैसा भी है। जो उसे याद दिलाता है कि प्रतीकात्मक मुकाबले एक सुसंगत रणनीति का विकल्प नहीं हो सकते। निर्विवाद रूप से उपराष्ट्रपति का पद केवल औपचारिक व्यक्ति से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। वे सांविधानिक पद सोपान में दूसरे सबसे ऊंचे पद पर तो आसीन होते ही हैं, राज्यसभा के पदेन सभापति के रूप में उनकी जिम्मेदारियां भी महत्वपूर्ण होती हैं। राज्यसभा के पदेन सभापति के रूप में उन्हें उच्च सदन में अकसर होने वाले हंगामेदार वाद-विवादों का भी शालीनता पूर्वक निपटारा करना होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि उनके नेतृत्व में राज्यसभा की कार्यवाही अधिक समावेशी हो सकेगी और सदन में जन सरोकारों से जुड़ा अधिक कार्य हो सकेगा। उनके लिये चुनौती होगी कि वे अपनी वैचारिक संबद्धता के बावजूद, सदन की कार्यवाही के संचालन में निष्पक्षता और न्यायसंगतता का प्रदर्शन करें। यह निर्विवाद सत्य है कि संसद की विश्वसनीयता अध्यक्ष की दलीय सीमाओं से परे सम्मान अर्जित करने की क्षमता पर निर्भर करती है। ऐसे समय में जब संसदीय कार्यप्रणाली सार्वजनिक विमर्श के दायरे में है, अगर राधाकृष्णन दलगत दबावों से ऊपर उठ सकते हैं, विधायी बहस को मजबूत कर सकते हैं और राज्यसभा की गरिमा का संवर्धन करते हैं, तो उनकी विरासत दलीय निष्ठा से कहीं आगे प्रतिष्ठा हासिल करेगी। यह भी एक हकीकत है कि राधाकृष्णन ऐसे वक्त में यह पद संभालेंगे जब सरकार और विपक्ष के बीच असहमति की खाई ज्यादा गहरी नजर आती है। यही असहमति सर्वसम्मत चुनाव पर एक राय नहीं बना पायी है। आने वाले समय में उन्हें पक्ष और विपक्ष को साथ लेकर विधायी कार्यों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। निस्संदेह, उनकी भूमिका गरिमामय संसदीय परंपराओं को अक्षुण्ण बनाये रखने में भी होगी। जिसके लिये उन्हें राजनीतिक प्रतिबद्धताओं से मुक्त नजर भी आना होगा। विश्वास किया जाना चाहिए कि वे लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय परंपराओं की कसौटी पर खरे उतरेंगे।

# अपने देश की राजनीति का भविष्य तय करने वाली है युवा पीढ़ी



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

नेपाल में पिछले कुछ दिनों में घटित राजनीतिक घटनाक्रम ने पूरे दक्षिण एशिया को हिला दियाहै। भ्रष्टाचार और परिवारवाद से त्रस्त जनता, खासकर युवाओं के जबरदस्त आक्रोश ने मात्र 36 घंटे में सत्ता की गद्दी हिला दी। पाँच पूर्व प्रधानमंत्रियों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों ने स्थिति को और अधिक उग्र बना दिया। सत्ता पलट की इस तेज़ी ने यह संकेत दिया है कि नेपाल की जनता अब किसी भी कीमत पर अपारदर्शी शासन स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। जिस प्रकार आम लोग और युवा सड़कों पर उतरे, उसने यह साफ कर दिया कि दक्षिण एशिया में लोकतंत्र तभी जीवित रह सकता है जब वह जनता के विश्वास पर आधारित हो।नेपाल की कुल जनसंख्या का लगभग 20 प्रतिशत यानी 62 लाख लोग युवा हैं, और यही वर्ग देश की राजनीति का भविष्य तय करने वाला है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि वैश्विक स्तर पर भी यह बात स्पष्ट है कि, किसी भी देश का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी के हाथों में होता है। नेपाल के युवाओं ने इस बार भ्रष्टाचार और पारिवारिक राजनीति के खिलाफ अपनी ताकत दिखाकर पूरे विश्व को एक सशक्त संदेश दिया है कि अब युवा पीढ़ी नेपो बेबीस यानी नेताओं के बच्चों और वंशवाद की राजनीति को बर्दाश्त नहीं करेगी। युवाओं की इस ऊर्जा ने नेपाल की राजनीति को हिला कर रख दिया है और यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या जनरेशन-ज़ेड (गेन ज़ेड) अब नेपाल का नया इतिहास लिखने जा रही है?

साथियों बात अगर हम नेपाल में हालात इस कदर हद तक बिगड़ बिगड़ने की करें तो, तीनों बड़ी पार्टियों,नेपाली कांग्रेस, नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी और माओवादी सेंटर,के नेताओं के घरों मेंघुसकर लोगों ने मारपीट की, घरों को आग के हवाले कर दिया और वित्तमंत्री को सड़कों पर घसीटा गया। एक पूर्व प्रधानमंत्री के घर में आगजनी के दौरान उनकी पत्नी की मौत हुई तो उधर जनाक्रोश को और अधिक भड़का दिया। यह दृश्य केवल राजनीतिक विद्रोह का नहीं बल्कि व्यवस्था के खिलाफ पूर्ण असंतोष का प्रतीक है। युवाओं का यह क्रोध इस बात का संकेत है कि अब पारंपरिक राजनीति को बदलने का समय आ चुका है।

साथियों बात अगर हम नेपाल की स्थिति की तुलना श्रीलंका और बांग्लादेश से करने की करें तो,जहाँ हाल के वर्षों में आर्थिक संकट और राजनीतिकअस्थिरता ने जनता को सड़कों पर ला दिया था। श्रीलंका में राष्ट्रपति भवन तक जनता का कब्जा, बांग्लादेश में चुनावी धांधली के खिलाफ आंदोलन और म्यांमार में सैन्य तख्तापलट ने दक्षिण एशिया की राजनीति को लगातार अस्थिर बना रखा है। अब नेपाल भी उसी राह पर चलते हुए सत्ता पलट की कगार पर पहुंच गया है। इसका सीधा संकेत है कि भ्रष्टाचार और परिवारवाद से जूझ रहे समाजों में युवा अब चुप बिल्कुल नहीं बैठेंगे।



**नेपाल का विद्रोह यह भी दर्शाता है कि दक्षिण एशिया के युवाओं में अब जागरूकता का स्तर काफी बढ़ चुका है। वे केवल भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि लोकतंत्र को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए आगे आ रहे हैं। नेपो बेबीस और पारिवारिक राजनीति के खिलाफ उठी यह आवाज़ अब केवल नेपाल तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि बांग्लादेश, श्रीलंका, पाकिस्तान और यहाँ तक कि भारत में भी राजनीतिक वंशवाद के खिलाफ नई बहस को जन्म देगी। आगे चलकर नेपाल के लिए सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि यह जनआंदोलन केवल सत्ता पलट तक सीमित न रह जाए, बल्कि एक स्थायी और पारदर्शी व्यवस्था में बदल सके। यदि यह आंदोलन केवल भावनाओं के आधार पर चला और संस्थागत सुधारों तक नहीं पहुँचा, तो नेपाल बार-बार उसी राजनीतिक अस्थिरता का शिकार होगा जो पिछले तीन दशकों से जारी है। लेकिन यदि युवा इस ऊर्जा को सही दिशा देते हैं, तो नेपाल न केवल खुद को बदल सकता है बल्कि पूरे दक्षिण एशिया के लिए प्रेरणा बन सकता है।**

साथियों बात अगर हम नेपाल क़े इस पूरे घटनाक्रम में सोशल मीडिया की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होने की करें तो, नेपाल की लगभग 87 प्रतिशत आबादी मोबाइल इंटरनेट का उपयोग करती है, जबकि 62 प्रतिशत लोग सक्रिय रूप से फेसबुक का इस्तेमाल करते हैं। ट्विटर और यूट्यूब पर भी युवा लगातार अपने विचार साझा कर रहे हैं। नेताओं के बच्चों द्वारा सोशल मीडिया पर अपने आलीशान जीवन और लग्ज़री छुट्टियों की तस्वीरें पोस्ट करना आग में घी का काम साबित हुआ। जब देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से जूझ रही हो और नेता तथा उनके परिवार ऐशो- आराम की तस्वीरें साझा करें, तो यह जनता के लिए असहनीय हो जाता है। यही वजह है कि सोशल मीडिया ने जनाक्रोश को संगठित आंदोलन में बदल दिया।

साथियों बात अगर हम भारत के पड़ोस में यहराजनीतिक उथल- पुथल चिंता का विषय होने की करें तो,नेपाल बांग्लादेश, श्रीलंका म्यांमार और पाकिस्तान सभी वर्तमान में या तो राजनीतिक अस्थिरता से गुजर रहे हैं या सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया में हैं। म्यांमार में सेना का शासन है, पाकिस्तान में सरकार और सेना के बीच टकराव है, श्रीलंका अब भी आर्थिक संकट से जूझ रहा है, और बांग्लादेश में युवाओं के विद्रोह ने लोकतंत्र को झकझोर दिया है।इन सबके बीच नेपाल का यह आंदोलन दक्षिण एशिया में एक नई लहर पैदा कर सकता है। इतिहास की दृष्टि से देखें तो श्रीलंका,पाकिस्तान और म्यांमार कभी अखंड भारत का हिस्सा रहे थे। आज वे दक्षिण एशिया का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और सभी देशों में एक जैसी राजनीतिक चुनौतियाँ दिखाई दे रही हैं, भ्रष्टाचार बेरोजगारी, परिवारवाद, लोकतांत्रिक संस्थाओं की कमजोरी और युवा असंतोष। यही वजह है कि नेपाल की घटनाएँ केवल एक देश की समस्या नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र की राजनीति के लिए चेतावनी हैं।

साथियों बात अगर हम नेपाल के घटनाक्रम नेपाल में सत्ता पलट का भारत पर सीधा प्रभाव पड़ना स्वाभाविक होने की करें तो, भारत और नेपाल के बीच गहरे सांस्कृतिक, आर्थिक और भौगोलिक संबंध हैं। दोनों देशों की खुली सीमा, व्यापार, पानी और ऊर्जा परियोजनाएँ भारत को नेपाल के साथ मजबूती से जोड़ती हैं। यदि नेपाल में राजनीतिक अस्थिरता बढ़ती है तो इसका असर भारत की सुरक्षा, सीमावर्ती क्षेत्रों की शांति और आर्थिक हितों पर अवश्य पड़ेगा। चीन और पाकिस्तान जैसे देश नेपाल में बढ़ती अस्थिरता का फायदा उठाकर भारत विरोधी गतिविधियों को प्रोत्साहित कर सकते हैं। इसलिए भारत के लिए यह आवश्यक है कि वह नेपाल की स्थिरता और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को समर्थन दे।

साथियों बात अगर हम युवाओं के जागरूकता की करें तो नेपाल का यह विद्रोह यह भी दर्शाता है कि दक्षिण एशिया के युवाओं में अब जागरूकता का स्तर काफी बढ़ चुका है। वे केवल भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि लोकतंत्र को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए आगे आ रहे हैं। नेपो बेबीस और पारिवारिक राजनीति के खिलाफ उठी यह आवाज़ अब केवल नेपाल तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि बांग्लादेश, श्रीलंका, पाकिस्तान और यहाँ तक कि भारत में भी राजनीतिक वंशवाद के खिलाफ नई बहस को जन्म देगी।आगे चलकर नेपाल के लिए सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि यह जनआंदोलन केवल सत्ता पलट तक सीमित न रह जाए, बल्कि एक स्थायी और पारदर्शी व्यवस्था में बदल सके। यदि यह आंदोलन केवल भावनाओं के आधार पर चला और संस्थागत सुधारों तक नहीं पहुँचा, तो नेपाल बार-बार उसी राजनीतिक अस्थिरता का शिकार होगा जो पिछले तीन दशकों से जारी है। लेकिन यदि युवा इस ऊर्जा को सही दिशा देते हैं, तो नेपाल न केवल खुद को बदल सकता है बल्कि पूरे दक्षिण एशिया के लिए प्रेरणा बन सकता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि नेपाल में युवाओं का आक्रोश, सत्ता पलट और दक्षिण एशिया की राजनीति- एक अंतरराष्ट्रीय विश्लेषणविश्व में युवा पीढ़ी ही अपनें देश की राजनीति का भविष्य तय करने वाली है।

नेपाल में भ्रष्टाचार व परिवारवाद के खिलाफ़ युवाओं के जबरदस्त आक्रोश को दुनियां के हर देश को संज्ञान में लेना ज़रूरी है।

**संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए (एटीसी)।**

विचार

# अमेरिका-भारत संबंध : ये संदर्भ बहुत खास है

*डॉ. मयंक चतुर्वेदी*

भारत और अमेरिका के रिश्तों की बुनियाद हमेशा से बहुआयामी रही है। कभी ये रिश्ते केवल रणनीतिक सहयोग तक सीमित नजर आते हैं, तो कभी ये ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा खरीद, तकनीक और वैश्विक मंच पर आपसी साझेदारी की नई परिभाषा गढ़ते हैं। किंतु जैसा कि हम सभी ने हाल के दिनों में देखा; कैसे भारत के विरोध में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ही नहीं उनके सलाहकार भी बयान दे रहे थे, इससे एक बात तो साफ है कि भारत अब अमेरिका के दबाव में आने के बजाय अपने राष्ट्रीय हितों और दीर्घकालिक रणनीतियों के अनुरूप फैसले ले रहा है, जिन्हें वॉशिंगटन स्वीकार नहीं कर पा रहा। पर इसमें भी अब कुछ माह के तल्ख संबंधों के बाद अमेरिका की ओर से फिर नरमी दिखना शुरू हो गई है।

वस्तुत: यह स्थिति इसलिए भी खास है क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत की आलोचना में तमाम गोते लगाने के बाद आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना सबसे भरोसेमंद मित्र कह रहे हैं, दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी हैं कि जिन्होंने बहुत संतुलित भाषा में अपना स्पष्ट संदेश दिया है, जिसका सार यह है कि भारत और अमेरिका अच्छे दोस्त हैं, परंतु इसका अर्थ यह नहीं कि भारत द्वारा कोई विशेष महत्व यूएस को दिया जाएगा। भारत समय-समय पर अपनी विदेश नीति को उसकी प्राथमिकताओं के हिसाब से बदलेगा। यही कूटनीतिक संतुलन अब भारत की ऊर्जा नीति में भी साफ नजर आ रहा है।

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) का हालिया निर्णय इस संतुलन की ठोस मिसाल है। आईओसी ने अमेरिका से बड़े पैमाने पर क्रूड आयात करने के बजाय पश्चिम अफ्रीका और मध्य पूर्व से तेल खरीदने का फैसला किया है। नाइजीरिया से अगबामी और उसान तेल ग्रेड के 20 लाख बैरल तथा अबू धाबी से दास क्रूड के 10 लाख बैरल खरीदकर भारत ने यह जता दिया है कि वह एक आपूर्तिकर्ता पर निर्भर नहीं रहेगा। इससे पहले आईओसी अमेरिका से वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड के लगभग 50 लाख बैरल तक खरीदता था। अब इस पैमाने को घटाना और आपूर्ति के स्रोतों में विविधता लाना न केवल एक आर्थिक कदम है, बल्कि रणनीतिक संदेश भी है। देखा जाए तो यह फैसला अमेरिका के लिए बड़ा झटका है, क्योंकि वह वैश्विक स्तर पर क्रूड का बड़ा निर्यातक बन चुका है। ट्रंप प्रशासन भारत को अमेरिकी क्रूड का एक स्थायी और बड़ा बाजार मानता रहा है। लेकिन भारत ने अपने कदम से दिखा दिया है कि वह किसी एक देश की आर्थिक मजबूरियों या राजनीतिक अपेक्षाओं के अनुसार नहीं चलेगा। यह बदलाव दरअसल भारत की दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा नीति का हिस्सा है, जो इस सिद्धांत पर आधारित है कि वैश्विक बाजार की अनिश्चितताओं, राजनीतिक तनावों और क्षेत्रीय संघर्षों के बीच केवल विविध स्रोतों और मजबूत आपूर्ति नेटवर्क से ही स्थिरता हासिल की जा सकती है। भारत ने रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद रूसी क्रूड खरीद कर पहले ही दिखा दिया था कि वह पश्चिमी दबाव को दरकिनार कर अपने आर्थिक हितों को प्राथमिकता देगा। रूस से सस्ता तेल खरीदने से भारत को प्रत्यक्ष लाभ हुआ लेकिन इसके कारण अमेरिका ने बेतुके टैरिफ लगा दिए और दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ा। भारत ने इसका भी कूटनीतिक और आर्थिक जवाब ढूँढ लिया, तेल आयात के नए विकल्प तलाश कर। पश्चिम अफ्रीका और मध्य पूर्व से क्रूड खरीदने का फैसला इसी रणनीति का हिस्सा है। यह कदम न केवल अमेरिकी दबाव को कम करता है, बल्कि अफ्रीकी देशों के साथ भारत के संबंधों को भी मजबूत करता है। नाइजीरिया और अंगोला जैसे अफ्रीकी देश लंबे समय से स्थायी ग्राहकों की तलाश में हैं। वैश्विक ऊर्जा बाजार में प्रतिस्पर्धा इतनी अधिक है कि कई बार इन देशों को अपने उत्पादन के स्थायी खरीदार नहीं मिलते। भारत के इस कदम से उन्हें स्थिर आय और नया बाजार मिलेगा। इसके साथ ही मध्य पूर्व, विशेषकर अबू धाबी के साथ संबंध भी और प्रगाढ़ होंगे। अबू धाबी से खरीदा गया दास क्रूड डिलीवर्ड आधार पर है, जबकि नाइजीरिया का तेल फ्री-ऑन-बोर्ड आधार पर है। इसका मतलब है कि भारत अपनी शर्तों पर समझौते कर रहा है और आपूर्ति के जोखिम को भी संतुलित कर रहा है। यहाँ यह समझना जरूरी है कि भारत की ऊर्जा नीति केवल तेल तक सीमित नहीं है। यह दरअसल उसकी समग्र विदेश नीति का अहम हिस्सा है। जब ट्रंप भारत के सामने मित्रता की पेशकश करते हैं और मोदी उसके जवाब में संतुलित भाषा का प्रयोग करते हैं, तो यह केवल व्यक्तिगत स्तर की कूटनीति नहीं है। इसके पीछे भारत का व्यापक संदेश छिपा है कि वह किसी भी रिश्ते को 'विशेष निर्भरता' में नहीं बदलने देगा। अमेरिका के लिए यह सीख है कि भारत के साथ रिश्ते समानता और परस्पर सम्मान के आधार पर ही आगे बढ़ सकते हैं। इस पूरे घटनाक्रम का सबसे बड़ा निचोड़ यही है कि भारत अब ऊर्जा कूटनीति के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। वह न केवल विकल्प तलाश रहा है, बल्कि वैश्विक बाजार में अपनी सौदेबाजी की शक्ति (Bargaining power) भी बढ़ा रहा है। जब भारत अलग-अलग देशों से क्रूड खरीदेगा, तो उसकी सौदेबाजी की क्षमता बढ़ेगी। तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव का असर सीमित होगा और आपूर्ति की निरंतरता बनी रहेगी। यह स्थिति घरेलू ऊर्जा सुरक्षा के लिए निर्णायक साबित होगी। दूसरा महत्वपूर्ण पहलू यह है कि भारत के इस कदम से अमेरिका को यह संदेश गया है कि उसके आर्थिक दबावों और टैरिफ नीतियों से भारत विचलित नहीं होगा। भारत मित्रता चाहता है, सहयोग चाहता है लेकिन किसी भी कीमत पर अपनी नीतिगत स्वतंत्रता नहीं छोड़ेगा। यही वह बिंदु है, जहाँ मोदी का संतुलित संदेश और आईओसी का रणनीतिक निर्णय एक-दूसरे से जुड़ जाते हैं। इसके साथ ही हमें इस सच्चाई को भी स्वीकारना होगा कि आज की वैश्विक राजनीति में ऊर्जा ही वह क्षेत्र है जो सबसे अधिक असर डालता है। यूरोप रूस पर निर्भरता के कारण संकट में फँसता है, चीन अपने तेल आयात के लिए मध्य एशिया और अफ्रीका पर पकड़ मजबूत करता है और अमेरिका अपनी शेल गैस क्रांति को निर्यात में बदल कर प्रभाव बनाए रखना चाहता है। ऐसे परिदृश्य में भारत का यह कदम उसे न केवल आत्मनिर्भर बनाता है, बल्कि उसे एक निर्णायक खिलाड़ी के रूप में भी स्थापित करता है। अफ्रीका और मध्य पूर्व के साथ संबंध गहरे करने से भारत के लिए नए कूटनीतिक और आर्थिक अवसर खुलेंगे।

कुल सार यह है कि भारत अब उस दौर से बाहर आ चुका है, जहाँ उसे अमेरिका या किसी भी महाशक्ति की स्वीकृति की आवश्यकता थी। आज भारत अपने हितों को सामने रखकर फैसले कर रहा है और दुनिया को अपनी शर्तों पर सहयोग के लिए तैयार करता है। अमेरिका या अन्य देश कुछ भी कहें, किंतु आज के भारत की नीति यही कहती है, संवाद समानता की शर्त पर ही होगा। कहना होगा कि आईओसी का तेल आयात निर्णय इसी नए भारत की ऊर्जा और विदेश नीति का सबसे ताजा और ठोस उदाहरण है।

तर्पण




## पिता ने दी सच्चाई के मार्ग पर चलने की शिक्षा



स्व. अर्जुन सिंह (मुन्ना) चौहान कौशलेंद्र सिंह चौहान श्यामू

मेरे पिता स्व. अर्जुन सिंह उर्फ मुन्ना चौहान ने हमेशा सच्चाई के मार्ग पर चलने की शिक्षा दी। वह कहा करते थे व्यापार में ईमानदारी बहुत जरूरी है। वह समय-समय पर जरूरतमंदों की मदद भी करते रहते थे। उन्होंने कभी भी धन को प्राथमिकता नहीं दी बल्कि रिश्तों को सहेजने में विश्वास रखते थे।

वर्ष 2022 में 27 जून को वह अपने पुत्रों राघवेंद्र सिंह चौहान रामू व कौशलेंद्र सिंह चौहान श्यामू सहित समस्त परिजनों को रोता बिलखता छोड़कर इस नश्वर संसार से विदा हो गए थे। उनके ब्रह्मलीन होने के बाद भी ऐसा लगता है जैसे वह हमारे आस-पास ही हैं। उनकी दी हुई शिक्षा व सीख आज हमारे काम आ रही है। संत तुल्य पिताश्री के बताए रास्ते पर चलने से मेरा व्यापार दिन दूना रात चौगुना बढ़ रहा है और मेरी सामाजिक प्रतिष्ठा भी बढ़ती जा रही है। आप जहां कहीं भी हों, अपना आशीर्वाद बनाए रखना। आपके बताए मार्ग पर हम सभी सदैव चलते रहेंगे।

पितृपक्ष व श्रद्धा के महापर्व पर आपको शत-शत नमन।

**कौशलेंद्र सिंह चौहान श्यामू**
**महामंत्री श्री रामलीला कमेटी**
**मीडिया प्रभारी किराना एसोसिएशन**
**छिबरामऊ**



## राशिफल

**मेषः-** भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें।

**वृषभ :-** भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं।

**मिथुनः-** भावनाओं पर नियंत्रण रख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम का लाभ मिलेगा।

**कर्कः-** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव। परिजनों से शिकायत पर खुलकर बात करें।

**सिंह :-** किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी। आलस्य कतई न करें।

**कन्याः-** नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा।

**तुलाः-** कुछ नई अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन-सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**वृश्चिकः-** किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है।

**धनुः-** रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

**मकरः-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**कुंभः-** पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे।

**मीनः-** पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

# पड़ोसी देशों की अराजकता में भारतीय संविधान की ताकत का संदेश



अजय कुमार

हमें अपने संविधान पर गर्व है पड़ोसी देशों को देखिए, वहां क्या हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई की यह टिप्पणी हाल ही में संविधान पीठ की सुनवाई में आई। यह वाक्य केवल एक कानूनी प्रक्रिया का हिस्सा नहीं था, बल्कि दक्षिण एशियाई लोकतंत्र की मौजूदा स्थिति पर गहन चिंतन और चेतावनी भी था। गवई ने नेपाल और बांग्लादेश का हवाला देकर बताया कि जब संवैधानिक संस्थाएं कमजोर होती हैं, जब जनता का भरोसा व्यवस्था से उठता है, तो लोकतंत्र भीड़तंत्र में बदल जाता है। भारत का संविधान आज इस मायने में सबसे बड़ी ढाल है कि उसने बार-बार हमें संकटों से निकालकर लोकतंत्र की नींव को मजबूत रखा।

नेपाल का उदाहरण सबके सामने है। बीते दिनों वहां की सड़कों पर जिस तरह का आक्रोश देखने को मिला, उसने पूरे दक्षिण एशिया का ध्यान खींचा। सोशल मीडिया पर बैन लगाने के सरकार के फैसले ने आग में घी का काम किया। युवा वर्ग, जिसे 'जेन-जेड' कहा जा रहा है, अब केवल अभिव्यक्ति की आज़ादी के लिए नहीं बल्कि भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और राजनीतिक अस्थिरता के खिलाफ आवाज उठा रहा है। संसद भवन तक भीड़ का पहुंचना, सुप्रीम कोर्ट परिसर में तोड़फोड़ और नेताओं के घरों पर हमले यह साबित करते हैं कि जनता का धैर्य टूट चुका है। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल को इस्तीफा देना पड़ा, लेकिन हिंसा थमी नहीं। सेना को कर्फ्यू लगाना पड़ा, फिर भी आंदोलन जारी है। नेपाल में यह अस्थिरता नई नहीं है। 2008 में जब राजशाही खत्म हुई, तो लगा था कि अब लोकतंत्र स्थिरता और विकास का रास्ता खोलेगा। लेकिन हकीकत उलट निकली। पिछले 17 वर्षों में वहां 14 सरकारें बदल चुकी हैं, कोई भी प्रधानमंत्री कार्यकाल पूरा नहीं कर सका। बार-बार राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के अधिकारों पर विवाद हुआ। सुप्रीम कोर्ट ने सरकारें गिराईं और बहाल कीं। संविधान, जो 2015 में लागू हुआ था, वह भी स्थिरता नहीं ला सका। परिणाम यह है कि जनता अब व्यवस्था से मोहभंग कर चुकी है और राजशाही की वापसी की मांग तक उठने लगी है।

बांग्लादेश का परिदृश्य भी कुछ ऐसा ही है। हाल ही में प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता छोड़नी पड़ी और वे कुछ समय के लिए भारत में शरण लेने आईं। यह उस देश की त्रासदी है जिसने 1971 में पाकिस्तान से अलग होकर स्वतंत्रता पाई थी और लोकतांत्रिक भविष्य की उम्मीद जगाई थी। लेकिन वहां लगातार सत्ता संघर्ष, विपक्षी दलों के बीच अविश्वास और चुनावी प्रक्रिया पर सवालों ने संस्थाओं को खोखला बना दिया। जनता का भरोसा टूटने का नतीजा यही होता है कि लोकतंत्र केवल औपचारिकता रह जाता है और सड़क पर हिंसा ही असली राजनीति बन जाती है। इन हालातों की तुलना में भारत का लोकतंत्र और संविधान सबसे मजबूत उदाहरण बनकर सामने आता है। भारत ने भी संकटों का सामना किया है। 1975 का आपातकाल हमारे लोकतंत्र पर सबसे बड़ा हमला था। उस दौर में मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए, मीडिया पर सेंसरशिप लगी और विपक्षी नेता जेल में ठूंस दिए गए। लेकिन वही संविधान, वही लोकतांत्रिक चेतना और वही जनता थी जिसने 1977 में इंदिरा गांधी को सत्ता से बाहर कर दिया। और जब जनता ने देखा कि नई सरकार उनकी उम्मीदों पर खरी नहीं उतर रही, तो 1980 में उन्होंने इंदिरा को फिर से बहुमत से सत्ता में वापस ला दिया। यही संविधान की खूबसूरती है कि वह न केवल नेताओं को उनकी सीमा दिखाता है, बल्कि जनता को भी सही रास्ता चुनने की ताकत देता है।

भारत की न्यायपालिका इस संविधान की सबसे बड़ी प्रहरी रही है। 1990 में मंडल कमीशन का मामला जब देशभर में हिंसा का कारण बना, तब सुप्रीम कोर्ट ने नौ जजों की पीठ बनाकर यह स्पष्ट किया कि आरक्षण पचास प्रतिशत से ज्यादा नहीं होगा और 'क्रीमी लेयर' को बाहर रखा जाएगा। इससे सामाजिक न्याय और समान अवसर का संतुलन बना रहा। 1992 में बाबरी मस्जिद ढहाए जाने के बाद देश दंगों की आग में झुलस रहा था, तब सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि धार्मिक आस्था भी संविधान से ऊपर नहीं हो सकती। 2019 में आया फैसला संवैधानिक मर्यादा में रहा और देश ने बिना बड़े दंगे के उसे स्वीकार किया।इसी तरह 2जी स्पेक्ट्रम और कोयला घोटाले के मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के फैसले रद्द कर दिए। यह संदेश गया कि राष्ट्रीय संपत्ति का गलत इस्तेमाल करने वाला कोई भी नेता कानून से ऊपर नहीं है। यही वह तंत्र है, जिसकी वजह से भारत में जनता का संविधान और न्यायपालिका पर भरोसा बना रहा, जबकि पड़ोसी देशों में यह भरोसा टूट गया।

भारत का संघीय ढांचा भी इसकी सबसे बड़ी ताकत है। केंद्र और राज्यों के बीच सत्ता का संतुलन किसी एक को तानाशाह बनने से रोकता है। चुनाव आयोग की निष्पक्षता ने भी लोकतंत्र को सुरक्षित रखा। यही कारण है कि हर पांच साल में सत्ता बदलने का अधिकार जनता के हाथ में रहता है और कोई भी नेता खुद को अजेय मानने की गलती नहीं कर पाता। चीफ जस्टिस की टिप्पणी दरअसल हमें यही याद दिलाती है कि लोकतंत्र केवल सत्ता का खेल नहीं है, बल्कि यह जनता की ताकत का प्रतीक है। भारत ने हर संकट से संवैधानिक रास्ते से ही बाहर निकलने का सबक सीखा है। इमरजेंसी हो, मंडल हो, बाबरी मस्जिद का विवाद हो या घोटालों का दौर हर बार संविधान ने रास्ता दिखाया।

नेपाल और बांग्लादेश के हालात भारत के लिए भी चेतावनी हैं। अगर कभी संस्थाओं की स्वतंत्रता कमजोर हुई या नेताओं ने जनता का भरोसा तोड़ा, तो हालात बिगड़ सकते हैं। लेकिन अब तक भारत ने संविधान को ही सबसे बड़ा हथियार बनाया है। यही वजह है कि जब पड़ोसी देश अराजकता और अस्थिरता में झुलस रहे हैं, भारत का लोकतंत्र और संविधान मजबूती का प्रतीक बनकर सामने आता है।नेपाल का 'जेन-जेड' आंदोलन बता रहा है कि नई पीढ़ी अब पुरानी राजनीति और पुराने तौर-तरीकों को स्वीकार नहीं करेगी। लेकिन हिंसा और आगजनी समाधान नहीं है। भारत का अनुभव यह कहता है कि परिवर्तन का रास्ता केवल संविधान और लोकतांत्रिक प्रक्रिया से ही निकलता है। जनता को अधिकार भी यही देता है और जिम्मेदारी का बोध भी यही कराता है।

मुख्य न्यायाधीश गवई की टिप्पणी इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह सिर्फ गर्व करने की बात नहीं है, बल्कि यह भविष्य के लिए चेतावनी भी है। अगर हमने अपने संविधान और संस्थाओं की रक्षा नहीं की, तो हम भी उसी स्थिति में पहुंच सकते हैं, जहाँ आज नेपाल और बांग्लादेश खड़े हैं।भारत की उपलब्धि यही है कि संविधान को व्यवहार में उतारा गया है। यह किताब में बंद दस्तावेज नहीं, बल्कि एक जीवंत परंपरा है जिसने 75 वर्षों से देश को दिशा दी है। इसी संविधान ने हमें लोकतंत्र के अंधेरों से बार-बार रोशनी की ओर पहुँचाया है। यही वजह है कि भारत आज दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में गर्व से खड़ा है, जबकि पड़ोसी देशों की स्थिति हमें यह याद दिलाती है कि अगर संविधान कमजोर हो, तो लोकतंत्र केवल एक छलावा बन जाता है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालयः 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### तमोलिनपुरवा बंधा कटने पर सैकड़ों बोरियां लेकर मौके पर पहुंचे राजा राजेश्वर सिंह

बंधे का जायजा लेकर बाढ़ पीड़ितों का जाना हाल, किया उत्साहवर्धन



निघासन खीरी। तहसील निघासन क्षेत्र का तमोलिनपुरवा बांध एक बार फिर सुर्खियों में है। यह वही बांध है, जिसकी पहल झंडी स्टेट के राजा राज राजेश्वर सिंह ने की थी और जिसने लंबे समय तक दर्जनों गांवों को बाढ़ से सुरक्षा दी। लेकिन इस बार जब शारदा का जलस्तर बढ़ा तो बांध पर पानी चढ़ने लगा। इसी बीच ग्रामीणों के अनुसार कुछ अराजक तत्वों ने बांध को काट दिया। नतीजा यह हुआ कि पानी का तेज बहाव कई गांवों में घुस गया और हालात बिगड़ने लगे। गनीमत रही कि समय रहते ग्रामीणों को बांध कटने की जानकारी मिल गई। प्रधान प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और लोगों की मदद से बोरियां डालकर किसी तरह बांध को दोबारा बंद कराया। इस दौरान बोरियों की कमी सबसे बड़ी समस्या बनी रही। ग्रामीणों की सूचना पर झंडी स्टेट के राजा राज राजेश्वर सिंह खुद तमोलिनपुरवा पहुंचे। उन्होंने बांध का जायजा लिया और ग्रामीणों से हाल जाना। जब ग्रामीणों ने बोरियों की कमी की बात बताई तो राजा राजेश्वर सिंह ने तत्काल निजी संसाधनों से सैकड़ों बोरियों की व्यवस्था कर उन्हें प्रधान लालपुर को सौंपा। इससे बांध को मजबूत करने में मदद मिली और लोगों ने राहत की सांस ली। राजा राजेश्वर सिंह ने मौके पर मौजूद खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि आवश्यकतानुसार अतिरिक्त बोरियों की आपूर्ति तुरंत सुनिश्चित की जाए। साथ ही बांध काटने की शिकायतों की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा।

### छोटी काशी में कवयित्रियों का महाकुंभ, 51 घंटे अनवरत काव्यपाठ से बनेगा विश्व रिकॉर्ड

गोला गोकर्णनाथ (खीरी)। छोटी काशी में कपिलश फाउंडेशन की ओर से शुक्रवार 12 सितंबर सुबह 10 बजे से 'कवयित्री महाकुंभ' की शुरुआत होगी, जो लगातार 51 घंटे तक चलेगा। इसमें देशभर से 150 से अधिक कवयित्रियां हिस्सा लेंगी। कार्यक्रम की निगरानी के लिए द बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, दुबई के प्रतिनिधि समीर सिंह मौजूद रहेंगे। आयोजन की शुरुआत लखनऊ की राष्ट्रीय कवयित्री सुफलता त्रिपाठी के काव्यपाठ से होगी। कपिलश फाउंडेशन अध्यक्ष शिप्रा खरे ने बताया कि यह आयोजन पूरी तरह महिलाओं को समर्पित है और महिला सशक्तिकरण का संदेश देगा। संयोजक यतीश शुक्ला ने कहा कि व्यवस्था के लिए 6 स्वयंसेवक टीमें बनाई गई हैं। पिछले वर्ष 678 कवियों के साथ 154 घंटे का महाकुंभ रचने वाले इस फाउंडेशन का यह आयोजन खासतौर पर कवयित्रियों के लिए किया जा रहा है। पूर्व विधायक व संरक्षक विनय तिवारी ने कहा कि इसका उद्देश्य महिला रचनाकारों को मंच देना और छोटी काशी को राष्ट्रीय पहचान दिलाना है।

### महिला से बदनियती का प्रयास, 24 घंटे में आरोपी गिरफ्तार



बिजुआ (खीरी)। थाना भीरा क्षेत्र में महिला से बदनियती और लूट के प्रयास की घटना के बाद पुलिस ने तेजी दिखाते हुए 24 घंटे के भीतर आरोपी को दबोच लिया। आरोपी के कब्जे से लूटा गया पीली धातु का कुंडल भी बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बुधवार शाम महिला अपनी ससुराल से मायके पड़रिया तुला लौट रही थी। बस्तौला चौराहे पर खड़े एक बाइक सवार ने बातचीत में उलझाकर उसे मायके छोड़ने का झांसा दिया। रास्ता बदलने पर महिला को शक हुआ और विरोध करने पर आरोपी ने उसका मुंह दबाने की कोशिश की। शोर सुनकर ग्रामीण पहुंचे तो युवक बाइक छोड़कर फरार हो गया। पीड़िता के भाई की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। मोटरसाइकिल संख्या UP31CB0538 के आधार पर जांच करते हुए पुलिस ने गुरुवार को आरोपी मनोज कुमार वर्मा (32) पुत्र सत्यप्रकाश, निवासी ग्राम अलीगंज थाना गोला को हरैया गांव के पास नहर पटरी से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी पर पहले से भी गंभीर मामले दर्ज हैं। उस पर पॉक्सो एक्ट, एससी/एसटी एक्ट और आर्म्स एक्ट जैसे कई संगीन धाराओं में केस चल रहे हैं। थाना प्रभारी गोपाल नारायण ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। महिला से बदनियती और लूट की धाराओं में मुकदमे की बढ़ोतरी की गई है।

### शपथग्रहण न होने के लगे आरोप, चुनाव अधिकारियों ने बैठक की तारीख व साक्ष्य दिखाए



लखीमपुर खीरी। बाथम वैश्य महासभा (गोला) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश गुप्ता (मंगला) और महामंत्री पर यह आरोप लगाए गए कि अब तक कोई शपथग्रहण समारोह नहीं हुआ है। इस पर समाज के वरिष्ठजनों और चुनाव अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आरोप भ्रामक हैं और 20 अगस्त 2025 को विधिवत शपथग्रहण बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें प्रमाणपत्र भी सौंपे गए थे। चुनाव अधिकारियों के मुताबिक, शपथग्रहण बैठक के लिए पूर्व अध्यक्ष सुनील गुप्ता, पूर्व संरक्षक संदीप मित्तल और महामंत्री पद के प्रत्याशी अमित गुप्ता उर्फ रब्बू को भी व्यक्तिगत रूप से बुलाया गया था, लेकिन वे शामिल नहीं हुए। नवनिर्वाचित नेतृत्व ने पितृपक्ष से पूर्व समाज की गतिविधियों में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए एक सर्वे कमेटी का गठन सोशल मीडिया के माध्यम से किया था। इसमें पक्ष-विपक्ष सभी को जोड़ने की कोशिश की गई, हालांकि इसकी कोई प्रेस विज्ञप्ति जारी नहीं की गई। समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि बिना अवसर दिए नवनिर्वाचित नेतृत्व पर बार-बार आरोप लगाना उचित नहीं है। उन्होंने अपील की कि समाज के लोग भ्रामक प्रचार से दूर रहकर संगठन की एकता और विकास के लिए साथ मिलकर काम करें।

### खेतों में बाघ का खौफ, ग्रामीणों में दहशत का माहौल

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)। रोशननगर गांव में शुक्रवार की शाम बाघ के हमले से दहशत फैल गई। गांव के दक्षिणी क्षेत्र में स्थित खेतों में एक छुट्टा जानवर को बाघ ने अपना शिकार बना लिया। इस घटना के बाद से ग्रामीणों और किसानों में भय का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में बाघ की आहट सुनाई दे रही थी, लेकिन अब खुलेआम हमला होने से खतरा और बढ़ गया है। किसान खेतों में जाना तो दूर, फसल की देखभाल और मवेशियों के लिए चारा लाने से भी डरने लगे हैं। गांव के किसान रामशरन ने बताया कि पहले फसल की रखवाली के लिए किसान देर रात तक खेतों में डटे रहते थे, लेकिन अब शाम होते ही खेतों की ओर सन्नाटा छा जाता है। उन्होंने कहा कि बाघ की मौजूदगी ने उनकी नींद उड़ा दी है। स्थानीय निवासी विनोद कुमार ने कहा कि गांव की महिलाएं और बच्चे अब खेतों की ओर जाने से घबराते हैं। पशुओं के लिए चारा लाना भी मुश्किल हो गया है। बाघ की दहशत ने पूरे गांव को घरों में कैद कर दिया है।

### मौसम बदला, बीमारियां बढ़ीं, मच्छरों का कहर



सादुल्लानगर/बलरामपुर। तेजी से बदलते मौसम के उतार-चढ़ाव ने जहां एक ओर लोगों के स्वास्थ्य पर असर डाला है, वहीं दूसरी ओर मच्छरों का प्रकोप भी लगातार बढ़ता जा रहा है। आलम यह है कि अब दिन के उजाले में भी मच्छर लोगों को परेशान कर रहे हैं। इससे स्थानीय नागरिकों में बीमारी फैलने का डर व्याप्त है। पिछले कुछ दिनों से मौसम में बार-बार बदलाव हो रहा है। कभी तेज धूप, कभी उमस और कभी हल्की बारिश के कारण लोगों की रोग-प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित हो रही है। बच्चों और बुजुर्गों में सर्दी-जुकाम, बुखार,खांसी और शरीर दर्द के मामले बढ़े हैं। निजी चिकित्सालयों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सादुल्लानगर में मरीजों की संख्या में इजाफा देखा जा रहा है।मौसम के इस बदलाव ने मच्छरों को पनपने का मौका दे दिया है। नालियों, जलभराव वाले स्थानों और कूड़े-कचरे में मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।दिन और रात दोनों समय लोग मच्छरों के आतंक से जूझ रहे हैं। डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और फाइलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। जब इस विषय पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहरा बजार अधीक्षक डॉ. बिजयभान से बात की गई तो उन्होंने बताया कि बदलते मौसम में मच्छर जनित बीमारियों का खतरा और अधिक बढ़ जाता है। यदि लोग सावधानी नहीं बरतेंगे तो हालात गंभीर हो सकते हैं। घर के आसपास पानी का जमाव बिल्कुल न होने दें, सफाई काविशेष ध्यान रखें और सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। बुखार या अन्य लक्षण दिखने पर मरीज को तुरंत अस्पताल में जाँच करानी चाहिए, ताकि समय पर इलाज संभव हो सके। डॉ.बिजयभान ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग लगातार मच्छर जनित बीमारियों के नियंत्रण के लिए जागरूकता अभियान चला रहा है। लेकिन इसमें आम जनता का सहयोग भी जरूरी है। लोगों को चाहिए कि वे घरों और मोहल्लों में साफ-सफाई बनाए रखें तथा जलभराव की स्थिति को रोकें। सादुल्लनगर क्षेत्र में बदलते मौसम और मच्छरों का बढता प्रकोप लोगों के लिए बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की अपील है कि लोग सतर्क रहें, व्यक्तिगत साफ सफाई पर ध्यान दें और किसी भी तरह के लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।

# समय से स्कूल नहीं पहुंचे अध्यापक, बीईओ बोले- जांच कर होगी कार्रवाई

▸ सरकारी विद्यालयों में गेट पर ताला, मासूम बच्चे खड़े रहे इंतजार में

उचौलिया (खीरी), समृद्धि न्यूज़।



सरकारी विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था पर लाख प्रयासों और नारेबाज़ी के बावजूद जमीनी हकीकत बिल्कुल उलट है। गुरुवार की सुबह पसगवां विकासखंड के कई प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को पढ़ाई के बजाय इंतजार की मजबूरी झेलनी पड़ी। छोटे-छोटे बच्चे समय से बस्ता लेकर स्कूल पहुंचे, लेकिन अध्यापक समय से विद्यालय नहीं पहुंचे। गेट पर ताला लटका मिला और मासूम बाहर धूप में खड़े इंतजार करते रहे।

सुबह करीब 8:15 बजे किशनपुर जमुनी के मजरा बवक्करपुर विद्यालय का गेट बंद मिला। बच्चे गेट के बाहर कतारबद्ध खड़े रहे और आपस में बातें करते दिखे। इसी तरह प्राथमिक विद्यालय किशनपुर जमुनी में भी 8:22 बजे तक गेट पर ताला लटका था। उधर प्राथमिक विद्यालय जन्डैलपुर में 8:41 बजे बच्चों की भीड़ गेट के बाहर उमड़ी रही। कुछ बच्चे गेट फांदकर अंदर-बाहर आते-जाते दिखे। बच्चों ने बताया कि मास्टर साहब रोज़ाना लगभग 9 बजे ही आते हैं। अभिभावकों ने इस लापरवाही पर नाराज़गी जताई। उनका कहना है कि सरकार शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन हकीकत में हालात सुधरने का नाम नहीं ले रहे। जब अध्यापक ही देर से आएंगे तो बच्चों का भविष्य कौन संवारेगा? –एक अभिभावक ने सवाल उठाया। ग्रामीणों ने कहा कि यह रोज़ का हाल है और शिकायतों के बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं। बच्चों का कहना है कि वे समय से पढ़ाई करने आते हैं, लेकिन मास्टर साहब देर से आने के कारण घंटों तक समय बर्बाद हो जाता है। कुछ बच्चे मायूस होकर घर लौट जाते हैं तो कुछ गेट के बाहर खेल-कूद में लग जाते हैं। इस वजह से पढ़ाई पर गंभीर असर पड़ रहा है। सरकारी विद्यालयों में इस तरह की लापरवाही से यह साफ जाहिर होता है कि विभागीय निगरानी व्यवस्था कागज़ों तक ही सीमित है। निरीक्षण और कार्रवाई के दावों के बावजूद नतीजे सामने नहीं आ रहे। इस मामले में खंड शिक्षा अधिकारी संजीव भारती ने कहा कि विभाग द्वारा समय-समय पर विद्यालयों का निरीक्षण कराया जाता है और शिक्षकों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे समय से स्कूल पहुंचे। उन्होंने कहा, अगर आदेशों का पालन नहीं किया जा रहा है तो इसकी जांच कर दोषी शिक्षकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। बच्चों की पढ़ाई से खिलवाड़ किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# अधिवक्ता पर जानलेवा हमला, बार एसो. में उबाल

▸ गिरफ्तारी न होने तक धरना प्रदर्शन की चेतावनी

मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज़।

मंगलवार की रात 10 बजे रोडवेज के सामने अधिवक्ता पर हुए जानलेवा हमले ने पूरे तहसील परिसर में आक्रोश की लहर दौड़ा दी। घटना के बाद से ही अधिवक्ता लामबंद हो गए हैं और बुधवार को सुबह से ही बार एसोसिएशन के बैनर तले धरना-प्रदर्शन शुरू हो गया।

बार एसोसिएशन के अधिवक्ता और बगरेठी निवासी कुलदीप सिंह ने थाना मोहम्मदी पहुंचकर घटना की तहरीर दी। तहरीर के अनुसार 10 सितंबर की रात करीब 10 बजे वे अपने साथियों संग रोडवेज के सामने गुप्ता होटल से खाना खाकर लौट रहे थे। तभी पहले से घात लगाए बैठे शिवम पुत्र संजय, अरुण पुत्र प्रेमपाल, विशाल पुत्र कमलेश, सोनू पुत्र संतकुमार, गोपाल पुत्र लल्लूराम, अचल उर्फ पप्पू पुत्र लल्लन, उमेश पुत्र श्रीराम और आकाश पुत्र शंकरलाल ने एक राय होकर उन पर लाठी-डंडों, लोहे की रॉड और धारदार हथियारों से हमला बोल दिया। हमले में कुलदीप सिंह को सिर, नाक और जांघ पर गंभीर चोटें आईं। इसी दौरान आरोपी गोपाल ने अपनी जेब से तमंचा निकालकर फायर भी किया, लेकिन फायर मिस हो गया और अधिवक्ता बाल-बाल बच गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आरोपी मौके से यह कहते हुए भाग निकले ङ्क ÷आज तमंचा धोखा दे गया, अगली बार नहीं बचोगे। हमले की खबर फैलते ही अधिवक्ता समाज में आक्रोश की लहर दौड़ गई। बुधवार सुबह बार एसोसिएशन अध्यक्ष चौधरी कुलदीप सिंह, पूर्व अध्यक्ष आलोक सिंह, प्रद्युम्न मिश्रा पिंकू, अवधेश चंद्र त्रिवेदी, तौसीफ अहमद, प्रशांत द्विवेदी, रिजवान, बी.पी. सिंह समेत सैकड़ों अधिवक्ता तहसील परिसर में धरने पर बैठ गए। धरना स्थल पर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। अधिवक्ताओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक सभी नामजद अभियुक्त गिरफ्तार नहीं होंगे, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। अध्यक्ष चौधरी कुलदीप सिंह ने भी धरना समाप्त करने से साफ इनकार कर दिया। मामले ने तूल पकड़ा तो स्थानीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह भी धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने अधिवक्ताओं से एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया और पुलिस-प्रशासन पर ढिलाई का आरोप लगाते हुए कड़ी फटकार लगाई। विधायक ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से कहा कि यदि समय रहते गिरफ्तारी नहीं होती तो आंदोलन और उग्र हो सकता है। धरने के दौरान माहौल गरमाता देख सीओ मोहम्मदी अरुण कुमार सिंह स्वयं मौके पर पहुंचे। उन्होंने थानों की पुलिस और पीएसी बल की तैनाती कर दी ताकि स्थिति बेकाबू न हो। सीओ ने विवेचक उपनिरीक्षक मुईन अहमद खान संग घटनास्थल का निरीक्षण किया और कहा कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमों को लगाया गया है। समाचार लिखे जाने तक किसी भी अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं हो पाई थी। अधिवक्ताओं ने साफ चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और बड़ा रूप दिया जाएगा। तहसील परिसर और पूरे मोहम्मदी कस्बे में तनाव का माहौल बना हुआ है।

## जेसीआई जनसंपर्क सप्ताह के दूसरे दिन नृत्य प्रतियोगिता का धमाल

▸ 150 से अधिक प्रतिभागियों ने दिखवाया हुनर, 40 पहुंचे फाइनल में




लखीमपुर खीरी। जेसीआई जनसंपर्क सप्ताह के दूसरे दिन लखीमपुर में एकल नृत्य प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें 150 से अधिक प्रतिभागियों ने चार वर्गों में हिस्सा लिया। ऑडिशन के बाद 40 प्रतिभागी फाइनल में पहुँचे। निर्णायक मंडल में पूर्णिमा इंद्र, आकांक्षा त्रिपाठी, ऐश्वर्या सक्सेना, आरती श्रीवास्तव, दीपाली श्रीवास्तव व अमन पुरी शामिल रहे। जूनियर विशेष वर्ग में कार्तिक जायसवाल विजेता बने, वहीं जूनियर वर्ग में साक्षी कुरील ने बाजी मारी। सीनियर विशेष वर्ग में कशिश पॉप विजेता बने और सीनियर वर्ग का खिताब अलंकृत वर्मा ने जीता। प्रतियोगिता का संचालन पूर्वाध्यक्ष आर्येन्द्र पाल सिंह ने किया और मुख्य अतिथि वासिफ खान सपत्नीक रहे। संस्था अध्यक्ष शुभम टण्डन, सचिव राहुल अग्रवाल, चेयरपर्सन जसप्रीत छाबड़ा, सप्ताह संयोजक सचिन अग्रवाल व प्रभारी अमित मिश्रा की देखरेख में हुआ यह कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी व सदस्य शामिल हुए।

## अधूरी एनएच-730 सड़क पर टोल वसूली से नाराजगी, सांसद ने लिखा पत्र

लखीमपुर खीरी। अधूरे राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-730 पर 10 सितम्बर से टोल वसूली शुरू होने पर जनता में आक्रोश है। सड़क और ओवरब्रिज का कार्य अधूरा होने के बावजूद टोल वसूली को सांसद उत्कर्ष वर्मा मधुर ने अनुचित व जनविरोधी बताया है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर निर्माण पूरा होने तक वसूली रोकने की मांग की।स्थानीय लोगों का कहना है कि अधूरी सड़क पर सफर खतरनाक और परेशानी भरा है, ऊपर से टोल टैक्स आर्थिक बोझ है। नियमों के अनुसार भी अधूरे निर्माण पर वसूली नहीं हो सकती। सांसद ने चेतावनी दी है कि जनता के साथ अन्याय किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# नेपाल तख्तापलट का असर: बनगवां मंडी में पसरा सन्नाटा, अवैध निर्माण पर संकट गहराया



पलिया कलां खीरी। विगत दो दिन पूर्व नेपाल की राजधानी काठमांडू में हुए तख्तापलट और उग्र हिंसक प्रदर्शनों के बाद हालात अभी पूरी तरह सामान्य नहीं हो पाए हैं। नेपाल में अब भी कर्फ्यू लागू है और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भारत-नेपाल सीमा से सटे सभी इलाकों में चौकसी कड़ी कर दी गई है। सीमा पर अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती कर दी गई है ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को रोका जा सके। सूत्रों के अनुसार नेपाल में हिंसक प्रदर्शनों के बाद ओली सरकार ने इस्तीफ़ा दे दिया है और पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली देश छोड़कर फरार हो चुके हैं। इस राजनीतिक अस्थिरता और हिंसा का सीधा असर अब भारत-नेपाल सीमा पर बसे बाज़ारों पर भी दिखाई देने लगा है। सबसे ज़्यादा असर गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट की सरकारी कृषि भूमि पर अवैध रूप से बसी बनगवां मंडी पर देखा जा रहा है। यह मंडी कभी नेपाली ग्राहकों से गुलजार रहती थी लेकिन नेपाल में बिगड़े हालात के बाद यहां सन्नाटा पसरा हुआ है। इसी बीच मंडी का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें साफ दिखाई दे रहा है कि नेपाल की परिस्थितियों का असर अब सीधे इस मंडी के कारोबार पर पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक लगभग एक वर्ष पूर्व बनगवां में तैनात रहे लेखपाल ने मंडी का सर्वे कराया था। इसमें करीब 193 दुकानों की पहचान की गई थी और धारा-3 के अंतर्गत पट्टा निरस्तीकरण की कार्रवाई भी प्रचलन में लाई गई थी। बावजूद इसके अवैध निर्माण थम नहीं पाया। प्रशासन ने करीब 5 वर्ष पूर्व मंडी खाली कराने के लिए मुनादी भी कराई थी लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। दो दिनों पूर्व तहसील प्रशासन ने बनगवां मंडी में हो रहे अवैध निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया था फिलहाल वर्तमान में यहां लगभग 200 अवैध दुकानें बन चुकी हैं और अवैध कब्ज़ा लगातार बढ़ रहा है।

# सीबीएसई की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित, 70 शिक्षकों ने लिया प्रशिक्षण में सहभाग

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।

▸ शिक्षण की नवीनतम तकनीकों पर हुई चर्चा

गोला गोकर्णनाथ स्थित श्रीराजेन्द्र गिरि मेमोरियल अकादमी, लक्ष्मनजती गोला में सीबीएसई प्रयागराज क्षेत्र के तत्वावधान में सीखने के परिणाम और शिक्षा शास्त्र विषयक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर विद्यालय के निदेशक श्री मोहित पुरी एवं प्रधानाचार्य आलोक कुमार मिश्र द्वारा किया गया।

कार्यशाला का संचालन शिक्षिका साक्षी पुरवार ने किया, जबकि तकनीकी सहायता का कार्यभार शिक्षक सुनील बाजपेई ने संभाला। प्रशिक्षण सत्र का संचालन प्रशिक्षिका प्रार्थना बाजपेई एवं प्रशिक्षक डॉ. हरेंद्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में दून पब्लिक स्कूल मोहम्मदी, यूडीसीए मोहम्मदी, अजमानी पब्लिक स्कूल लखीमपुर, जीडी गोयनका स्कूल गोला, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल सम्पूर्णानगर, स्मृति देवी पब्लिक स्कूल भीरा, ग्लोबल स्कॉलर्स अकादमी भीरा तथा श्री राजेन्द्र गिरि मेमोरियल अकादमी गोला सहित क्षेत्र के लगभग 70 शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में शिक्षण की आधुनिकतम तकनीकों पर विस्तृत चर्चा हुई, साथ ही विद्यार्थियों के सीखने के परिणामों को बेहतर करने हेतु विविध शैक्षणिक रणनीतियों पर शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। प्रधानाचार्य आलोक कुमार मिश्र ने कार्यशाला की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण न केवल शिक्षकों को नवीनतम शैक्षणिक पद्धतियों से जोड़ते हैं, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास में भी सहायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम के समापन अवसर पर शिक्षिका साक्षी पुरवार ने समस्त आगंतुकों, प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। भीरा से पधारे प्रधानाचार्य विजय सिंह एवं ग्लोबल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए और यह आशा जताई कि भविष्य में भी इस प्रकार की कार्यशालाएं होती रहेंगी।

## श्रीरामचरितमानस महिमा पर संगीतमय श्रीराम कथा का शुभारंभ



बलरामपुर। उतरौला बाजार में मानस परिवार सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीदुख हरण नाथ मंदिर शिवालय पर चल रही संगीतमई श्री राम कथा के प्रथम दिवस में अयोध्या धाम से पधारे प्रेम मूर्ति युवा संत सर्वेश महाराज ने कहा कि श्रीरामचरितमानस मानव समाज का सबसे बड़ा दर्पण है। श्रीरामचरितमानस शिव जी का प्रसाद कहा गया है शंभू प्रसाद सुमति हीए हुलसी राम चरित मानस कवि तुलसी श्री रामचरितमानस में सात कांड है सात कांड भगवान से मिलने की साथ सीधी है पहला कांड श्री रामचरितमानस का भगवान श्री राम का चरण है कथा के दौरान मौजूद रहे। ओमप्रकाश गुप्ता, महेश गुप्ता, दीपक गुप्ता, जयप्रकाश गुप्ता, संजय गुप्ता, नीरज गुप्ता आदि लोग मौजूद।

# लापरवाही की इम्तिहा: प्रसव पीड़ित महिला को आधी रात में किया बाहर, डॉक्टर ने दी पुलिस बुलाने की धमकी

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।




गोला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से एक बार फिर लापरवाही और अमानवीय व्यवहार का शर्मनाक चेहरा सामने आया है। गरीब मजदूर किसान पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के.के. यादव की पुत्री रंजना यादव को जब प्रसव पीड़ा हुई, तो परिवार ने पूरी उम्मीद के साथ सरकारी अस्पताल का रुख किया, लेकिन वहां जो कुछ भी हुआ, उसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। जानकारी के अनुसार, रंजना यादव पत्नी मुकेश कुमार को दिनांक 6 सितम्बर को सुबह 10 बजे गोला के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। वहां मौजूद महिला चिकित्सक डॉ. यामिनी बादल ने कहा कि नॉर्मल डिलीवरी हो जाएगी, चिंता की बात नहीं। लेकिन यह झूठी दिलासा तब तब्दील हो गई जब रात 12 बजे डॉक्टर ने साफ शब्दों में कह दिया-अब कहीं और ले जाओ। परिजन जब घबराए और पूछा कि अब कहां जाएं, तो जवाब में डॉ. यामिनी ने पुलिस बुलाने की धमकी दे दी। मौके पर मौजूद एक अन्य चिकित्सक डॉ. अजय वर्मा ने मरीज को दोबारा देखने का प्रयास किया, लेकिन महिला डॉक्टर ने किसी की एक नहीं सुनी। गरीब मजदूर किसान पार्टी के अनुसार, यह कोई पहला मामला नहीं है। दिनभर में 10 से अधिक मरीजों को इसी तरह जबरन प्राइवेट अस्पतालों की तरफ भेजा गया। सवाल यह उठता है कि क्या ये सरकारी डॉक्टर किसी गिरोह का हिस्सा हैं, जो प्राइवेट अस्पतालों से मिलकर काम कर रहे हैं? पार्टी के राष्ट्रीय सचिव चमन लाल ने इस मामले को मुख्यमंत्री के पास लिखित शिकायत के माध्यम से भेजा है और मांग की है कि डॉ. गणेश (प्रभारी), डॉ. यामिनी बादल सहित संबंधित सभी पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

## अधिवक्ता संघ भवन में पूर्व चेयरमैन परेश मिश्रा ने रखे विचार



बलरामपुर। उतरौला अधिवक्ताओं के हितों से कोई भी समझौता नहीं होगा,अधिवक्ता समाज विषम परिस्थिति में वंचित व शोषितों को न्याय दिलाने का कार्य करता है।आजादी के लड़ाई से लेकर वर्तमान समय में भी अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने का काम किया है। यह बात बार कार्उंसिल उत्तर प्रदेश के पूर्व चेयरमैन ने परेश मिश्रा ने अधिवक्ता संघ भवन उतरौला में कही।उन्होंने कहा कि अधिवक्ता समाज हमेशा ही अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाई है,अधिवक्ता समाज का दर्पण है विषम परिस्थिति में भी न्याय दिलाने का प्रयास करता चला आ रहा है।अधिवक्ताओं की जायज मांगों पर सरकार को विचार करना होगा। संघ भवन में परेश मिश्रा का अध्यक्ष अखिलेश सिंह, प्रह्लाद यादव, मार्कण्डेय। मिश्र,व्यासमुनी पांडे सहित अन्य अधिवक्ताओं ने स्वागत किया गया। पूर्व चेयरमैन से अधिवक्ताओं ने मृतक आश्रितों को सहायता राशि सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई जिसे निस्तारण करने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर सुधीर श्रीवास्तव, नाजिर मलिक, कैलाश उपाध्याय, लालजी मिश्र, मारुतिनंदन मिश्र, सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# जीएसटी काउंसिल का ऐतिहासिक फैसला: उपभोक्ताओं को राहत, व्यापारियों को सुगमता

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।









उतरौला बाजार के आम जनमानस द्वारा केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी काउंसिल की बैठक में किए गए अहम फैसले के बाद व्यापार जगत और उपभोक्ताओं के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही है। जीएसटी कार्उंसिल ने 12 और 28 प्रतिशत कर वाले स्लैब को समाप्त कर दिया है। इसके स्थान पर अब केवल 5, 18 और 22 प्रतिशत की नई दरें लागू होंगी। यह नई व्यवस्था 22 सितंबर से पूरे देश में लागू की जाएगी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इसे उपभोक्ता और व्यापारी हित में बड़ा कदम बताते हुए कहा कि इससे आम जनता को राहत मिलेगी और व्यापारियों को कारोबार में सरलता। व्यापारियों का कहना है कि 12 और 28 प्रतिशत वाले स्लैब की समाप्ति से व्यापार आसान होगा। अब उपभोक्ताओं को भी वस्तुएं पहले से सस्ती दरों पर मिलेंगी। कपड़ा, घरेलू सामान, इलेक्ट्रॉनिक्स, वाहन और रोजमर्रा की वस्तुएं नई दरों में शामिल होंगी। इससे ग्रामीण और शहरी दोनों बाजारों में खरीदारी को बढ़ावा मिलेगा।

उपभोक्ता जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि यह फैसला व्यापार जगत के साथ ही साथ उपभोक्ताओं के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। अब वस्तुओं पर टैक्स का बोझ कम होगा और उपभोक्ता निश्चिंत होकर खरीदारी करेंगे। वहीं व्यापारी अनिल कुमार गुप्ता का कहना है कि छोटे व्यापारियों को टैक्स की जटिलताओं से मुक्ति मिलेगी। पारदर्शिता बढ़ेगी और कारोबार में सुगमता आएगी।

विकास कुमार गुप्ता ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू सामान पर टैक्स दरें कम होने से उपभोक्ता अधिक खरीदारी करेंगे, जिससे बाजार में रौनक लौटेगी। उनका कहना है कि नई दरें न केवल व्यापारियों के लिए लाभकारी होंगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी उपभोक्ताओं को राहत देंगी।

उपभोक्ता महेश कुमार गुप्ता का कहना है कि अब चीजें सस्ती मिलेंगी। पहले ऊंची दरों के कारण जहां लोग सोच-समझकर खर्च करते थे, वहीं अब उपभोक्ता अधिक मात्रा में खरीदारी कर पाएंगे। इससे व्यापार भी बढ़ेगा और सरकार का राजस्व भी सुरक्षित रहेगा।

ग्रामीण उपभोक्ता विनय मिश्रा का कहना है कि नई जीएसटी दरों से परिवार के खर्च पर बोझ कम होगा। पहले जहां घरेलू सामान खरीदना मुश्किल हो जाता था, वहीं अब सस्ते दाम पर उपलब्ध होने से जीवन आसान होगा। इसी तरह आम उपभोक्ता संदीप गुप्त ने भी राहत की सांस लेते हुए कहा कि रोजमर्रा की चीजों के दाम कम होने से आम जनता को सीधा फायदा मिलेगा। पहले जो सामान 1000 रुपये का आता था, वह अब लगभग 800 से 850 रुपये में मिल सकेगा। इससे आम परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। विशेषज्ञों का कहना है कि जीएसटी में किए गए इस बदलाव से जहां एक ओर सरकार का कर संग्रह सरल होगा, वहीं उपभोक्ता और व्यापारी दोनों का विश्वास बढ़ेगा। कर प्रणाली में पारदर्शिता आएगी और कर चोरी की संभावनाएं भी कम होंगी। इस प्रकार, जीएसटी काउंसिल का यह निर्णय व्यापार और उपभोक्ता जगत दोनों के लिए फायदेमंद साबित होगा। अब देखना यह होगा कि नई दरें लागू होने के बाद बाजारों में इसका कितना सकारात्मक असर दिखाई देता है।

# बाढ़ प्रभावित 18 परिवारों को मिली 21 लाख की सहायता राशि

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य की समीक्षा एवं सामग्री वितरण के लिए गुरुवार को तहसील रामसनेही घाट अन्तर्गत खजुरी स्थित राहत केंद्र पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिले के प्रभारी मंत्री/कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही तथा खाद्य एवं रसद मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने संयुक्त रूप से एम0एल0सी अंगद कुमार सिंह व जिलाध्यक्ष भाजपा अरविंद कुमार मौर्य के साथ बाढ़ प्रभावित 100 से अधिक परिवारों को राहत सामग्री वितरित की। इसके अलावा कटान/क्षतिग्रस्त हुए 18 मकान स्वामियों को तात्कालिक सहायता के रूप में 21 लाख से अधिक की




सहायता राशि की प्रतीकात्मक चेक प्रदान की। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं जनपद की बाढ़ स्थितियों पर नजर रखी है और उनके निर्देशानुसार प्रशासन ने तेजी से कार्यवाही की है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सरकार हर जरूरतमंद तक समय से सहायता पहुंचाएगी।

**कटान से प्रभावित 18 घरों के स्वामियों को मिली 21 लाख से अधिक की आर्थिक सहायता**

बाढ़ की कटान से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए प्रत्येक मकान स्वामियों को 1 लाख 20 हजार रुपये (कुल 21 लाख से अधिक) की सहायता राशि प्रदान की गयी। जिसमें लाभार्थियों में राम अभिलाख सिंह, रामबहादुर, भगवान, सुमिरता, सुशीला देवी, तुलसीराम, रामबक्श, चमनलाल, राम सागर, लालू, श्रीकृष्ण, गीता, लालबहादुर, सुकई, रामकरन, मोतीलाल व तुलसीराम शामिल रहे। इस दौरान 05 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृति पत्र भी प्रदान किये गए। ग्रामीणों ने इस सहायता के लिए सरकार व मंत्रिगण का आभार जताया।

### सुरक्षित स्थलों पर बसाए जाएंगे ग्रामीणः सतीश चन्द्र शर्मा

खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री जी का स्पष्ट निर्देश है कि कोई भी प्रभावित परिवार असहाय न रहे। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थलों पर बसाया जाएगा। बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों के आस-पास के ग्रामीणों को ग्राम पंचायत स्तर पर भूमि उपलब्ध कराकर मकान निर्माण हेतु मदद दी जाएगी, ताकि भविष्य में उन्हें बार-बार इस समस्या का सामना न करना पड़े।

### 100 परिवारों को मिली राहत सामग्री

राहत केंद्र पर प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने कहा कि प्रदेश सरकार हर आपदा पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। राहत शिविर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने 100 प्रभावित परिवारों को 52 किलो की राहत सामग्री किट वितरित की। इसमें चावल, आटा, दाल, आलू, नमक, तेल, मसाले, मोमबत्ती, माचिस सहित आवश्यक वस्तुएँ शामिल थीं। उन्होंने कहा कि किसी भी पीड़ित परिवार को भूखा नहीं रहने दिया जाएगा और प्रशासन लगातार राहत सामग्री पहुँचाने के साथ चिकित्सीय सुविधाएं भी उपलब्ध करा रहा है।

### बेहतर तैयारी में बाढ़ से कम हुआ नुकसानः डीएम

जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कहा कि इस बार बाढ़ से निपटने के लिए पूर्व से ही ठोस तैयारियां की गई थीं, जिसके परिणामस्वरूप जनपद को बाढ़ की विभीषिका से अपेक्षाकृत कम नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने बताया कि रामनगर, सिरौलीगौसपुर और रामसनेहीघाट तहसीलों में लगातार निगरानी रखी गई।

राहत शिविरों में चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं और समय पर दवाइयां व आवश्यक सामग्री पहुँचाई गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, जिलाध्यक्ष भाजपा अरविंद मौर्य, ब्लॉक प्रमुख पूरे डलई रत्नेश सिंह,एडीएम न्यायिक राजकुमार यादव, अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह, एसडीएम अनुराग सिंह, सीएमओ डॉ. अवधेश कुमार यादव,टिकैतनगर नगर पंचायत अध्यक्ष श्री जगदीश प्रसाद गुप्ता समेत तमाम अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## तहसील फतेहपुर में नो हेलमेट-नो फ्यूल अभियान जारी

**फतेहपुर बाराबंकी।** परिवहन विभाग द्वारा चलाए जा रहे नो हेलमेट-नो फ्यूल अभियान के तहत शुक्रवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। परिवहन और यातायात विभाग की संयुक्त टीमों ने जनपद के विभिन्न मार्गों पर कार्रवाई की। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी अंकिता शुक्ला की टीम ने थाना बड्डूपुर क्षेत्र के पेट्रोल पम्प पर चेकिंग की।टीम ने बिना हेलमेट ईंधन भरवाने आए चालकों का चालान किया। चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई। यात्री, मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी और टीएसआई मधुसूदन की टीम ने बिना हेलमेट चल रहे 15 दोपहिया वाहनों के चालान किए। एआरटीओ की टीम ने 33 टन ओवरलोड में एक ट्रक को थाना कुर्सी में निरुद्ध किया।इसके अलावा 2 अन्य ओवरलोड वाहन भी सीज कर थाना कुर्सी भेजे गए।

# सीएचसी के अधीक्षक के तबादले से आक्रोशित हुए स्वास्थ्य कर्मी

**अस्पताल परिसर में दिया धरना, की नारेबाजी**

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सौरभ शुक्ला का स्थानांतरण किए जाने के विरोध में गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के अलावा जनप्रतिनिधियो एवं अधिवक्ताओं ने अस्पताल परिसर में धरना प्रदर्शन किया।

कई घंटे तक चलने धरना प्रदर्शन और नारेबाजी के दौरान राजनीतिक दबाव में किए गए स्थानांतरण को निरस्त किए जाने की मांग की गई। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को भेजे



गए मांग पत्र में कहा गया कि यदि डॉ0 शुक्ला का स्थानांतरण निरस्त नहीं किया जा सकता, तो हम सभी कर्मचारियों का सामुहिक स्थानांतरण भी अन्यत्र कर दिया जाए। धरना प्रदर्शन करने वालों में डॉ उमंग वर्मा, फार्मासिस्ट अमरीश मिश्रा, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संजय रावत, डी पी यादव, मनीष श्रीवास्तव, प्रधान शुशील कुमार, अधिवक्ता विभोर गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# ई-रिक्शा पर बैठी महिलाओं का बैग छीनकर फरार हुए बदमाश

**मसौली बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

गुरुवार की देर शाम गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ई-रिक्शा में सवार महिला का बैग पल्सर सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर छीन लिया बैग में नकद, मोबाइल और अन्य ज़रूरी सामान थे पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार जनपद लखनऊ के थाना सहादतगंज के करीमगंज निकट मौजानगर निवासी हीना फातिमा पत्नी मो0 दानिश मसौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिन्दौरा गाँव मे दवा लेने के लिए आयी थी दवा लेकर हीना फातिमा ई रिक्सा नम्बर यूपी 41 बीटी 9192 से घर वापस लौट रही थी रिक्से मे पहले से ही चार अन्य सवारी बैठी थी ई रिक्सा ग्राम नेवला करसंडा के पास जैसे ही पहुंचा तभी पीछे से सफ़ेद रंग की पल्सर बाईक से आये दो लोगो ने



दाहिने साइड मे आकर ई रिक्सा को ओवरटेक करते हुए हाथ मे मौजूद हैण्डबैग को छीन कर तेज रफ्तार मे फरार हो गये महिला के बैग मे 6 सौ रुपये की नगदी , ओपो मोबाइल, आधार कार्ड आदि मौजूद थे। पीड़िता ने मौके से ही डायल 112 को सूचना दी लेकिन पल्सर सवार युवकों का पता नही चल सका। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस सीसीटीवी कैमरे के जरिये युवकों की तलाश मे जुटी हुई है। प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है जिसकी जाँच की जा रही है।

# सार्वजनिक बैकुंठ धाम के लिए नहीं आरक्षित हुई जमीन

**नगर पंचायत बंकी के पास पर्याप्त जमीन हिंदुओं के सार्वजनिक बैकुंठ धाम के लिए उपलब्ध नहीं**

**बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

शहर का एक बड़ा हिस्सा बंकी नगर पंचायत को जोड़ने से पूरा होता है। इस नगर पंचायत में हिंदुओं के लिए अंत्येष्टि स्थल के लिए भूमि आरक्षित कराने के लिए समजसेवी पत्रकार दिलीप श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी, एसडीएम और नगर पंचायत का दरवाजा खटखटाया किंतु इस सार्वजनिक कार्य के लिए कोई सफलता नही मिली। दिलीप श्रीवास्तव बताते हैं कि जो दुनिया में जन्मा है, उसकी मृत्यु निश्चित है, चाहे वह राजा हो या रंक।

उसके अंतिम संस्कार के लिए सार्वजनिक भूमि की आवश्यकता होती है जहां उसके शव का कर्मकांडों के साथ दाह संस्कार किया जा सके। जनपद मुख्यालय से सटी हुई नगर पंचायत बकी में सार्वजनिक बैकुंठ धाम/दाह संस्कार का कोई स्थान निश्चित नहीं है जबकि नगर पंचायत बंकी में 70 प्रतिशत हिंदू आबादी निवास करती है।

इस समस्या को लेकर दिलीप कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल 21 अगस्त 2025 को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी से मिलकर इसके समाधान हेतु एक मांग पत्र दिया था।

उक्त मांग पत्र की गंभीरता को समझते हुए जिला अधिकारी द्वारा जनसुनवाई पोर्टल में दर्ज करवाते हुए 22 अगस्त को संदर्भ सं- 20017625021661 के मांग पत्र को निस्तारण हेतु अधिशाषीअधिकारी नगर पंचायत बंकी को भेजा गया था। किन्तु जनहित मे जायज समस्या का समाधान किये बिना 09 सितंबर 2025 को जनसुनवाई पोर्टल पर जिला अधिकारी को भेजी अपनी आख्या में कहां कि नगर पंचायत निकाय के पास पर्याप्त जमीन बैकुंठ धाम, /दाह संस्कार के लिए उपलब्ध नही है, जहां सार्वजनिक बैकुंठ धाम बनाया जा सके।

जबकि भरोसेमंद सूत्रो का कहना है कि निकाय के सीमा बिस्तार में पशु चराचर एवं बंजर भूमि बाराबंकी देहात मे काफी है, जिसे चिह्नित कर सार्वजनिक बैकुंठ धाम बनाया जा सकता है। अधिशासी अधिकारी की व्याख्या से असंतुष्ट समाजसेवी दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री को रजिस्टर डाक से मांग पत्र भेजकर नगर पंचायत बंकी में शीघ्र से शीघ्र हिंदुओं के लिए सार्वजनिक बैकुंठ धाम/ दाह संस्कार स्थल के निर्माण की मांग की है।

## खबरें एक नजर में

### प्रशांत तिवारी ने बाढ़ स्थिति का लिया जायजा



**इटावा।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य प्रशांत तिवारी ने सदर तहसील क्षेत्र के मनपुरा एवं सुनवारा में जाकर आई बाढ़ स्थिति का जायजा लिया एवं आमजन मानस से उनकी परेशानी को जाना। श्री तिवारी ने सम्बन्धित अधिकारी सदर तहसीलदार एवं लेखपाल से बात करते हुए कहा कि सरकार जिस छेत्र में बाढ़ आई है उन क्षेत्र के घरों में राहत सामग्री व बने हुई खाने के पैकेट पहुंचाई जाए स्वास्थ विभाग की टीम जाकर घर घर दवा दे व बाढ़ के कारण जानवर जो बीमार हुए है उनका इलाज सही ढंग से हो व बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में जो किसानों का नुकसान हुआ है उसका उचित मुआवजा दिया जाए साथ ही ये मांग की धूमनपुरा क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था की जाए।

### किसान क्रांतिदल के कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न




**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** राष्ट्रवादी किसान क्रांति दल की कार्यकर्ता बैठक हैदरगढ़ के ग्राम केल्हनुवा में संपन्न हुई । जिसमें प्रदेश अध्यक्ष रामजी तिवारी,प्रदेश प्रवक्ता श्री गणेश प्रसाद शुक्ला , तहसील अध्यक्ष खालिद खान प्रदेश अध्यक्ष ने किसानों के लिए नौजवानों के लिए योजनाओं के नए नए द्वार खोलें , और बताया कि जैसे पार्टी सत्ता में आती है उसके तुरंत बाद किसानों के अन्न का दाम फिक्स कर दिया जाएगा मो0 गुड्डू , अमीन खान, हलीम राईन, राघवेंद्र, रामआधार , रामबरन, अखिलेश, रामराज, गुड़िया, सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित होकर कार्यक्रम को संपन्न किया ।

### मछली चोरी करते पकड़ा तो हमला करके हुआ फरार

**मसौली, बाराबंकी।** जहागीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम करन्द मे बीती रात्रि चोरी से मछली पकड़ रहे चोर को मछली पालक द्वारा पकड़ लेने पर मछली पालक पर हमला कर चोर फरार हो गया पीड़ित ने जहागीराबाद थाने मे तहरीर दी है। बताते चले कि जहागीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम करन्द निवासी संदीप कुमार पुत्र बद्री प्रसाद के तालाब मे बीती रात्रि जाल लगाकर चोरी से मछली पकड़ रहे गांव के ही विक्रम पुत्र छोटेलाल को रंगे हाथ पकड़ लिया मछली पालक की पकड़ मे आये चोर ने जोरदार घुसा मारते हुए मौके से फरार हो गया मछली पालक पानी मे गिर गया गुरवार को मछली चोरी करने वाले के यहां शिकायत करने पर विक्रम के परिजनों ने मछली पालक को गंदी गंदी गलियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। इससे पूर्व एक पखवाड़ा पहले अज्ञात लोगो ने संदीप के तालाब मे जहरीली दवा छोड़कर कर लाखो रुपये की मछली मर गयी थी।

### दस लीटर कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**जैदपुर बाराबंकी।** मुखबिर से सूचना मिलते ही जैदपुर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर एक व्यक्ति को दस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में कार्यवाही की है ।जानकारी के अनुसार लगातार अपराध पर अंकुश लगाने का प्रयास करने वाले एसआई जयचंद सिंह सहयोगी पुलिस टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर जैदपुर थाना क्षेत्र के अलुवा मऊ रोड के पास पहुंचे जहां काफी मशक्कत करने पर वलि करण पुत्र भगोले निवासी भरथई थाना जैदपुर को दस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। जिसके विरुध संबंधित धाराओ मे कार्यवाही की गयी। इस संबंध में दरोगा जयचंद सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति को दस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर कार्यवाही की गयी है।

# सरकारी अस्पतालों की भीड़ को देख लोग झोलाछाप डॉक्टरों से इलाज के लिए है मजबूर

**जैदपुर बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैदपुर मे बढ़ती मरीजो की संख्या देखते हुए डॉक्टरो की संख्या में काफी कमी होने के चलते मरीज झोलाछाप डॉक्टरों से उपहार कराने पर मजबूर हैं।जबकि आज भी महिला डाक्टर की नामौजूदगी के चलते तमाम मरीज वापस होते देखे गये बुखार वायरस सहित अन्य मरीजो को विभिन्न प्रकार की समस्या को झेलना पड़ रहा है। डॉक्टर नजमुल सिद्दीकी दिवेश पटेल,डाक्टर हेमंत की ओपीडी मे मरीजो का ताता लगा रहा और पर्चा बनवाने के लिये लम्बी लाईन भी लगी रही। बताते चले कि जैदपुर कस्बा एक बड़ी आबादी मे शुमार



होने के साथ आस पास के ग्रामीण क्षेत्र से प्रति दिन सैकड़ो की संख्या मरीज समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आते है। जहां डाक्टरो की कमी होने के साथ, वेटिंग हाल मे एक पंखा तक न होने से लोग हाथ के पंखों का सहारा लेने पर मजबूर हैं। इस संबंध में अधीक्षक डाक्टर जगदीश कुमार से बात की गयी तो बताया गया कि पहले दो लेडी डाक्टर थी,अब सहिंदा अकेली है जो आज छुट्टी पर है। डॉक्टरो की कमी को लेकर हमारे द्वारा विभाग के लोगो को जानकारी भी दी गयी,मौसमी बीमारियो को लेकर मरीजों की संख्या बढ़ी है।जिन्हे तगातार देखा जा रहा है।

# प्राथमिक विद्यालय की छात्राओं को बताए जा रहे आत्मरक्षा के गुर

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

कोमल है कमजोर नहीं तू,शक्ति का नाम ही नारी है बात को चरितार्थ करते हुए केन्द्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मिशन शक्ति के क्रम में प्रदेश के समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालयो 6 से 8 तक की बच्चियों को वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय विद्यानगर पूरेडलई बाराबंकी में प्रशिक्षक कुलदीप प्रताप सिंह के द्वारा बालिकाओं को आत्मरक्षा, आत्मसुरक्षा, आत्मबल के माध्यम से विपरीत परिस्थितियों में स्वयं व परिवार की सुरक्षा का पाठ पढ़ाया जा रहा है। आत्मरक्षा प्रशिक्षण के साथ



योग व सूक्ष्म व्यायाम के माध्यम से बालिकाओं को शारीरिक व मानसिक रुप से मजबूत करना ही इसका मुख्य उद्देश्य है। एक विद्यालय में बालिकाओं को 24 दिन प्रशिक्षण की रुपरेखा शासन द्वारा निर्धारित है। प्रशिक्षण को रुचिकर बनाने के लिए कुछ खेल भी कराएं जाते हैं।

## अनुदेशक कल्याण समिति की हुई बैठक

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** ब्लॉक संसाधन केंद्र में गुरुवार पूर्व माध्यमिक अनुदेशक कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से इंद्रेश कुमार यादव ब्लॉक अध्यक्ष चुने गये। महामंत्री कुलदीप त्यागी को कोषाध्यक्ष संजय कुमार वर्मा बनाया गया। कमरुल जमा को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई। शबनम रावत को महिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। बैठक में अनुदेशक कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष रमाकांत वर्मा, ब्लॉक प्रभारी प्रदीप कुमार वर्मा और रामनगर ब्लॉक से आए अनुदेशक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पंकज कुमार, कुलदीप हिमांशी, अरुण कुमार द्विवेदी, राजेश कुमार, आनंद जायसवाल, सुमन, प्रियंका देवी, राजकपूर, शबनम और कमरूज्जमा सहित अन्य अनुदेशक मौजूद रहे।

## मार्ग दुर्घटना में युवक घायल

**उन्नाव।** बारासगवर थाना क्षेत्र के बारा भगवंत नगर रोड पर वीरपुर भट्ठे के पास चारपहिया वाहन की टक्कर से बाइक चला गया युवक घायल हो गया। घायल युवक ने दुर्घटना को लेकर पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बारासगवर के गाँव कुतुबुद्दीन गढेवा निवासी धर्मेंद्र कुमार पुत्र रामनरेश गुरुवार सुबह बाइक से तहसील जा रहा था। वीरपुर स्थित भट्ठे के पास एक तेज रफ्तार से आ रहे चौपहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। साथ ही बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गयी। कार सवार गाड़ी से उतरते ही गाली-गलौज करने लगे व धमकी देने लगे। पीड़ित ने थाने में देकर कार्यवाही की मांग की है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया तहरीर प्राप्त हुई है जांच की जा रही है।

# सांसद-विधायक ने बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज़।**

बीघापुर तहसील के गंगा कटरी क्षेत्र में चल रही बाढ़ की समस्या को लेकर सांसद डॉक्टर सच्चिदानंद हरिसाक्षी महाराज व विधायक आशुतोष शुक्ल ने गढ़ेवा पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण कर लोगों से बातचीत की।

गुरुवार को भाजपा सासंद साक्षी महाराज और क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ला ने गंगाकटरी क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांव गढ़ेवा, करमी, पिपरासर सहिबीखेड़ा व भीखीखेड़ा का स्थलीय निरीक्षण किया। सांसद ने बाढ़ पीड़ित परिवारों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनकर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। सांसद और क्षेत्रीय विधायक ने बाढ़ पीड़ित



परिवारों को बाढ़ राहत सामग्री प्रदान की। सांसद साक्षी महाराज ने बाढ़ पीड़ित परिवारों से कहा कि केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार हमेशा से ही गरीबों के मदद के लिए तत्पर रही है। इस आपदा की घड़ी में जरूरत है कि हर सक्षम व्यक्ति मदद के लिए आगे आए। क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ला ने कहा कि जब तक स्थिति सामान्य नहीं हो जाती तब तक मदद जारी रहेगी। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को भी सामाजिक दायित्व निभाने और सेवा भाव से कार्य करने का आह्वान किया। राहत सामग्री वितरण के बाद सांसद और विधायक ने प्रशासनिक अधिकारियों से बाढ़ पीड़ितों के लिए आवश्यक व्यवस्था के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम रणवीर सिंह, सीओ मधुपनाथ मिश्रा, समाजसेवी अमितेश सिंह नंदू, अरुण सिंह, संजय, सुधीर श्रीवास्तव, प्रदीप शुक्ल, अन्नू सिंह, सोनू सैनी आदि रहे।

# मुठभेड़ में 25-25 हजार के दो ईनामियां लुटेरे गिरफ्तार

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज़।**

गत 10 सितम्बर को समय करीब 19.40 बजे थाना गंगाघाट पुलिस द्वारा थाना गंगाघाट क्षेत्रांतर्गत ग्राम लखापुर गांव के पास स्थित त्रिभुवनखेड़ा तिराहे पर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल नं0-यूपी33बीई-7576 सवार दो व्यक्तियों को रोका गया तो बाइक सवार बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर फायर किया गया। आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही में दोनों बदमाशों के पैर मे गोली लगी। दोनों अभियुक्तो ने पूंछताछ में अपना नाम रामू पुत्र गुरूप्रसाद नि0 रसूलपुर थाना बछरावां जनपद रायबरेली व राजू पुत्र हफीज नि0 गुटकुशहन फुलेन्डी थाना बछरावां जनपद रायबरेली बताया तथा दोनों के द्वारा 9 सितम्बर को थाना गंगाघाट क्षेत्रांतर्गत डाकतार कोलोनी में घर मे घुसकर महिलाओं को बंधक बनाकर लूट की घटना कारित करना स्वीकार किया गया। जिसके संदर्भ में थाना गंगाघाट पर मु0अ0सं0-549/25 धारा 309(6) बीएनएस बनाम तीन अज्ञात अभियुक्तगण पंजीकृत किया गया था तथा अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु 25-25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था। अभियुक्तगण के कब्जे से 02 अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 02 खोखा व 02 जिंदा कारतूस 315 बोर एवं लूट के 01 लाख 05 हजार रुपये एवं मोटरसाइकिल बरामद की गई।

## पम्पिंग सेट में साड़ी फंसने से महिला घायल

**उन्नाव।** बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सलेमपुर में खेत पर चल रहे पंपिंग सेट के पहिए में महिला की साड़ी का पल्लू फंस गया, जिससे महिला की गर्दन कस गई और वह जमीन पर गिरकर घायल हो गई। घायल महिला को आनन फानन यहां के सरकारी अस्पताल मे भर्ती कराया गया। जहां के चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर बताकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। ग्राम सलेमपुर निवासी अंबरलाल आज गुरुवार को खेत पर काम करने गया था। दोपहर को उसकी पत्नी पूनम खाना लेकर खेत पर गयी थी। तभी वहाँ चल रहे पंपिंग सेट के पहिए में पूनम की साड़ी फंस गई। जिससे पूनम की गर्दन कस गई और वह जमीन पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गई।

# तीर्थ कुनैरा में वार्षिक मेला व महामस्तकाभिषेक सम्पन्न

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

दिगंबर जैन नवग्रह अहिंसा तीर्थ कुनैरा में वार्षिक मेला व महामस्तकाभिषेक महोत्सव आचार्य प्रमुख सागर महाराज के आशीर्वाद एवं निर्देशन में आयोजित किया गया। सुबह श्रीजी का अभिषेक व शांतिधारा पुजारियों द्वारा सम्पन्न हुई। विधानाचार्य ब्रह्मचारिणी बीना ने नवग्रह विधान कराया। भक्ति संगीत विमल एंड पार्टी म्यूजिक ग्रुप, भिंड मध्य प्रदेश द्वारा प्रस्तुत किया गया। दोपहर में महिलाओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम व भजनों की प्रस्तुति हुई। इसके बाद मंदिर प्रांगण से भव्य रथयात्रा निकाली गई। गाजेबाजे और हर्षोल्लास के साथ नगर



भ्रमण करती हुई रथयात्रा पुनः मंदिर प्रांगण में पहुंची। नवीन रथ पर श्रीजी को विराजमान कराने का सौभाग्य सतेंद्र जैन, अकिंत जैन एवं अनुत जैन परिवार को प्राप्त हुआ। विशेष बात यह रही कि रथ को जैन धर्मानुरागियों ने खींचकर यात्रा को सम्पन्न कराया। मंदिर प्रांगण में श्रीजी का प्रासुक जल से महामस्तकाभिषेक किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण गुप्ता, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, नगर पालिका चेयरमैन ज्योति गुप्ता, हिंदू सेवा समिति संस्थापक प्रदीप शर्मा, जिलामहामंत्री प्रशांत राब चौबे, मंत्री डॉ. ज्योति वर्मा, सीपू चौधरी, एमपी सिंह तोमर उपस्थित रहे। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष संजू जैन, महामंत्री बोनू जैन, मनोज जैन कल्लू, अरविंद जैन, उमेश जैन, नवीन जैन, मन्नू जैन कोरिया, मिथुन जैन, सुशील जैन व महिला मंडल पूजा जैन लवली जैन सोनी जैन सरिता जैन विनीता जैन ममता जैन सहित अन्य पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर स्वागत किया। सायंकाल श्रीजी की महाआरती आयोजित हुई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां हुई। मंच संचालन महावीर प्रसाद जैन ने किया। महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भिंड, दिल्ली, मैनपुरी, करहल, जसवंतनगर सहित विभिन्न स्थानों से शामिल हुए।

## फाउंडेशन ने प्रशांत की दसवीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**इटावा।** प्रशांत फाउंडेशन एक ऐसा नाम जो इंसानियत की मिसाल और गरीबों की मदद के लिए मसीहा के तौर पर जाना जाता है। फाउंडेशन के पदाधिकारी जो मददगार बनकर उन लोगों की मदद करने पहुंचते हैं जो लोग आर्थिक हालातों की मार झेल रहे हैं। अक्सर आपने प्रशांत फाउंडेशन का नाम खबरों में सुना है और अखबारों की सुर्खियों में पढ़ा है। लेकिन शायद ही कोई होगा जिसे पता हो कि इंसानियत के नाम पर शुरू हुए प्रशांत फाउंडेशन की कहानी क्या है। शायद ही किसी को पता हो कि ये प्रशांत नाम आखिर किसका है जिसके नाम पर समाजसेवा की अलख जगाई जा रही है। तो आज हम आपको बताएंगे कि प्रशांत फाउंडेशन की कहानी आखिर क्या है और किसके नाम पर इस संस्था को शुरू किया गया। दरअसल इटावा जिले की तहसील जसवंतनगर के नगला हरे निवासी स्व. प्रशांत कुमार के नाम पर इस संस्था को शुरू किया गया।


## कार्यालय ग्रा0पं0 भावन वि0ख0 राजेपुर, फर्रुखाबाद

पत्रांकःमीमो/ग्रा0पं0/पंचायती राज विभाग/मनरेगा योजनान्तर्गत टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2025-26 दिनांक 11/09/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

पंचायती राज विभाग/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में वर्ष 2025-26 अन्तर्गत ग्राम पंचायत भावन की स्वीकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 12/09/2025 से दिनांक 25/09/2025 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 25/09/2025 शाम 04 बजे निर्माण समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्रं. | | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | उचित दर की दुकान व जन सुविधा केंद्र का निर्माण कार्य | मनरेगा/ पंचायती राज विभाग | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 8.48 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

प्रधान-अनिल कुमार, ग्रा0पं0 भावन, राजेपुर सचिव- मुनीश कुमार

## कार्यालय ग्रा0पं0 अमैयापुर वि0ख0 राजेपुर, फर्रुखाबाद

पत्रांकःमीमो/ग्रा0पं0/पंचायती राज विभाग/मनरेगा योजनान्तर्गत टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2025-26 दिनांक 11/09/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

पंचायती राज विभाग/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में वर्ष 2025-26 अन्तर्गत ग्राम पंचायत अमैयापुर की स्वीकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 12/09/2025 से दिनांक 25/09/2025 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 25/09/2025 शाम 04 बजे निर्माण समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्रं. | | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | उचित दर की दुकान व जन सुविधा केंद्र का निर्माण कार्य | मनरेगा/ पंचायती राज विभाग | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 8.48 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

प्रधान-राम सिंह यादव, ग्रा0पं0 अमैयापुर राजेपुर सचिव- मुनीश कुमार

# बाढ़ प्रभावितों के राहत कार्यों में न हो लापरवाही: असीम

▸ ज़रूरतमंद लोगों की हर आवश्यक सहायता की जाए सुनिश्चित

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



कलेक्ट्रेट सभागार जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व अन्य अधिकारियों एवं भाजपा मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक कर बाढ़ राहत कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को हर संभव मदद पहुंचाने के लिए निर्देश दिए। बाढ़ पीड़ित सहायता हेतु डिस्ट्रिक्ट कमांड सेंटर 1077 अथवा व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 9454418905 जारी करते हुए मदद के लिए संपर्क करने को भी कहा। मंत्री असीम अरूण ने जनपद के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र झुकैया, साढ़ियापुर, औकड़नपुर, पाटियन, हीरापुर्वा, कटरी अमीनाबाद एवं महाबलीपुर का का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामवासियों की समस्याएं सुनी तथा ग्रामवासियों द्वारा कई स्थानों पर जल निकासी की समस्या रखी गई, जिस पर मंत्री ने त्वरित जल निकासी की समस्या निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। बाढ़ राहत कार्य में लगाएं गए अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर राहत कार्यों में लावरवाही न की जाए और ज़रूरतमंद लोगों की हर आवश्यक सहायता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि चिकित्सा टीमें पूरी सतर्कता के साथ कार्य करें, संभावित बाढ़ को दृष्टिगत रखते हुये पशुओं के लिये चारे, तथा ठहरने एवं पशु चिकित्सा की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। कहा कि जल स्तर के घटने पर अधिकतर बीमारियां फैलती हैं। स्वास्थ्य विभाग स्वास्थ्य कैंप के साथ ही बेहतर चिकित्सीय सुविधा प्रदान करें। उन्होनें बाढ़ क्षेत्र कें भ्रमण के दौरान कहा कि कोई भी छात्र/ छात्रायें शिक्षा से वंचित नही रहनी चाहिए। बैठक में डीएम आशुतोष मोहन, एसपी विनोद कुमार ,व भारतीय जनता पार्टी संगठन से मंडल अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी रहे।

## तेज रफ्तार बाइकों की आमने-सामने टक्कर तीन गंभीर रूप से घायल

**जगम्मनपुर,जालौन।** रामपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत जगम्मनपुर-कुठौंद मार्ग पर ग्राम लिड़ऊपुर के पास बहराई मोड़ पर गुरुवार को सुबह करीब9 बजे दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि एक अन्य बाइक सवार मामूली चोट लगने के बाद अपनी गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया।मिली जानकारी के अनुसार, हीरो मोटरसाइकिल (संख्या यूपी 75 एल 4549) पर सवार राहुल पुत्र जयवीर (28), कल्लू पुत्र रामस्वरूप (45) और रामकैलाश पुत्र गेंदालाल (48) निवासी ग्राम हनुमंतपुरा चौराहा, थाना सहसों, जिला इटावा इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए।

# वैदिक गणित प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के बच्चों ने लहराया परचम

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



फर्रूखाबाद में आयोजित वैदिक गणित प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, छिबरामऊ के भैया-बहनों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न श्रेणियों में शानदार सफलता हासिल की और अपना परचम लहराया।

किशोर वर्ग में भैया प्रतीक पाल विश्वास ने अपनी गणितीय कुशलता का परिचय देते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। वहीं, शिशु वर्ग में भैया अनुराग, बहन अदिति और बहन आरोही ने भी शानदार प्रदर्शन किया और संयुक्त रूप से दूसरा स्थान हासिल किया। इन बच्चों ने वैदिक गणित की जटिल समस्याओं को हल करने में अपनी बुद्धिमता और कौशल का लोहा मनवाया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शुक्ला ने बच्चों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि यह सफलता विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने बच्चों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना की।

# सौ शैया अस्पताल में अव्यवस्थाओं का बोलबाला

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित सौ शैया अस्पताल में अव्यवस्थाओं का आलम है। रोजाना सैकड़ों मरीजों का आवागमन होने वाले इस अस्पताल में मात्र एक व्हीलचेयर उपलब्ध है, वह भी टूटी-फूटी हालत में है।

यह स्थिति गंभीर मरीजों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए लाखों-करोड़ों रुपये खर्च कर रहे हैं, ताकि लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं मिल सके, लेकिन अस्पतालों की बदहाल स्थिति उनकी योजनाओं पर पलीता लगाने का काम कर रही है। इस अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में गंभीर रूप से घायल मरीजों के लिए पहले स्ट्रेचर और व्हीलचेयर की व्यवस्था थी, लेकिन अब हालात बदतर हैं। पहले दो व्हीलचेयर थीं, जिनमें से एक काफी समय पहले खराब होकर कबाड़ में तब्दील हो चुकी थी। अब दूसरी व्हीलचेयर भी उपयोग के लायक नहीं रही। इसके चलते मरीजों को लाने-ले जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बुजुर्ग और गंभीर मरीजों के लिए यह स्थिति और भी कष्टदायक है। क्योंकि बैड पर पड़े चलने में असमर्थ मरीजों को शौच जाने के लिए व्हीलचेयर की जरूरत पड़ती है। व्हीलचेयर ना होने की स्थिति में तीमारदारों को अपने मरीज को गोद में उठाकर ले जाना पड़ता है। अस्पताल प्रशासन की लापरवाही से मरीजों की परेशानी बढ़ रही है और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं।

## सोलर लाइट बैटरी चोरी का मुकदमा दर्ज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** विकास खंड क्षेत्र के ग्राम कमालपुर निवासी जुगलकिशोर पुत्र स्व. रामकिशन शाक्य की तहरीर पर पुलिस ने पिता पुत्र के खिलाफ सोलर लाइट की बैटरी चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की थी। इसमें कहा था कि ग्राम कमालपुर के बुद्ध विहार में विधायक निधि से स्थापित सोलर लाइट की बैटरी गांव के ही निवासी सचिन शाक्य पुत्र कमलेश शाक्य और उनके पिता कमलेश शाक्य पुत्र पातीराम द्वारा 2 से 10 सितंबर के बीच चोरी कर ली गई। इस चोरी के कारण बुद्ध विहार में अंधेरा रहता है, जिससे लोगों को असुविधा हो रही है। जुगलकिशोर ने मुख्य विकास अधिकारी से सचिन शाक्य और कमलेश शाक्य के खिलाफ विधिक कार्रवाई करने की मांग की थी जिसके आधार पर आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# पुरानी मंडी का जर्जर गेट गिराकर हटाया मलबा

▸ ब्रिटिश पीरियड में हुआ था निर्माण

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



ब्रिटिश शासन काल में नगर की पुरानी मंडी में बनाया गया गेट जर्जर हालात में था। बुधवार की रात उसे गिरा कर मलबा हटा दिया गया है। अब उसका नक्शा पास होने के बाद निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

इस मामले में पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया कि जर्जर हालात में खड़े गेट से कोई हादसा ना हो जाए इसको लेकर उसे गिराकर मालबा हटा दिया गया है। अब उसका नक्शा पास होने के बाद दोबारा से गेट का निर्माण कार्य कराया जाएगा। मालूम हो कि ब्रिटिश हुकूमत में नगर की रिहायशी आबादी पीपल चौराहे तक थी। 18वीं शताब्दी के अंतिम दशक में अंग्रेजों ने नगर में तहसील, सराय, दो मंडियों के गेट और पुलिस थाने का निर्माण उस समय चलने वाली पतली ककइया ईंटों से कराया था। पुरानी तहसील के जर्जर भवन को तोड़कर वहां राजकीय रमाबाई बालिका इंटर कॉलेज का निर्माण हो गया है। कुछ समय पूर्व जर्जर गेट का बड़ा टुकड़ा उखड़ कर नीचे जा गिरा। इससे कई लोग घायल होने से बाल बाल बच गए थे। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू एवं किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने मंडी के पुराने जर्जर गेट की मरम्मत की मांग उठाई थी। शैलेंद्र गुप्ता लालू ने प्रशासन को पत्र भेजकर गेट को गिराने अथवा मरम्मत कराने की मांग की थी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। हालांकि नगरपालिका के चेयरमैन मनोज दुबे ने इसका निरीक्षण करने के बाद जीर्णोद्धार का आश्वासन दिया था। नगर पालिका में इसका टेंडर उठने के बाद बुधवार की रात जर्जर गेट को गिरकर मालबा हटा दिया गया है।

## गाय चोरी के आरोप में तीन को किया पुलिस को सुपुर्द

**छिबरामऊ, कन्नौज।** गुरुवार की दोपहर घर के बाहर बंधी गाय को खोल कर ले जा रहे तीन युवकों को ग्रामीणों ने घेर कर पकड़ लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कपूरपुर निवासी इंतजार खान ने बताया कि उनके घर के बाहर उनकी गाय बांधी थी। गुरुवार की दोपहर लगभग 2:30 बजे कुछ लोग पिकअप गाड़ी तथा बाइक पर सवार होकर आए और गाय को खोलकर अपने साथ ले जा रहे थे, तभी इंतजार खान ने देख लिया और उनके पीछे दौड़ पड़े। कुछ दूरी पर खड़ी पिकअप पर गाय को चढ़ाते समय आरोपियों ने इंतजार के साथ मारपीट शुरू कर दी। चीख पुकार सुनकर ग्रामीणों को अपनी तरफ आता देख कुछ आरोपी पिकअप पर सवार होकर फरार हो गए, जबकि तीन युवकों को ग्रामीणों ने घेर कर पकड़ लिया।

# वन विभाग की मिलीभगत से फलदार हरे पेड़ों का अवैध कटान धड़ल्ले से जारी



**सौरिख,समृद्धि न्यूज।**

▸ सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए बड़े पैमाने पर लोगों को कर रही जागरूक वन विभाग कर रहा अनदेखी

पर्यावरण असंतुलन का खामियाजा दुनिया भुगत रही है सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक कर ज्यादा से ज्यादा पेड़ों को लगाने के लिए कह रही है और वन विभाग के जिम्मेदार फलदार हरे पेड़ों को कटाने में व्यस्त है। इलाके में लकड़ी ठेकेदारों और वन विभाग के जिम्मेदारों की सांठगांठ से हरे पेड़ों की कटान धड़ल्ले से जारी है। हरे प्रतिबंधित पेड़ों पर लकड़ी माफियाओं और वन विभाग के अधिकारियों की सांठगांठ से कुल्हाड़ी व आरा चलना जारी है।इलाके में बड़े पैमाने पर फलदार व छायादार हरे पेड़ो का अवैध कटान जारी है और वन विभाग के जिम्मेदार मौन हैं। जबकि सरकार पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर लोगों को ज्यादा से ज्यादा पेड़ो को लगाने के लिए प्रेरित कर रही है लेकिन वन विभाग के जिम्मेदार पर्यावरण संरक्षण बिगाड़ने पर आमादा हैं।वन माफियाओं ने अब परिवहन का तरीका बदल दिया है और रात के अंधेरे में धड़ल्ले से हरे पेड़ो की लकड़ी का परिवहन ट्रैक्टरों पर त्रिपाल डालकर किया जा रहा है।इस बारे में डिप्टी रेंजर धीरेंद्र सिंह से फोन पर कई बार बात करने का प्रयास किया लेकिन फोन रिसीव नहीं किया गया।

# अजगर सांप के दिखने से ग्रामीणों में दहशत

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



कोतवाली क्षेत्र में नवीन मंडी के पास हाईवे पुलिया के नीचे एक अजगर सांप के दिखने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है, क्योंकि अजगर की मौजूदगी से खतरे की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी, जिसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने अजगर को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह पुलिया के नीचे घुस गया, जिसके कारण उसे पकड़ना संभव नहीं हो सका। इससे ग्रामीणों की चिंता और बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अजगर के कारण क्षेत्र में भय का माहौल है, और वे वन विभाग से जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वन विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि वे अजगर को पकड़ने के लिए विशेष प्रयास करेंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस समस्या का तत्काल समाधान किया जाए, ताकि क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। फिलहाल वन विभाग की टीमें स्थिति पर नजर रख रही हैं और जल्द ही अजगर को पकड़ने की योजना बना रही हैं।

# उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष का हुआ स्वागत

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष आनंद गुप्ता का कन्नौज नगर इकाई ने जोरदार स्वागत किया।

स्वागत समारोह का नेतृत्व नगर अध्यक्ष गौरव गोयल एडवोकेट और युवा नगर अध्यक्ष डॉ. आदित्य श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष आनंद गुप्ता ने कहा कि वे कन्नौज जिले में संगठन को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और व्यापारियों की समस्याओं का पूर्ण निवारण करेंगे। उन्होंने कहा, मंत्री जी और संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी का मैं निष्ठापूर्वक पालन करूंगा और जिले में संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाऊंगा।

कार्यक्रम का संचालन नगर उपाध्यक्ष अतुल वर्मा ने किया। मालूम हो कि लखनऊ स्थित उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद व पूर्व मंत्री नरेश अग्रवाल के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश सरकार के आबकारी एवं मद्य निषेध राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने आनंद गुप्ता को कन्नौज जिले का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया। इसकी जानकारी होते ही उनके शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस दौरान अजय कुमार चतुर्वेदी, करुणा शंकर गुप्ता, राजेश बाथम, राहुल शर्मा, रोहित गुप्ता, उमेश राठौर, जय किशन गुप्ता, आशीष वर्मा, रॉबिन मिश्रा, अमित गुप्ता, धीरज गुप्ता, अंशु पाल, मनु गुप्ता, अमित दुबे, मयंक वर्मा, गौरव यादव, अवनीश गुप्ता, दीपक कठेरिया, संतोष कमल, रवि राठौर, कृष्ण गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

प्रशासनिक सख्ती का दिखा असर

## सीएचसी चिकित्सकों ने नहीं लिखी मरीजों को प्राइवेट दवा

**कालपी, जालौन।** सीएचसी पर प्रशासनिक सख्ती का असर हुआ है। गुरुवार को डाक्टरों ने बाहर की दवा न लिखने का फण्डा बन्द रखा जिससे मेडिकल स्टोरों पर सन्नाटा पसरा रहा। विदित हो कि शासन ने क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य की मुफ्त व्यवस्था के लिए सीएचसी स्थापित की है जहां डाक्टरों की सलाह के साथ जांच, एक्सरे और दवा की व्यवस्था है। इसी के चलते प्रतिदिन 4 से 5 सैकड़ा मरीज अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराने आते हैं जिसका फायदा दवा कम्पनियों ने उठाना शुरू कर दिया था जिसमें डाक्टरों को भारी कमीशन का लालच देकर अधो मानक दवाओ का खेल शुरू कर दिया था हालांकि यह फण्डा काफी दिनों से चल रहा था।

# पत्नी के ससुराल न आने से युवक ने लगायी फांसी

▸ मृतक दिल्ली में निजी कंपनी में करता था नौकरी, दो दिन पहले ही लौटा था घर

▸ मकान के कमरे में शव को लटका देख परिजनों में मची चीख पुकार

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



डिगसरा गांव निवासी अंकित राजपूत

पत्नी के ससुराल न आने से युवक ने कमरे में फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों ने शव को लटका देख चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची जसोदा चौकी पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के डिगसरा गांव निवासी अंकित राजपूत (27) पुत्र रामनिवास राजपूत मकान के कमरे में गमछे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम को दिल्ली से अपने गांव आया था। बुधवार सुबह खाना खाने के बाद थोड़ी दूरी पर अपने दूसरे मकान में चला गया और अंदर से बंद कर गमछे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक पुत्र के न दिखाई देने पर पिता ने इधर- उधर छानवीन की तो की देखा कि दूसरे मकान की कुंडी अंदर से बंद है। पिता के द्वारा कई बार आवाज देने पर जब कोई जवाब नहीं आया तो लोगों को बुलाकर कमरे का दरवाजा तोड़ा गया तो। देखा कि अंकित शव गमछे से लटका मिला शव को देखकर परिजनों में चीज पुकार मच गई। अंकित की शादी लगभग 5 वर्ष पहले इंदरगढ़ के गांव पिपरौली ढिपियन निवासी बच्चन लाल की बेटी उमा से हुई थी। एक पुत्री भी हुई थी। लेकिन जन्म होते ही उसकी मौत हो गई थी। लगभग पिछले 2 वर्ष से उमा घर पर नहीं आई थी। जिससे मृतक अंकित राजपूत तनाव ग्रस्त था। सूचना पर पहुंची जसोदा चौकी प्रभारी राजेंद्र सिंह ने विधिक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# दो भाइयों की हत्या में पूर्व बसपा विधायक छोटे सिंह को उम्रकैद

▸ 31 साल पुराने डबल मर्डर केस में आया ऐतिहासिक फैसला

▸ कोर्ट से बाहर हाथ हिलाते दिखे छोटे सिंह चौहान

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज़।**

जालौन जिले के सबसे चर्चित मामलों में से एक, 31 वर्ष पुराने चुर्खी थाना क्षेत्र के ग्राम विनौरा वैद्य गांव में 30 मई 1994 को हुये दोहरे हत्याकांड पर आखिरकार कानून का शिकंजा कस गया। बहुजन समाज पार्टी के पूर्व विधायक और बाद में भाजपा में शामिल हुए छोटे सिंह चौहान को अपर जिला एवं सत्र न्यायालय (ईसी एक्ट कोर्ट) ने गुरुवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

अदालत के फैसले के बाद चौहान को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कोर्ट से जेल ले जाया गया। फैसला सुनते ही चौहान के चेहरे पर मायूसी साफ दिखी, लेकिन बाहर आते हुए उन्होंने अपने समर्थकों की ओर हाथ हिलाकर अभिवादन किया और कहा कि इस फैसले के खिलाफवह हाईकोर्ट जाएंगे। गौरतलब हो कि छोटे सिंह चौहान ने छात्र जीवन से ही राजनीति में कदम रखा तो वह छात्रसंघ अध्यक्ष निर्वाचित हुये इसके बाद अपने गांव से ग्राम प्रधान निर्वाचित हुये तो भूमि विकास बैंक अध्यक्ष कालपी विधानसभा से बसपा के टिकट पर विधायक निर्वाचित हुये थे।



सजा सुनाये जाने के बाद पुलिस कस्टडी में पूर्व विधायक छोटे सिंह चौहान।

### फैसले वाले दिन का माहौल पुलिस की कड़ी घेराबंदी और नाटकीय सरेंडर

गुरुवार की सुबह से ही उरई स्थित अपर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर छावनी में तब्दील था। एएसपी प्रदीप कुमार वर्मा, सीओ माधौगढ़ अंबुज यादव, कालपी सीओ अवधेश कुमार सिंह, कोंच सीओ परमेश्वर प्रसाद और सिटी मजिस्ट्रेट राजेश वर्मा समेत 14 थानों की पुलिस फोर्स तैनात की गई थी। प्रशासन की योजना थी कि जैसे ही छोटे सिंह चौहान अदालत पहुंचें, उन्हें सजा सुनाने से पहले ही गिरफ्तार कर लिया जाए। लेकिन सुबह 10.15 बजे हालात कुछ और ही थे। चौहान सफेद शर्ट, काली पैंट और काले कोट में अधिवक्ताओं के घेरे में पहुंचे। वकील की वेशभूषा और समर्थकों की भीड़ में उन्हें पहचानना आसान नहीं था। इससे पहले सोमवार को अदालत ने उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था क्योंकि उन्होंने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए हाजिरी माफी का प्रार्थना पत्र दिया था, जिसे अदालत ने निरस्त कर दिया था। न्यायालय परिसर में मौजूद लोग यह समझ ही नहीं पाए कि वकीलों की भीड़ में चल रहे व्यक्ति पूर्व विधायक ही हैं। पुलिस भी चकमा खा गई और देखते ही देखते छोटे सिंह चौहान ने अदालत में सरेंडर कर दिया।

### फैसले से पहले की फेसबुक पोस्ट 'मैं षड्यंत्र में फंसाया जा रहा हूं'

फैसला आने से एक दिन पहले बुधवार को ही छोटे सिंह चौहान ने फेसबुक पोस्ट लिखकर अपने समर्थकों से 11 सितंबर की सुबह 9 बजे जनपद न्यायालय उरई में पहुंचने की अपील की थी। जिसमें उन्होंने लिखा था, मुझे राजनीतिक षड्यंत्र में फंसाया जा रहा है। इस प्रकरण में मेरी किसी भी प्रकार की संलिप्तता नहीं थी। पर कुछ लोगों को मेरा क्षेत्र में रहना और सबके सुख-दुख में शामिल होना खल रहा था। षड्यंत्रकारी लोग सिर्फ षड्यंत्र करते रह जाएंगे, लेकिन मैं मरते दम तक अपने लोगों की आवाज को बुलंद करता रहूंगा, भले ही कितना संघर्ष करना पड़े। इस पोस्ट ने समर्थकों के बीच हलचल मचा दी थी और गुरुवार को फैसला सुनाए जाने के दौरान भारी भीड़ कोर्ट परिसर में पहुंची।

### बिनौरा बैध गांव में 31 साल पहले हुई थी हत्या

30 मई 1994 को चुर्खी थाना क्षेत्र के बिनौरा बैध गांव में प्रधानी चुनाव की रंजिश को लेकर दोहरा हत्याकांड हुआ। पीड़ित पक्ष के रामकुमार ने तहरीर में बताया था कि दोपहर 11:30 बजे वह अपने भाइयों, परिजनों और ग्रामीणों के साथ मकान के बरामदे में बैठा था। तभी गांव के रुद्रपाल सिंह उर्फ लल्ले गुर्जर, राजा सिंह, संतावन सिंह गुर्जर, करन सिंह उर्फ कल्ले और दो अज्ञात लोग हथियारों से लैस होकर अंदर घुस आए। रुद्रपाल उर्फ लल्ले ने साथियों से कहा सभी को घेर लो, कोई जिंदा न बच पाए। इसके बाद अंधाधुंध फायरिंग शुरू हो गई। इस घटना में राजकुमार उर्फ राजा भैया और जगदीश शरण की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वीरेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस विवेचना में छोटे सिंह चौहान, अखिलेश, कृष्ण मुरारी, बच्चा सिंह और छुन्ना सिंह के नाम भी सामने आए।

### न्याय की जीत 31 साल बाद पीड़ित पक्ष को राहत

पीड़ित परिवार के लिए यह फैसला 31 साल की लंबी कानूनी लड़ाई के बाद आया है। सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद ही यह मामला गति पकड़ पाया और अंततः निचली अदालत ने दोषियों को सजा सुनाई। छोटे सिंह चौहान का यह मामला दर्शाता है कि चाहे पराध कितना भी पुराना क्यों न हो, न्याय व्यवस्था अंततः अपना काम करती है। हालांकि राजनीतिक रंग और लम्बी कानूनी प्रक्रिया ने इस मामले को वर्षों तक उलझाए रखा। अब जबकि निचली अदालत का फैसला आ चुका है, सबकी निगाहें इस बात पर टिक गई है कि क्या हाईकोर्ट से पूर्व विधायक को कोई राहत मिलेगी।

# पूर्व प्रधान की बनवायी गई सीसी रोड पर वर्तमान प्रधान ने लिया पुनः भुगतान

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज़।**

एक ओर जहां प्रदेश सरकार पारदर्शी तरीके से विकास कार्यों को कराने का दावा करने में पीछे नहीं रहती है तो वहीं दूसरी ओर मवई अहीर ग्राम पंचायत के प्रधान भ्रष्टाचार का गाथा लिखने से नहीं चूक रहे हैं। हैरानी की बात तो यह है कि गांव में पूर्व प्रधान के कार्यकाल में सीसी सड़क डाली गयी जिसका वर्तमान प्रधान ने दूसरी बार भुगतान निकालकर डकार लिया। ग्राम पंचायत में हुये गोलमाल को सोशल ऑडिट की टीम भी नहीं पकड़ पायी जिस पर ग्रामीण स्वयं को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। कदौरा विकासखंड की ग्राम पंचायत मवई अहीर जहां वर्तमान में भूपेंद्र यादव प्रधान है। गांव में पूर्व प्रधान द्वारा सभापति के मकान से संतोष के मकान तक सीसी सड़क का निर्माण कराया था। लेकिन वर्तमान प्रधान ने उसी सीसी सड़क का दूसरी बार स्टीमेट बनाकर 1 लाख 14 हजार 423 रुपये का भुगतान निकालकर डकार लिया। बताया जाता है कि इस गोलमाल में विकासखंड के अधिकारी भी शामिल रहे। जब गांव में हुये भ्रष्टाचार की जानकारी जागरूक ग्रामीणों को पता चली तो उन्होंने मामले को खंगाला जिससे हकीकत निकलकर सामने आयी कि वर्तमान ग्राम प्रधान ने हेराफेरी कर पूर्व प्रधान द्वारा डलवायी गयी सीसी सड़क का पुनः भुगतान निकालकर हजम कर लिया जिसकी उन्होंने जिलाधिकारी से शिकायत करते हुये मांग की कि ग्राम प्रधान द्वारा किये गये फर्जीबाड़े की जांच कराकर सरकारी धन की रिकवरी सुनिश्चित करायी जा सके। ताकि विकास कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे। वहीं ग्रामीणों का कहना था कि गांव में कराये गये कार्यों का प्रति वर्ष सोशल ऑडिट भी होता है फिर सोशल ऑडिट टीम ने ग्राम प्रधान के गोलमाल को क्यों नहीं पकड़ा जिससे प्रतीत होता है कि ऐसे भ्रष्ट कारनामों में सभी की सहभागिता रहती है।

## पुराने पोलों के केबिल हटाने का कार्य अंतिम चरण में

**कालपी,जालौन।** नगरीय क्षेत्र कालपी में विद्युत के पुराने खम्बों, केबिल-तारों को प्रतिस्थापना का कार्य अंतिम चरण में संस्था के द्वारा उपखंड अधिकारी धर्मेंद्र सिंह सचान तथा इंजीनियरों की मौजूदगी में गतिशीलता से शुरू कर दिया गया है। नगर के मोहल्ला आलमपुर में खम्बों को गाढ़ने को लेकर हुए विवाद को उपखंड अधिकारी धर्मेंद्र सिंह सचान व पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर सुलझा दिया। विदित हो कि नगरीय क्षेत्र कालपी में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से पुराने तथा क्षतिग्रस्त खंभो, तारों तथा केबिलो को हटाकर गुणवत्ता युक्त नये खंभो तथा तारों व अन्य चीजों की प्रतिस्थापना करने की परियोजना का कार्य मोंटी कार्गो कम्पनी के द्वारा कराया जा रहा है।

# पिग फॉर्म के केयरटेकर की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत

**▸ पुलिस ने पहुंचकर की जांच पड़ताल, खंगाले सीसीटीवी फुटेज**



मौके पर जांच पड़ताल करते सीओ व थानाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जहानगंज थाना क्षेत्र स्थित एक पिग फॉर्म के केयर टेकर की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। मृतक की पहचान हब्बापुर निवासी समरपाल शंखवार (40) के रूप में हुई है। वह पंजूखिरिया में शरद श्रीवास्तव के पिग फॉर्म में काम करता था। बुधवार रात को फॉर्म के गेट के पास समरपाल के सिर में गोली लगने से मौत हो गयी। गुरुवार सुबह जब ग्रामीणों को घटना के बारे में जानकारी हुई, तो मौके पर भीड़ जमा हो गई। समरपाल के भतीजे नन्हे3, साथी पप्पू और पंजूखिरिया के पूर्व प्रधान राकेश घटनास्थल पर पहुंचे। थानाध्यक्ष राजेश राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया। मृतक के हाथ और कपड़ों पर मिट्टी लगी मिली। उसके पास 315 बोर का तमंचा भी बरामद हुआ। पूर्व प्रधान राकेश के अनुसार वह बुधवार रात 9 बजे फॉर्म पर आया था और तब समरपाल वहां मौजूद नहीं था। उसने बताया कि समरपाल अक्सर शराब पीकर लोगों को गालियां देता था। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाया। टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय कुमार सिंह ने मौके का निरीक्षण कर जांच की। एएसपी ने बताया मृतक के भतीजे ने थाने आकर सूचना दी कि उसके चाचा ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। बताया कि तमंचा उनके हाथ में फंसा है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। यहां सीसीटीवी कैमरे भी लगे हैं। जांच की जा रही है।

# पुलिस ने बालू से भरी ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी, चालक मौके से फरार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना पुलिस ने अवैध बालू खनन के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस को शमशाबाद के ग्राम दनियापुर के पास से अवैध बालू से भरी एक ट्रैक्टर-ट्राली मिली। पुलिस को देखते ही चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली को जब्त कर लिया। पुलिस चालक की तलाश कर रही है।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद क्षेत्र की कटरी में कई गांवों में रात के अंधेरे में अवैध बालू खनन का काम चल रहा है। इनमें संतोषपुर, प्रहलादपुर, बेला सराय गजा, दनियापुर और चिलसरा शामिल हैं। इस अवैध कारोबार में शमशाबाद और फर्रुखाबाद के माफिया शामिल हैं। माफिया रात में ट्रैक्टर-ट्राली से बालू निकालकर लोगों को बेचते हैं। इससे सरकार और खनन विभाग को हर महीने लाखों रुपए के राजस्व की चपत लग रही है। पुलिस ने पकड़ी गई ट्रैक्टर-ट्राली को सीज कर दिया है। थानाध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी। जिस पर मौके पर पहुंचकर कार्यवाही की गयी है। उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर-ट्राली को जब्त कर लिया गया है। पुलिस चालक की सरगर्मी से तलाश कर रही है।



बालू से भरी ट्रैक्टर ट्राली

# जन्मोत्सव पर खाटू श्याम बाबा की प्रतिमा होगी स्थापित, निकलेगी निशान पद यात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी

खाटू श्याम बाबा के जन्मदिवस 2 नवंबर को उनकी प्रतिमा की स्थापना पाताली शिव मंदिर फतेहगढ़ में की जायेगी तथा खाटू श्याम की निशान पद यात्रा का भी आयोजन किया जायेगा। खाटू श्याम सेवा समिति फतेहगढ़ नगर के पूर्व एल.आई.सी. कार्यालय में अध्यक्ष दिलीप उर्फ सागर कश्यप के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। बैठक में खाटू श्याम बाबा के जन्मोत्सव के संबंध में विचार विमर्श किया गया। सर्किल के अध्यक्ष सागर कश्यप ने बताया कि 2 नवंबर को बाबा के जन्मोत्सव अवसर पर पाताली शिव मंदिर फतेहगढ़ में उनकी प्रतिमा स्थापित की जायेगी तथा इसी दिन सायं बाबा खाटू श्याम की निशान पद यात्रा फतेहगढ़ नगर में निकाली जायेगी। पद यात्री पाताली शिव मंदिर से शुरु होकर कचहरी, पुलिस लाइन, छोटी जेल तिराहे, कोतवाली भोलेपुर मंदिर होते हुए पाताली शिव मंदिर पूर्व एल.आई.सी. तिराहे पर समाप्त होगी। अध्यक्ष सागर कश्यप ने बताया बैठक में आयोजन समिति का गठन किया गया तथा सभी को जन्मोत्सव के संबंध में जिम्मेदारी सौंप दी गयी है। समिति में नितिन कुमार, रजत कश्यप, गोलू प्रजापति, नीरज कुशवाहा, सुजीत कश्यप, आशीष, सागर सक्सेना, रिंकू गुप्ता, सचिन कुमार, रमन यादव, गोविन्द बाथम, महेंद्र बाथम, राहुल राठौर, आकाश कश्यप, मनजीत, सुनील सक्सेना आदि शामिल हैं।

## डॉट से क्षुब्द युवती ने पीया कीटनाशक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के के मोहल्ला सधवाड़ा निवासी सुनाली उम्र 17 वर्षीय पुत्री राजू जो कि कन्या विद्या पीठ इन्टर कालेज में कक्षा 10 की छात्रा है। सुबह उसकी बड़ी बहन ने कहा कि आज तुम स्कूल पढ़ने जाओ। जिस पर सुनाली ने स्कूल जाने से मना कर दिया। इसी बात पर बड़ी बहन ने छोटी बहन को डॉट दिया। जिससे क्षुब्द होकर छोटी बहन ने जहरीला कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजन कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डा0 विपिन कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर फर्रुखावाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को संस्कारयुक्त शिक्षा देने पर दिया बल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



कार्यशाला के दौरान मौजूद छात्र-छात्राएं

नगर के नई बस्ती रोड स्थित विद्यालय एचओ एकेडमी कायमगंज में शिव शक्ति अखाड़ा कायमगंज द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र- छात्राओं को संस्कारयुक्त शिक्षा देने पर बल दिया गया। कार्यक्रम में ऋतिक शरण सन्यासी (शिव शक्ति अखाड़ा) में बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि हमारे महापुरुषों से प्रेरणा लेकर देश एवं समाज की सेवा का भाव रखते हुए बच्चों में संस्कार युक्त शिक्षा दी जाए। यही बच्चे इस देश का भविष्य हैं। अतः इनमें चरित्र निर्माण एवं संस्कार युक्त शिक्षा का होना बहुत जरुरी है। महापुरुषों से जुड़ी अनेकों बातों का उल्लेख करते हुए संस्कारों एवं देशभक्ति का भाव भरने का प्रयास किया। कायमगंज भाजपा नगर मंत्री प्रगति तिवारी द्वारा ये कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि समाज निर्माण से राष्ट्र निर्माण तक की प्रक्रिया में नैतिकता, देश प्रेम, समाज सेवा आदि अहम भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय के कार्यों की सराहना की। शिव शक्ति अखाड़ा कायमगंज के आकाश द्वारा किए जा रहे समाज सेवा के कार्यों की सराहना करते हुए तथा आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवकांत शुक्ल ने विद्यालयों में गिरती शिक्षा के स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र के उत्थान में संस्कार युक्त शिक्षा का नितांत अभाव होता जा रहा है। संस्कार युक्त शिक्षा से व्यक्ति निर्माण एवं राष्ट्र निर्माण के द्वार खुलते हैं। इस अवसर पर अजीत सिंह, असमी खान, दिव्या पाल, परवेज़ आलम, सौरभ चतुर्वेदी, विपिन पाठक, आन्या शाक्य, गोल्डी कौशल, मेहर नाज, ज्योति शर्मा, साकेत कुमार, हितेश मिश्रा, शाहिद आदि लोग उपस्थित रहे।

# मोटर मैकेनिक का पानी में उतराता मिला शव, बीते दिन डूबा था



मृतक के परिजन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

बीते दिन बाढ़ के पानी में डूबे मोटर मैकेनिक का शव घटनास्थल से सौ मीटर की दूरी पर पानी में उतराता मिला। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला थला कुआँखेड़ा निवासी लाल मियाँ उम्र 18 वर्षीय पुत्र कल्लू मियाँ की मोटर मैकेनिक की दुकान अहमदगंज में है। रोज की भांति वह कुआंखेड़ा क्षेत्र के गांव मौलागंज निवासी दोस्त आरिफ के साथ बाइक से कायमगंज बाजार में कुछ सामान लेने आ रहा था। बताया गया कि जब दोनों पहाड़ी गांव स्थित बूढ़ी गंगा पुलिया के पास पहुंचे, तभी लाल मियाँ बाइफ पकड़कर पैदल चलने लगा, तभी बाढ़ के पानी में उसका पैर फिसल गया। जिससे लाल मियां बहाव की गहराई में चला गया। साथी आरिफ ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सका। देखते ही देखते लाल मियां पानी में डूब गया। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू कराई, लेकिन वह नहीं मिला था। गुरुवार को उसको शव घटनास्थल से सौ मीटर की दूरी पर पानी में उतराता मिला।

परिजन आनन-फानन में उसको लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां चिकित्सक डॉ0 जितेंद्र बहादुर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही मृतक की मॉ नसरीन, भाई अदीव, बब्लू, सब्लू, नईम, बहन परवीन, रानी सहित अन्य परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



सड़क पर भरा बाढ़ का पानी

## जान जोखिम में डालकर बाढ़ के पानी से गुजर रहे राहगीर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** बूढ़ी गंगा पुलिया पर प्रशासन की रोक के बावजूद तेज बहाव में राहगीर आवागमन कर रहे हैं। पूर्व में एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है। जानकारी के अनुसार कायमगंज के तराई क्षेत्र में बाढ़ का प्रकोप जारी है। दो दर्जन से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में हैं। कई गांवों के संपर्क मार्ग पर पानी बह रहा है और कुछ मार्ग कट चुके हैं। कायमगंज-अहमदगंज मार्ग की बूढ़ी गंगा पुलिया पर लगभग तीन फीट पानी तेज बहाव के साथ बह रहा है। प्रशासन ने इस मार्ग पर आवागमन पर रोक लगा दी है। इससे पहले एक युवक की बाढ़ के पानी में डूबने से मौत हो चुकी है। बीते दिन इसी पुलिया पर एक राहगीरों से भरी ट्रैक्टर ट्राली भी घंटों फंसी रही। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार राहगीरों की सुविधा के लिए नावें लगाई गई हैं। बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री भी वितरित की जा रही है। दरोगा जितेंद्र कुमार ने बताया कि राहगीरों को लगातार रोका जा रहा है, लेकिन वे नहीं मान रहे हैं। प्रशासन जल्द ही इस संबंध में कड़े कदम उठाये, अन्यथा कई अन्य लोग भी अपनी जान से हाथ धो बैठेंगे।

# बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद को लेकर फंसा पेंच

**▸ दो दावेदारों को मिले 24-24 वोट, आज होगा फैसला**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



मतदान के दौरान मौजूद अधिवक्तागण

बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद पर दो दावेदारों के बीच पेंच फंस गया है। अतेंद्र और विनोद गंगवार को 24-24 वोट मिले हैं। जिसका निर्णय आज किया जायेगा।

कायमगंज एसोसिएशन का चुनाव मुंसिफ कोर्ट में संपन्न हुआ। सुबह 10 बजे मतदान प्रक्रिया शुरू हुई। मतदान में 68 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दोपहर तीन बजे के बाद मतगणना शुरू हुई। जिसमें सचिव पद पर 33 वोट हासिल करने वाले पंकज शुक्ला विजयी हुए। उपाध्यक्ष मनीष प्रताप सिंह 25 वोट, उप सचिव राजकुमार 34 वोट, कोषाध्यक्ष आर्येंद्र सिंह 36 वोट, ऑडीटर प्रणवीर मिश्रा ने 34 वोट हासिल कर जीत दर्ज कराई। वहीं अध्यक्ष पद के लिए हुए त्रिकोणीय मुकाबले में अतेंद्र पाल सिंह को 24, विनोद गंगवार को 24 तथा शफीक खां ने 20 वोट हासिल किए। जिस कारण अतेंद्र और विनोद के बीच निर्णय न हो सका। एल्डर्स कमेटी ने कहा कि शुक्रवार को निर्णय लिया जाएगा।

## मकबरे के सामने कब्र खोदने पर प्रशासन आया हरकत में, रोका

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव शिवरई मठ निवासी वृद्ध अफसर खाँ के निधन पर उनके परिजन खान बहादुर बाबा सैय्यद के मकबरे के सामने कब्र खोदने लगे। जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस व प्रशासन को दी। मौके पर पहुँचे कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुराग मिश्रा, तहसीलदार विक्रम चाहर ने कहा कि कब्रिस्तान नहीं है, यह मकबरे की जमीन है। सरकारी अभिलेखों में 21 डिसमिल भूमि मकबरे के नाम दर्ज है। इस पर कोई भी अन्य कार्य नहीं हो सकता। प्रशासन ने निर्देश पर परिजनों ने शव खेत में दफनाया। पिछले माह इसी मकबरे में टायल और जाली तोड़े जाने का मामला सामने आया था। एक समुदाय द्वारा यहां निर्माण और सीसीटीवी लगाने का विरोध दूसरे समुदाय ने किया था। दोनों पक्षों पर मुकदमे दर्ज किए गए थे। तब से पुलिस लगातार मकबरे की निगरानी कर रही है।

# रामलीला के आयोजन को लेकर नगर पंचायत में बैठक सम्पन्न

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



बैठक के दौरान मौजूद नदीम अहमद फारुकी व कमेटी के पदाधिकारी

श्री रामलीला महोत्सव दिनांक 18.09.2025 से 04.10.2025 तक प्रस्तावित कार्यक्रम के सम्बन्ध में दिनांक 09.09.2005 को सायं 04.00 बजे अध्यक्ष प्रतिनिधि नदीम अहमद फारूकी व उपनिरीक्षक वीर सिंह की अध्यक्षता में श्री रामलीला कमेटी की बैठक का आयोजन कार्यालय नगर पंचायत शमशाबाद में किया गया। जिसमें कमेटी अध्यक्ष अवधेश पाण्डेय द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाये जाने हेतु साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं रुट मार्गों पर गड्ढा मुक्त एवं मरम्मत हेतु प्रत्यावेदन प्रस्तुत किया। जिसके सम्बन्ध में अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा सभी सफाई नायक/ प्रभारी प्रकाश व्यवस्था हेतु सभी इलेक्ट्रीशियन, गड्ढा मुक्त हेतु अवर अभियंता जल निगम को निर्देशित कर सभी व्यवस्थाओं को पूर्व से ही सुदृढ़ करने हेतु आदेशित किया। इस मौके पर अवर अभियंता प्रशांत कुमार (जलकल), अवर अभियंता जल निगम फर्रुखाबाद, कमेटी अध्यक्ष अवधेश पाण्डेय, महासचिव कमेटी संजय गंगवार, कोषाध्यक्ष हिमांशु भारद्वाज, शीतल चौबे, कृष्णा कुमार, दिनेश चन्द्र (विद्युत विभाग) आदि सम्बन्धित लोग मौजूद रहे।

## महिला के साथ मारपीट का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पीड़ित शमशीन पत्नी शहीद हुसैन ग्राम ईसापुर थाना कमालगंज की रहने वाली है। दिनांक 11.9.2025 को दोपहर लगभग 3 बजे मेरे मझले पुत्र लईक के ससुराल के फूल मियां, फिरोज खान, टिन्नी खान पुत्रगण छोटे मियां व शाहीन पुत्री छोटे मियां व सितारा पुत्र छोटे मियां उक्त लोगों ने मेरे घर में घुसकर मेरे साथ गाली-गलौज व लाठी-डण्डों से मारपीट की। बीच बचाव करने आया पड़ोसी नजमुद्दीन पुत्र संसार के साथ भी उक्त लोगों ने लाठी-डण्डों से मारपीट की। मारपीट में मेरे व नजमुद्दीन के शरीर मे चोटें आई है। मारपीट करने वाले लोग मोहल्ला कटरा बू अली खां कोतवाली फर्रुखाबाद जिला फर्रुखाबाद के निवासी हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# जीएसटी कलेक्शन में गिरावट पर एडीशनल कमिश्नर ने व्यापारियों के साथ की बैठक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



व्यापारियों की बैठक लेते जीएसटी अधिकारी

प्रमुख मन्डी में जीएसटी कलेक्शन में लागातार गिरावट दर्ज की जा रही है। इटावा से एडीशनल कमिश्नर एसपी राव दीक्षित ने व्यापारियों के साथ वैठक कर जानकारी साक्षा की। आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में 4.69 करोड़ का टैक्स जमा हुआ था।

2024-25 में अब तक मात्र 1.80 करोड़ रुपये की टैक्स वसूली हुई। एडीशनल कमिश्नर ने कहा प्रमुख मण्डी से कम से कम 8 करोड़ रुपये का टैक्स मिलना चाहिए। व्यापारियों ने तम्बाकू पर अलग-अलग टैक्स दरों को समस्या बताया। कच्ची तम्बाकू पर 5 प्रतिशत और निर्मित तम्बाकू पर 28 प्रतिशत टैक्स लगता है। इस अंतर के कारण अधिकतर तम्बाकू का पत्ता 5 राज्यों में भेजा जा रहा है। इससे टैक्स कलेक्शन प्रभावित हो रहा है और रोजगार का संकट भी पैदा हो रहा है। बैठक के दौरान सन्तोष वर्मा फर्रुखाबाद से डीसी एसके गौतम, एसी अमित त्यागी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। व्यापारियो ने 5 प्रतिशत जीएसटी पर लागू करने की मांग की। इस मौके पर उद्योगपति लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, व्यापारी सत्य नरायन वर्मा, सुभाष गुप्ता सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# वृद्ध बीमार माँ से मारपीट करने वाला आरोपी गया जेल



पुलिस हिरासत में आरोपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बीमार माँ के साथ मारपीट करने वाले आरोपी को पुलिस नें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम बमियारी निवासी 85 वर्षीय प्रमिला देवी उर्फ अनीता देवी पत्नी चुन्नी लाल थाना मऊदरवाजा के ग्राम बरौन निवासी अपनी पुत्री किरण देवी पत्नी सोनू सक्सेना के पास रह रही थी। बुधवार को प्रमिला का पुत्र शिवकुमार उन्हें अपने साथ बुला लाया। थाना राजेपुर के जमापुर में उसने अपनी माँ के साथ मारपीट की। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस ने आरोपी शिवकुमार निवासी बमियारी को गुरुवार को गिरफ्तार कर उसका एसडीएम कोर्ट में शान्ति भंग में चालान कर भेजा। एसडीएम नें आरोपी की जमानत मंजूर नहीं की और उसे जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष सुदेश कुमार ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया।

## काम करने के लिए एडवांस में दिये गये रुपये वापस मांगने पर गाली-गलौज व मारपीट

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पीड़ित भट्‌टे पर ठेकेदारी करता है। गंगा गली अस्तल निवासी पप्पू पुत्र नामालूम, शिवम पुत्र पप्पू, सोनू पुत्र पप्पू, शिवानी पुत्री पप्पू को भट्‌टा पर जाने के लिए 3 लाख रूपये एडवांस दिया था। दिनांक 10.09.2025 को समय करीब शाम 3 बजे पीड़ित पत्नी रामवती के साथ उपरोक्त लोगों के घर गया और पैसा वापस मांगा, तो उपरोक्त लोगों ने गाली-गलौज कर हाथापाई व लाठी-डण्डों से मारपीट करने लगे। जिससे पीड़ित व उसकी पत्नी के चोटें आयी हैं। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

# गैंगेस्टर के मामले में दो आरोपियों पर दोष सिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष गैंगेस्टर एक्ट ने भूपेंद्र सिंह पुत्र लल्लू सिंह, किशन कुमार पुत्र रामचंद्र निवासीगण मुरान मेरापुर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा पर सुनवाई के लिए 15 सितंबर की तिथि नियत की गयी है।

बीते 24 वर्षो पूर्व थाना मेरापुर के तत्कालीन थानाध्यक्ष विजय सिंह यादव ने भूपेंद्र सिंह, किशन कुमार के विरुद्ध समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत मुकदमा दर्ज किया था। जिसकी विवेचना थानाध्यक्ष मुकेश कुमार त्यागी ने करते हुए साक्ष्य गवाह के आधार पर माननीय न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता शैलेश सिंह परमार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने भूपेंद्र, किशन कुमार को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 15 सितंबर की तिथि नियत की है।

# एक पेड़ मां के नाम, लगाकर कर रहीं सेवा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



पेड़ों के पास बैठी महिलायें

एक पेड़ मां के नाम, मुहिम के दौरान लगाये गये पेड़ों की महिलायें बच्चों की तरह सेवा कर रही हैं।

जानकारी के अनुसार नगर के पटेल पार्क में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण किया गया था। जिसकी सेवा महिलायें प्रतिदिन आकर कर रही हैं।

इन पेड़ों के पास बैठकर अपना समय बिता रही हैं और पानी डालकर उन्हें प्रतिदिन सिंचित कर रही हैं। मधु, बबीता, माधुरी ने कहा कि वृक्ष धरा के आभूषण हैं। वृक्षों के बिना मनुष्य अपने जीवन का कल्पना नहीं कर सकता है, क्योंकि वृक्षों से सभी को जीवनरुपी ऑक्सीजन मिलती है। जिससे हम सभी लोग जिंदा है। महिलाओं का कहना है कि वह रोज मार्निंग वाक पर पटेल पार्क में आती हैं और वृक्षों की नियमित देखभाल करती हैं। उनका कहना है कि अब वृक्ष खूब फल फूल रहे हैं। यही पेड़ आगे चलकर एक विशाल वृक्ष बनेंगे और मनुष्य के जीवन में सहायक होंगे।

# किसान अपनायें आलू की उन्नत किस्म, स्थापित हो सके आलू आधारित उद्योगः प्रबुद्धजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

- गंगा पर बांध बनाना होगा, जिससे बाढ़ से बचा जा सके
- अपने सम्मान के लिये पूर्वजों ने भी खाई है घास की रोटियांः आरकेएस राठौर
- विकसित भारत 2047 की अवधारणा पर आधारित विचार गोष्ठी/संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन



बैठक में मौजूद आयुक्त, प्रबुद्धजन व अधिकारी

आयुक्त कानपुर मण्डल कानपुर/जनपद नोडल अधिकारी, विकसित भारत, समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश/2047 के. विजेंद्र पांडियन, प्रबुद्धजनों राजीव कुमार सेवानिवृत्त आईएएस, आर.के.एस.राठौर सेवानिवृत्त आईपीएस, विनोद कुमार तिवारी सेवानिवृत्त प्रोफेसर, अजय गंगवार सेवानिवृत्त मुख्य अभियन्ता लोक निर्माण विभाग व जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ की उपस्थिति में समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश/2047 अभियान की रूपरेखा पर आधारित विचार गोष्ठी व संवाद कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।

डीएम ने अतिथिगणों का पुष्पगुच्छ व किताब देकर स्वागत किया। विचार गोष्ठी का प्रारम्भ प्रबुद्धजन राजीव कुमार ने विकसित भारत, समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश/2047 की रूपरेखा व उद्देश्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 2047 तक भारत को कैसे विकसित राज्य बनाया जाय, इस दिशा में आम जनमानस के सुझाव अपेक्षित हैं। सरकार द्वारा विभिन्न ऑनलाइन माध्यमों से सुझाव आमंत्रित किये गये हैं। सभी क्यूआर कोड को स्कैन कर अपने सुझाव अवश्य दर्ज करायें। उन्होंने कहा कि तीन प्रमुख थीम अर्थशक्ती, सृजनशक्ति, जीवन शक्ति पर आधारित कुल-12 सेक्टर के माध्यम से सुझाव आमंत्रित किये गये हैं। जनपद की खेती उन्नत व विकसित है, सबसे ज्यादा शीतगृह फर्रुखाबाद में है, यहाँ के किसानों को आलू की उन्नत किस्मों को अपनाना होगा। जिससे आलू आधारित उद्योग फर्रुखाबाद में स्थापित हो सके। गांवो में सड़क बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी। गंगा पर बांध बनाना होगा। जिससे कि बाढ़ से बचा जा सके। गँगापार की सड़ेकों को प्राथमिकता के आधार पर बनाया जाये। उन्होंने कहा कि आप की आवाज को शासन को पहुचाएंगे। आरकेएस राठौर ने कहा कि विकसित भारत, समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश का आदर्श परिकल्पना है। हमारे पूर्वजों ने अपने सम्मान के लिये घास की रोटियाँ भी खाई है, नीयत अच्छी हो, लगन हो, इरादा मजबूत हो तो सभी समस्याओं को हल किया जा सकता है। पूर्व प्रो0 विनोद कुमार तिवारी ने कहा कि भारत एक तेजी से बढती हुई अर्थव्यवस्था है, यह समय अमृत काल का है, हमे विकास की गति को बढ़ाते हुये देश को आगे बढ़ाना है। 2014 से 2025 तक भारत का तीव्र गति से विकास हुआ है कुछ सालों पहले अपराध के कारण उद्योग धंधे विकसित नहीं हो रहे थे। कृषि विभाग आलू की ऐसी किस्मे विकसित करें जिसमे वाटर कंटेंट कम हो, विकास के लिये पर्यटन को बढ़ावा दे, सड़कों में सुधार हो, इस तकनीक से सड़के बनाई जाये कि वो बाढ़ के पानी से न कटे। अजय गंगवार ने भी अपने विचार रखे। छात्र वैभव राठौर ने युवाओं में स्किल विकसित करने पर जोर दिया। सुरेंद्र पांडेय ने गंगा के किनारे विश्रामालय बनाने, जनपद में ऑडिटोरियम बनाने चिकित्सा व शिक्षा व्यवस्था निःशुल्क करने का विचार रखा। भूपेंद्र प्रताप सिंह ने ब्लॉक प्रिंटिंग करने वालो को विशेष प्रशिक्षण दिलाये जाने व जनपद में मेडिकल कालेज खोलने का सुझाव दिया। नम्रता ने स्वयं सहायता समूहों के उत्पाद के लिये बाजार उपलब्ध कराने व ड्रेसकोड निर्धारित करने का सुझाव दिया। आयुक्त ने उपस्थित सभी उद्यमियों, आम जनमानस द्वारा दिये गये सुझाव की सराहना की। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम एक महीने चलेगा।

हम देश की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था है, सबसे युवा जनसंख्या उ.प्र. की है। हमारा युवा पीक पर है जो हमारी ताकत है किसान कैश क्रॉप का उत्पादन करे, पलायन को रोका जाएगा। डीएम ने कहा कि आप सभी द्वारा सुझाये गये सभी बिंदुओं को क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज कराया जाए। सीडीओ ने सभी का हार्दिक स्वागत व अभिनन्दन किया। उन्होंने सभी से अपील की कि सभी अपने-अपने सुझावों को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अवश्य दर्ज करायें। इस अवसर पर समस्त सम्बन्धित अधिकारीगण, व्यापारी, उद्यमी, कृषक, स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

# पुण्यतिथि पर महादेवी वर्मा को साहित्यकारों ने किया नमन



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रतिमा पर माल्यार्पण करते लोग

महादेवी वर्मा की पुण्यतिथि पर रेलवे रोड पल्ला स्थित उनकी प्रतिमा पर अभिव्यंजना संस्था द्वारा संस्था के सदस्य एवं साहित्यकारों ने पुष्पांजलि अर्पित की।

महादेवी वर्मा हिंदी साहित्य की एक महान कवयित्री थीं, जिन्हें छायावादी युग की प्रमुख स्तंभ माना जाता है। उनकी रचनाएं नारी संवेदना, आध्यात्मिकता, प्रेम और करुणा को दर्शाती हैं। उन्हें आधुनिक मीरा भी कहा जाता है फर्रुखाबाद नगर की साहित्यिक संस्थाओं द्वारा छायावादी युग की कवित्री को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनको नमन किया। अभिव्यंजना संस्था समन्वयक भूपेंद्र प्रताप सिंह ने सभी साहित्यकारों का स्वागत किया। पुष्पांजलि नगर के मुख्य मार्ग रेलवे रोड जिला प्रशासन द्वारा नगर का मॉडल रोड घोषित किया गया। उसकी दुर्दशा साहित्यिक स्मारक के चारों ओर गंदगी का केंद्र, बिजली के तार एवं ट्रांसफार्मर कवित्री के जीवन काल में दुख वर्तमान समय में नगर पालिका एवं जिला प्रशासन के विकास के कारण उनकी पंक्तियां वर्तमान में सार्थक सिद्ध होती है। दिल्ली से आए साहित्यकार रजनीकांत शुक्ला, वरिष्ठ साहित्यकार नलिन श्रीवास्तव, महेश पाल सिंह, सुरेंद्र पांडे, रविंद्र भदोरिया, अनुभव सारस्वत, अनुराग पांडे, उपकार मणि, आलोक रायजादा, राम मोहन शुक्ला, प्रीति तिवारी, बबीता पाठक, विनय अग्रवाल, निमिष टंडन आदि लोग उपस्थित रहे। संयोजक संजय गर्ग ने साहित्यकारों का स्वागत किया है।

# शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध में अध्यापक हुए लामबंद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

- प्रधानमंत्री सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा



विरोध प्रदर्शन करते शिक्षक

उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अभिनेश मिश्र व जिला महामंत्री डॉ. वीरेन्द्र त्रिवेदी के नेतृत्व में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने के आदेश का विरोध करते हुए प्रधानमंत्री सम्बोधित ज्ञापन कलेक्ट्रट पहुंचकर नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा।

ज्ञापन में दर्शाया गया कि सर्वोच्चतम न्यायालय द्वारा 1 सितम्बर को शिक्षक पात्रता परीक्षा को देश भर में सभी शिक्षकों पर लागू किये जाने के संबंध में शिक्षकों ने विरोध कर ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष अभिनेश मिश्र ने कहा कि शिक्षकों की नियुक्ति जिन सेवा शर्तों के अन्तर्गत हुई उसे मध्य में नवीन सेवा शर्तों को थोपना उचित प्रतीत नहीं होता। सरकार इनमें से कोई रास्ता निकाले। जिससे शिक्षकों का ध्यान गुणवत्ता शिक्षा देने पर रहे। जिला महामंत्री डॉ. वीरेन्द्र त्रिवेदी ने कहा कि शिक्षकों को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। जब सरकार ने नौकरी दी है तो इसे पूर्ण कराने की दायित्व भी उसी का है। यह निर्णय पूरे देश के शिक्षकों को प्रभावित कर रहा है। इसलिए सरकार कोई बीच का रास्ता अवश्य निकालेगी, क्योंकि इतनी उम्र में परीक्षा देना उचित प्रतीत नहीं होता है। ऐसी स्थिति में शिक्षक नौकरी जाने के भय से परेशान है। जबकि देश-प्रदेश में सेवारत सभी बेसिक शिक्षकों को तत्समय विभाग द्वारा निर्धारित सेवा शर्तों एवं योग्यता से पूर्ण कराते हुए शिक्षक नियुक्त किया गया था। शिक्षक पात्रता परीक्षा एनसीटीई द्वारा 23 अगस्त 2010 को अधिसूचना जारी की गई एवं शिक्षा अधिकार अधिनियम 2011 लागू किया गया। ऐसी स्थिति में अधिसूचनाओं के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा में लाना उचित नहीं है। ऐसे में 40 शिक्षकों के परिवार प्रभावित होंगे। प्रदेश भर में 4 लाख शिक्षक व उनके परिवार प्रभावित होंगे। धरना प्रदर्शन के दौरान मण्डलीय उपाध्यक्ष हरिओम शुक्ला व मण्डलीय मंत्री सुबोध दुबे ने भी सम्बोधित किया। इस मौके पर राहुल गंगवार, शिवकुमार शाक्य, अरविन्द राजपूत, जगदीप अवस्थी, मिथलेश पाल, सुनीता चौहान, कंचन त्रिपाठी, शैलजा यादव, प्रीती त्रिवेदी, प्रेमलता राठौर, ऊषा दीक्षित, साधना त्रिपाठी, प्रतिभा त्रिवेदी, पवन गुप्ता, राजीव यादव, अनुराग कुशवाहा, राजीव कुमार, प्रमोद मिश्रा, संदीप शुक्ला, संतोष पाठक, प्रशांत कुमार, अवनीश त्रिपाठी, श्याम जी शुक्ला, विनोद पाठक, विमलेश शाक्य, आदित्य कुमार सिंह, मनोज वर्मा, रामप्रताप परमार, आनंद राव, शिव कुमार शाक्य, अरविन्द राजपूत, विपिन सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, सुशील कांत तिवारी, सौरव कुमार सिंह, राजीव कुमार, मंजू यादव, प्रमोद कुमार, अशोक कुमार सिंह, शिव प्रताप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### बीवीडीसी के दो छात्र दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक से होंगे सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बद्री विशाल महाविद्यालय के दो छात्रों को विश्व विद्यालय के आगामी दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक के लिए आमंत्रित किया गया है। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित १७ सितम्बर को होने वाले 40 वें दीक्षांत समारोह में बद्री विशाल महाविद्यालय के दो छात्रों को स्वर्ण पदक हेतु नामित किया गया है। महाविद्यालय के भूगोल विभाग की छात्रा अफरोज बानो पुत्री अफजल हुसैन को एमए भूगोल विषय में सर्वोच्चतम अंक प्राप्ति हेतु महाशय चित्रसेन निगम स्वर्ण पदक और बीए के छात्र शिवम पाण्डेय पुत्र दिनेश कुमार पाण्डेय बीए हिन्दी भाषा में सर्वोच्च अंक प्राप्त हेतु हींगवाला स्व0 रामदुलारी कपूर स्वर्ण पदक एवं बीए हिन्दी विषय पर अधिकतम अंक प्राप्त होते हुए डॉ. बाल मुकुंद गुप्ता स्वर्ण पदक आगामी दीक्षांत समारोह में प्रदान किये जायेंगे। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी, प्रो0 डॉ. जयश्री मिश्रा आदि ने इस उपलब्धि पर दोनों विद्यार्थियों के भविष्य की उज्ज्वल कामना की है।

### बच्चे को पीटने में युवक पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव नगला खोंटा निवासी श्याम सिंह की पत्नी रिंकी ने गांव के ही कश्मीर पुत्र बदन सिंह के विरुद्ध मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 9 सितंबर समय लगभग शाम 5 बजे बच्चे साथ-साथ खेल रहे थे। मेरा पुत्र सूर्यांश भी खेल रहा था और अखिल पुत्र विजेंद्र व अभिषेश पुत्र मानसिंह उर्फभूरे के साथ आपस में झगड़ा हो गया। कश्मीर पुत्र बदन सिंह मौके पर पहुंच गए जो विजेंद्र व अभिषेश के ताऊ हैं। उन्होंने मेरे पुत्र के साथ मारपीट की। जिससे मेरे पुत्र की गर्दन व पेट में काफी चोटें आईं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच अचरा चौकी प्रभारी अक्षय कुमार को सौंपी गई।

### महादेवी वर्मा की पुण्यतिथि पर समीक्षा गोष्ठी सम्पन्न

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** साहित्यिक संस्था साधना निकुंज एवं अनुगूंज के संयुक्त तत्वावधान में महादेवी वर्मा की पुण्यतिथि पर कृष्णा प्रेस परिसर में गोष्ठी सम्पन्न हुई। प्रोफेसर रामबाबू मिश्र रत्नेश ने कहा कि महादेवी छायावाद की सबसे प्रतिष्ठित हस्ताक्षर हैं। उनके काव्य में पुरातन का गौरव और नवयुग का अभिनंदन है। प्रकृति के सौंदर्य के साथ मानवीय संवेदनाओं का सुंदर चित्रण है। परंपरा और प्रगति का सुंदर सामंजस्य है। गीतकार पवन बाथम ने कहा कि महादेवी वर्मा सहित सभी छायावादी कवियों के गीत लयात्मक सौंदर्य का खजाना हैं। पूर्व प्रधानाचार्य अहिवरन सिंह गौर एवं प्रधानाचार्य शिवकांत शुक्ला ने कहा कि प्रसाद पंत निराला और महादेवी वर्मा का छायावाद चतुष्टय विश्व साहित्य में अपना सानी नहीं रखता। अनुपम मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

### छायावाद युग की कवयित्री को दी गई श्रद्धांजलि



महादेवी वर्मा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। छायावादी युग की कवयित्री महादेवी वर्मा की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया गया। महादेवी स्मृति पीठ द्वारा रेलवे रोड स्थित पल्ला पर उनकी प्रतिमा पर सभी ने माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये। राष्ट्रीय कवि डॉ. शिवओम अम्बर, संस्था प्रमुख राजन महेश्वरी, बृजकिशोर सिंह किशोर, आलोक गौड़, सुनील अवस्थी आदि ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया और महादेवी वर्मा की स्मृतियों को याद करते हुए अग्नि रेखा में युवाओं एवं नारी शक्ति का जागरण किया। उनकी कविता में प्रकृति के साथ-साथ मानव, पशु-पक्षी, सभी के लिए कल्याण की भावनाओं को उजागर किया। वह अपने युग की जनप्रिय कवियत्री थी।

# जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने जीते मेडल



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रशस्ति पत्र व मेडल के साथ विजेता खिलाड़ी

जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन मोहन लाल शुक्ला आदर्श विद्यालय इंटर कालेज में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में जूनियर बालिका वर्ग अंडर-17 में वाणी पाण्डेय प्रथम, रिया शर्मा द्वितीय, छवि वैश तृतीय रही। सीनियर बालिका अंडर-19 में गौरी प्रथम रही।

बालक सब जूनियर अंडर-14 में यश प्रथम, सक्षम श्रीवास्तव द्वितीय, प्रियम अग्निहोत्री तृतीय रहे। बालक जूनियर अंडर-17 में पार्थ पाठक प्रथम, अरुण द्वितीय, मिथुन सिंह तृतीय रहे। बालक सीनियर अंडर-19 में हर्षित दुबे प्रथम, फाजिल द्वितीय, मोंटी तृतीय रहे। विजेता खिलाड़ियों को प्रधानाचार्य डॉ. संदीप कुमार चतुर्वेदी, डॉ. विनीत कुमार चौहान, जिला क्रीड़ा सचिव अतुल दास ने मेडल तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। निर्णायक मण्डल में प्रमुख रुप से देवाशीष पाठक, रितु मिश्रा, अभिषेक अवस्थी, देवेन्द्र चौहान, सतेन्द्र सिंह, अर्जुन प्रताप सिंह, सुनील कुमार पाल, आरती यादव, प्रशुभ गुप्ता, केशव गंगवार, राकेश गुप्ता आदि ने भूमिका निभाई। इस मौके पर फरहाना हाशमी, दिनेश चन्द्र, कृष्ण मोहन, संदीप कुमार यादव, संतोष सरोज, यशपाल, अवनीश कुमार, नितिन त्रिवेदी आदि लोग मौजूद रहे। प्रधानाचार्य सुधीर मिश्रा, अनिल सिंह, डॉ. बृजभूषण सिंह, रीता दुबे, राजिन्द्र कुशवाहा, डॉ. अनिल कुमार मिश्रा, संतोष कुमार त्रिपाठी, डॉ. धर्मेन्द्र रघुवंशी, अमित सिंह, आशीष वर्मा, राकेश गुप्ता, अमित कुमार सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।



टूटी पड़ी पुलिया

# सिविल अस्पताल के सामने टूटी पुलिया को ठीक करवाने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के जिलाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता ने लिंजीगंज नाला मछरट्टा मार्ग सिविल अस्पताल लिंजीगंज के सामने टूटी पुलिया बनवाये जाने की मांग की है। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को ज्ञापन भेजकर मांग की है कि लिंजीगंज सिविल अस्पताल के सामने टूटी पुलिया है, जिसे राहगीर आय दिन गिरकर घायल हो रहे है। पैदल, दो पहिया वाहन, चार पहिया ठिलिया आदि पलट जाते है। जिससे नुकसान होता है और लोग चुटहिल हो जाते है। इस ओर नगर पालिका के अधिकारियों का ध्यान आकर्षित होना चाहिए और टूटी हुई पुलिया को शीघ्र बनवाया जाये। इस ओर ध्यान न दिया गया तो व्यापारी नगर पालिका के खिलाफ आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। ऐसे में पुलिया को अभिलंब सही कराया जाये।

# श्रीराम लीला कमेटी की पत्रिका का विजय यादव ने किया विमोचन



पत्रिका विमोचन के दौरान कमेटी के पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

श्रीराम लीला कमेटी फतेहगढ़ की पत्रिका का विमोचन विजय यादव के गिरिजा देवी कोल्ड स्टोरेज रखा में हुआ। गुरुवार को श्रीराम लीला कमेटी फतेहगढ़ द्वारा रखा स्थित गिरिजा देवी कोल्ड स्टोरेज में बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में अध्यक्ष रवीश द्विवेदी सहित पदाधिकारियों ने भाग लिया। पत्रिको विमोचन संरक्षक अरविन्द कुमार बाजपेयी, मुन्नालाल वैर्ष्णय व विजय यादव ने संयुक्त रुप से विमोचन किया गया। सभी ने इस वर्ष रामलीला को भव्य प्रदान करने पर चर्चा की। इस दौरान अध्यक्ष रवीश द्विवेदी, मनीष अग्रवाल, सभासद अनिल तिवारी, चमन टंडन, अतुल मिश्रा, बलवीर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन कार्यक्रम में छात्राओं को किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद/कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



कार्यक्रम में मौजूद लोग

महिला कल्याण विभाग द्वारा संकल्प के अंतर्गत 10 दिवसीय जागरूकता अभियान के तहत कायमगंज में हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ़ वूमेन एचईडब्लू की गतिविधि स्पेशल अवेयरनेस पॉक्सो अधिनियम पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन कार्यक्रम के तहत जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चंद्र के निर्देश अनुसार गुरुवार को कन्या विद्यापीठ इंटर कॉलेज कायमगंज में आयोजन किया गया। बालिकाओं को पॉक्सो एक्ट के बारे में बताया गया। जेंडर स्पेशलिस्ट निर्मला राजपूत ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल विवाह रोकथम हेतु एवं बाल विवाह द्वारा होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बालिकाओं को जागरूक किया। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, सामान्य स्पॉन्सरशिप योजना, बाल श्रम, वन स्टाफ सेंटर, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर, निराश्रित महिला पेंशन, घरेलू हिंसा आदि का प्रचार प्रसार किया गया तथा पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाने हेतु चिन्हित किया गया। टोल फ्री नंबर बालिकाओं को बताए गए, 1090/ 181/1098/102/ 108/ 112, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत नव बालिकाएं चिन्हित की गई एवं स्पॉन्सरशिप योजना के तहत छह बालिकाएं कार्यक्रम में डीएमसी नेहा मिश्रा एवं जेंडर स्पेशलिस्ट कुमुदिनी, रमन विद्यालय की प्रधानाचार्य मधु एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कन्या विद्यापीठ की पूर्व प्रधानाचार्य सुनीता सचान भी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में तैयारी बैठक जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकारण नीरज कुमार के निर्देशन में अपर जिला जज नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत अभिनीतम उपाध्याय की अध्यक्षता में एडीआर भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में लघु आपराधिक एवं धारा 138 एनआई एक्ट मामलों से सम्बन्धित अधिक से अधिक मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत विहित किये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये तथा चिन्हित मामलों का विवरण प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया गया है। धारा 138 एनआई एक्ट से सम्बन्धित अब तक कुल 34 मामाले चिन्हित एवं लघु आपराधिक मामलों से सम्बन्धित अब तक कुल 2164 मामले चिन्हित किये जा चुके है। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी धनश्याम शुक्ला, प्रीतिमाला चतुर्वेदी सिविल जज सी0डि0, ज्ञानेन्द्र कुमार अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, जयवीर सिंह सिविल जज सी0डि/एफटीसी, युगुल शम्भू सिविल जज व0प्र0/एफटीसी, ओमश्री चौरसिया सिविल जज सि0डी0, सुबुक मुस्कान जेएम सदर, प्रशांत कौशिक जेएम हवाली, हिमांशु नौटियाल अपर सिविल जज जू0डि, गुलफसा अपर सिविल जज द्वितीय, स्वेता कश्यप सिविल जज जू0डि0, शोभा रानी सिविल जज जू0डि0, दीपिका रानी अपर सिविल जज, अनामिका अपर सिविल जज, ज्योति सागर सिविल जज एफटीसी, शिवानी सिंह सिविल जज एफटीसी एवं बलवीर सिंह यादव विशेष जेएम आदि न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# यूनाइटेड टीचर्स एसो. ने टीईटी परीक्षा लागू करने का किया विरोध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते शिक्षक

यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष पियूष कटियार के नेतृत्व में प्रधानमंत्री सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। बड़ी संख्या में शिक्षकों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया। ज्ञापन में दर्शाया गया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश 1 सितम्बर के माध्यम से टीईटी लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टेट उत्तीर्ण होने की वाध्यता प्रकरण को लेकर संसोधित अधिनियम जारी करने की कार्यवाही के विरोध में शिक्षकों ने ज्ञापन सौंपा। देश के लाखों शिक्षकों जिनकी सेवा के 20 से 25 वर्ष बीत चुके है, उनको आगामी दो वर्ष में टीईटी की परीक्षा पास करने का आदेश पारित किया गया। दो वर्ष में टीईटी परीक्षा पास न कर पाने वाले शिक्षकों को सेवा से विरत करने का आदेश किया गया है। ऐसी स्थिति में 30 लाख से अधिक परिवारों के सामने जीवन यापन का संकट दिखायी दे रहा है। शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा-23(1) व धारा-23(2) में अधिनियम लागू होने की तिथि 23 अगस्त से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टेट उत्तीर्ण करने का निर्देश नहीं दिया गया है। एनसीटीई ने 23 अगस्त 2010 को शिक्षकों के लिए न्यूनतम योग्यता निर्धारित की है। इसके अन्तर्गत प्रशिक्षण के अतिरिक्त टीईटी को भी अनिवार्य बनाया गया। किन्तु इसकी अधिसूचना धारा में प्रावधान किया गया तथा 2010 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की आवश्यकता नहीं है। ऐसे में टीईटी अनिवार्यता का आदेश समाप्त किया जाये और भारत सरकार की ओर से न्यायालय में पुनविचार कर याचिका दाखिल की जाये।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष पियूष कटियार, महामंत्री पंकज यादव, सोमेश कुमार, अनिल कुमार वर्मा, राजीव कुमार गंगवार, तौफिक खान, विनोद गौतम, राजीव कुमार, देवेन्द्र सिंह, सीमा पथरिया, संजीव गुप्ता, सत्यवीर सिंह, अंकित यादव, राजीव पाण्डेय, अंजू कटियार, कुलदीप, अतुल कुमार आदि शिक्षक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में मनाई गयी महादेवी वर्मा की पुण्यतिथि



पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित करते प्रधानाचार्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में गुरुवार को हिंदी साहित्य की छायावाद युग की महान कवयित्री महादेवी वर्मा की पुण्यतिथि मनाई गई। प्रधानाचार्य डॉ. लकी चावला ने महादेवी वर्मा के चित्र पर माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कक्षा द्वितीय की आरोही मिश्रा ने महादेवी वर्मा की एक खिड़की कविता प्रस्तुत की। कक्षा अष्टम के मेहुल ने महादेवी वर्मा का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया। कक्षा नवम की मानसी गुप्ता ने महादेवी वर्मा पर प्रश्नोत्तरी के माध्यम से सबका ज्ञानवर्धन किया। उप प्रधानाचार्या डॉ0 अंजू सिंह ने महादेवी वर्मा के विषय में बताते हुए नीर भरी दुख की बदली कविता प्रस्तुत की। प्रधानाचार्य डॉ0 लकी चावला ने से सभी छात्रों को महादेवी वर्मा की रचनाएं पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# भारत-नेपाल सीमा का मंडलायुक्त व डीआईजी ने लिया जायजा

- सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा, 24×7 निगरानी के निर्देश; पुलिस-एसएसबी को पेट्रोलिंग बढ़ाने के दिये निर्देश



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज**

मंडलायुक्त गोरखपुर अनिल ढींगरा और डीआईजी रेंज गोरखपुर ने भारत-नेपाल सोनौली सीमा का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया । दोनों अधिकारियों ने जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और एसएसबी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक भी की।

मंडलायुक्त ने सीमा पर सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस, फायर ब्रिगेड और मेडिकल टीमों को 24म7 अलर्ट मोड पर रखने को कहा। नेपाल से आने वाले भारतीय नागरिकों के लिए सुरक्षित परिवहन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। एसडीएम और सीओ को लगातार भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखने को कहा।

डीआईजी ने पुलिस और एसएसबी को सीमा पर निरंतर पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही ड्रोन से निगरानी और आसूचना तंत्र को हाई अलर्ट पर रखने को कहा। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में स्थिति शांतिपूर्ण और नियंत्रण में है। जिला प्रशासन, पुलिस और एसएसबी मिलकर सीमा क्षेत्रों की निगरानी कर रहे हैं। इससे पहले दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने अंतरराष्ट्रीय सीमा का निरीक्षण भी किया। बैठक में एसएसबी, जिला और पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## नेपाल से लौट रहे भारतीय पर्यटकों को मिल रही मदद

- सोनौली बॉर्डर पर प्रशासन ने की चाय-नाश्ते से लेकर यातायात की व्यवस्था
- वित्त राज्य मंत्री ने पंकज चौधरी ने जिला प्रशासन एवं भाजपा कार्यकर्ताओं को सीमा पर व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए दिया निर्देश



नेपाल में राजनीतिक संकट और हिंसक घटनाओं के बीच भारतीय पर्यटकों की सुरक्षित वापसी के लिए केंद्र और जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। महराजगंज के सांसद और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने जिला प्रशासन और भाजपा कार्यकर्ताओं को बॉर्डर पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सोनौली, ढुठीबारी और झुलनीपुर बॉर्डर से भारतीय पर्यटक लगातार वापस लौट रहे हैं। प्रशासन ने सभी बॉर्डर पॉइंट्स पर मेडिकल टीम तैनात की है। यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की गई है। प्रशासन पर्यटकों को पीने का पानी, चाय-नाश्ता और जरूरी दवाएं उपलब्ध करा रहा है। भाजपा कार्यकर्ता भी प्रशासन के साथ मिलकर यात्रियों की मदद कर रहे हैं। वे यात्रियों को मार्गदर्शन देने के साथ भोजन-पानी और मेडिकल सहायता उपलब्ध कराने में जुटे हैं। लखनऊ से आए एक यात्री संजय बरनवाल ने सोनौली बॉर्डर पर बताया कि यहां पहुंचते ही उन्हें चाय-नाश्ता और दवाएं मिलीं। प्रशासन और कार्यकर्ताओं के सहयोग से उन्हें राहत महसूस हुई। केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी के प्रयासों से प्रशासन और कार्यकर्ताओं की टीम लौट रहे भारतीय पर्यटकों की हर संभव मदद कर रही है।

## नेपाल में आंदोलन को लेकर भारतीय सीमा पर हाई अलर्ट

नेपाल में चल रहे आंदोलन के कारण भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। महराजगंज जिले में 84 किलोमीटर लंबी खुली सीमा है। जिसको लेकर पगडंडी रास्तों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। एसएसबी के डीआइजी मुन्ना सिंह, एएसपी सिद्धार्थ और कमांडेंट शक्ति सिंह ठाकुर ने बीते बुधवार को सीमा का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा बलों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वर्तमान में किसी भी नेपाली नागरिक को भारत में प्रवेश की अनुमति नहीं है। एसएसबी की 22 और 66 बटालियन के जवान सीमावर्ती इलाकों में तैनात हैं। कार्यवाहक सेना नायक प्रभाकर चतुर्वेदी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक कुमार पवन, सहायक उप निरीक्षक अंशुमान पॉल, आनंद सिंह, मुख्य आरक्षी देवेन्द्र यादव समेत 11 सुरक्षाकर्मी मोर्चा संभाले हुए हैं। भारत-नेपाल सीमा पर कई ऐसे रास्ते हैं जहां बिना दस्तावेज़ों के लोग आवाजाही कर सकते हैं। सुरक्षा बलों ने इन सभी रास्तों पर अतिरिक्त गश्त बढ़ा दी है। एसएसबी डीआइजी मुन्ना सिंह के अनुसार, नेपाल के आंदोलन को देखते हुए सीमा पर अलर्ट जारी है। मालवाहक वाहनों के सुरक्षित आवागमन के लिए उच्चस्तरीय वार्ता जारी है।

## पशु काटे जाने की सूचना पर आक्रोश



**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के पिरल्लीपुर गांव में पशु को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा काटे जाने की घटना घटित होने से लोगों मे रोष व्याप्त है। गो पालक की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। घटना की जानकारी होने पर अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन ओपी सिंह भी मौके पर पहुंचे। गांव निवासी पशुपालक मोहन घर के बाहर ही अपने पशु को बांधते थे। रोज की भांति बुधवार की रात भी पशु वही बधी थी। बृहस्पतिवार की सुबह जब वह घर से बाहर निकले तो खूटे से बधी पशु गायब थी। वह पशु को ढूढने के लिए निकले ही थे कि घर से कुछ ही दूरी पर सडक किनारे उन्हें पशु का कटा सिर और उसके पेट में पल रहा बच्चा मृत अवस्था में मिला। इस तरह घटे निर्मम हत्या की खबर जंगल में आग की तरह पूरे इलाके में फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाल रविन्द्र भूषण मौर्य मौके पर पहुचें तत्पश्चात अपर पुलिस अधीक्षक भी पहुच कर घटना के बारे में पूरी जानकारी ली। पशुपालक के पुत्र अखिलेश यादव के तहरीर पर पुलिस छानबीन में जुट गई है। चुनार क्षेत्र अधिकारी मंजरी राव ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। पशु के हत्यारे की तलाश की जा रही है जल्द ही गिरफ्तारी हो जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### पंचायत चुनाव को लेकर कार्यशाला आयोजित



**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** फरेंदा स्थित परमेश्वर सिंह मेमोरियल कालेज आफ फार्मेसी मधुकर महादेवा में पंचायत चुनाव एवं जिला पंचायत चुनाव को लेकर एक कार्यशाला आयोजित की गई। आयोजित मण्डल कार्यशाला में बतौर मुख्यातिथि के रूप में पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह रहे। उन्होंने उपस्थित लोगों को पंचायत चुनाव एवं जिला पंचायत चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। इस सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आगामी कार्यक्रमों में, पंचायत चुनाव स्नातक चुनाव शामिल हैं। बैठक में मुख्य रूप में मण्डल प्रभारी बच्चू लाल चौरसिया, जिला पंचायत सदस्य परमानंद तिवारी, मंडल अध्यक्ष बृजेश चौधरी , मंडल अध्यक्ष विनोद प्रजापति, द्वय मंडल महामंत्री अमित उपाध्याय जुगानी जायसवाल, शक्ति केंद्र प्रमुख रामनरायन पांडेय, राकेश जायसवाल, जितेंद्र विश्वकर्मा, अरविंद सहानी, राम उजागीर चौधरी, सदानंद शर्मा, अमर सिंह मौर्या, राम प्रकाश सिंह, रमाकांत यादव, रविन्द्र सिंह प्रधान, अशोक चौरसिया,गयादीन चौधरी, प्रधान धर्मेंद्र पांडेय, प्रधान धनंजय यादव,सतीश यादव व बूथ प्रमुख साथी एवं सहित वरिष्ठ कनिष्ठ कार्यकर्ता पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पीएसएम फार्मेसी ऑफ कालेज में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित



**फरेंदा, महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।** फरेंदा के ग्राम सभा मधुकरपुर महदेवा में परमेश्वर सिंह मेमोरियल कॉलेज ऑफ फार्मेसी पर आयोजित मण्डल कार्यशाला आयोजित किया गया। बताते चलें कि आज दिन वृहस्पतिवार को फरेन्दा विधानसभा क्षेत्र में मधुकर पुर महदेवा में परमेश्वर सिंह मेमोरियल कालेज आँफ फार्मेसी पर मण्डल कार्याशाला आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि प्रबंधक/ पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह रहे। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि प्रबंधक/पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने संबोधित कहां कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आगामी कार्यक्रमों, पंचायत चुनाव, स्नातक/शिक्षक चुनाव की कार्ययोजना को देखते हुए बैठक किया गया है। कार्यक्रम को मुख्य रूप में मण्डल प्रभारी बच्चू लाल चौरसिया जिला पंचायत सदस्य परमानंद तिवारी मंडल अध्यक्ष बृजेश चौधरी नि॰ मंडल अध्यक्ष विनोद प्रजापति द्वितीय मंडल महामंत्री अमित उपाध्याय जुगानी जायसवाल शक्ति केंद्र प्रमुख रामनरायन पांडेय राकेश जायसवाल जितेंद्र विश्वकर्मा अरविंद सहानी रामउजागीर चौधरी जी सदानंद शर्मा अमर सिंह मौर्या रामप्रकाश सिंह आदि लोगों ने सम्बोधित किया। इस दौरान रमाकांत यादव रविन्द्र सिंह प्रधान अशोक चौरसिया गयादीन चौधरी प्रधान धर्मेंद्र पांडेय प्रधान धनंजय यादव सतीश यादव व बूथ प्रमुख साथी एवं उपस्थित वरिष्ठ कनिष्ठ कार्यकर्ता समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

### गणित की मुश्किल अब आसान कर रही विशेष किट

महराजगंज, समृद्धि न्यूज। राजकीय माध्यमिक स्कूल के विद्यार्थी गणित की रोचकता किट के सहारे सीख रहे हैं। इसके लिए विभाग की तरफ से एक विशेष किट विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई गई है। बीते सोमवार को राजकीय माध्यमिक स्कूल सिंहपुर के विद्यार्थियों ने इसका उपयोग सीखा। राजकीय माध्यमिक के लगभग छह हजार विद्यार्थियों को अगस्त के आखिरी सप्ताह में विभाग की तरफ से विशेष गणित किट मिली। इसके सहारे गणित की जटिलता कैसे दुरुस्त की जाए। इसकी जानकारी बच्चों को दी गई। प्रधानाध्यापक अनमोल यादव ने बच्चों को गणित किट का उपयोग सिखाते हुए कहा कि गणित की अवधारणाओं को आसान और समझने योग्य बनाने के लिए यूपी बोर्ड ने इसे विकसित कराया है। यह गणित के प्रति लगाव बढ़ाने के लिए है। गणित को चुनौतीपूर्ण माना जाता है, लेकिन विशेष किट के माध्यम से इसे सीखना सरल है। काउंटिंग ग्रिड और क्यूब्स से जोड़-घटाव, ज्यामितीय और माप जैसी अवधारणा सीखा जा सकता। क्लॉक और मेजरिंग कंटेनर से समय और मात्रा की अवधारणा सीखी जा सकती है। विशेष किट की सामग्री के बारे में जानकर विद्यार्थियों में उत्साह दिखा। विशेष किट में इनका समावेश ~ विशेष गणित किट में ज्यामितीय इंस्ट्रूमेंट, मीटर टेप, थर्मामीटर, काउंटिंग ग्रिड, क्यूब्स, क्लॉक, मेजरिंग कंटेनर और मीटर स्केल जैसी सामग्री शामिल है। गणित के प्रति रोचकता बढ़ाने व सहजता से समझने के लिए बोर्ड की तरफ से मिले विशेष गणित किट 29 राजकीय माध्यमिक स्कूलों को उपलब्ध कराकर प्रयोग सिखाने के निर्देश हैं।

## वनभूमि पर खुदाई कर रही जेसीबी मशीन को वन विभाग की टीम ने किया सीज



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय थाना क्षेत्र के अहुगी कला गांव के वनभूमि में खुदाई कर रही जेसीबी मशीन को सूचना पर गुरुवार की दोपहर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीन को रेंज परिसर में खड़ा कराते हुए जेसीबी मशीन को सीज कर दिया है।

थाना क्षेत्र के अहुगी कला गांव के में रोड़ से नई बस्ती तक सम्पर्क मार्ग पर एक ठेकेदार द्वारा सड़क किनारे वनभूमि से जेसीबी मशीन से खुदाई करा रहा था की किसी ने इसकी सूचना वन विभाग की टीम को दिया। वन विभाग के उच्च अधिकारी डीएफओ तापस मिहिर व वन्यजीव प्रतिपालक चुर्क भास्कर पाण्डेय के निर्देश पर मौके पर पहुँचे डिप्टी रेंजर सीपी तिवारी व वन दरोगा सूरज पाण्डेय व वन्यजीव रक्षक शिवम सिंह ने मौके पर पहुंचकर खुदाई कर रही जेसीबी मशीन को पकडकर कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीन को रेंज परिसर दिघिया लाकर जेसीबी मशीन को सीज कर दिया है। वन विभाग के इस कार्रवाई से वन क्षेत्र में अबैध कार्य करने वाले लोगो में हड़कंप मच गया है इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी हलिया अवध नारायण मिश्रा ने बताया की वन भूमि पर अबैध रूप से खुदाई कर रहे जेसीबी मशीन को पकडकर कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीन को सीज कर केस दर्ज कर कार्रवाई किया जा रहा है।

## आंगनबाड़ी के नाम पर साइबर ठगी, दो खातों से सवा लाख रकम पार

मीर्जापुर, समृद्धि न्यूज। साइबर अपराधियों ने आंगनबाड़ी का पोषण टेकर बनकर फोन किया और कई लाभार्थियों को जाल में फंसाकर उनके खाते से पैसे उड़ा लिए। बुधवार दोपहर लगभग दो बजे हुई इस घटना से लोगों में दहशत का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार, रोशनहर गांव की आंगनबाड़ी कार्यकर्ती संगीता देवी को एक कॉल आया। फोन करने वाला खुद को पोषण टेकर, मीरजापुर बता रहा था। योजनाओं और पोषण कार्यक्रम की जानकारी लेने के बहाने उसने संगीता देवी से कई लाभार्थियों के नंबर जुटा लिए और उन्हें कॉल कर जानकारी लेने लगा। इसी दौरान कई खातों से पैसे कटने लगे। बताया जा रहा है कि रोशनहर गांव के मनीष यादव के खाते से लगभग 89 हजार रुपये और भगवान दास के खाते से 34 हजार रुपये गायब हो गए। इसी तरह महुली और मानिकपुर गांव में भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मोबाइल पर फोन आने के बाद लाभार्थियों के खातों से रकम कटने की शिकायत सामने आई हैं। पीड़ित लोगों ने अहरौरा थाने पहुंचकर पुलिस को घटना से अवगत कराया। थाना प्रभारी अजय सेठ ने गुरुवार को बताया कि मामले की जांच की जा रही है। साइबर सेल को भी अलर्ट कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## गड़बड़ा धाम नवरात्रि के मेले को लेकर की गई तैयारी

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



21-22 सितंबर से प्रारम्भ होने वाले शारदीय नवरात्रि गड़बड़ा शीतला शाम मेले के मद्देजनर गुरुवार की दोपहर ज्वाइंट महिस्ट्रेटध्एसडीएम महेंद्र सिंह व सीओ लालगंज अशोक कुमार सिंह ने मेले की तैयारियो को लेकर संबंधित अधिकारी कर्मचारियों के साथ बैठक कर तैयारियो को ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

इसके बाद दोनों अधिकारियो ने मेला स्थल का निरीक्षण किया है। इस दौरान मेले के सकुशल संचालन एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिया है।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेटध्एसडीएम ने गड़बड़ा धाम सेवटी नदी घाट पर जगह जगह फैली गंदगी, मंदिर मार्ग पर जलजमाव को देख नाराजगी जताई है। जल जमाव कि निकासी की व्यवस्था कराने के साथ ही रास्ते को ठीक कराने के लिए ग्राम प्रधान को निर्देशित किया मेले में भक्तों की भीड़ को देखते हुए महिला भक्तों के लिए सेवटी नदी घाट पर अस्थाई चेंजिग रूम बनवाने के निर्देश दिया है। सीओ लालगंज अशोक कुमार सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए दो बैरियर व वाहन स्टैंड बनवाने के लिए थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव को दिया है। एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव से मेले में साफसफाई के लिए पर्याप्त सफाई कर्मियों की डियूटी लगाने का निर्देश व मेडिकल टीम को मेला क्षेत्र में टीम के लिए प्रभारी चिकित्साधिकारी अवधेश कुमार को दिया है। इस दौरान तहसीलदार दीक्षा पाण्डेय, पशु चिकित्साधिकारी कमलेश कुमार, एसआई श्याम लाल हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे, मेला व्यवस्थापक प्रकाश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## मानसिक स्वास्थ्य व आत्महत्या रोकथाम पर संगोष्ठी आयोजित

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रांगण में उच्च शिक्षण संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्य, छात्र आत्महत्या एवं रोकथाम विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ0) माधवी शुक्ला ने मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अध्यक्षीय उदबोधन देते हुए उन्होंने कहा कि छात्र मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष रूप से ध्यान दें, पौष्टिक आहार ग्रहण करें, धैर्य एवं विवेक के साथ किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कर्म करते रहें और असफल होने पर धैर्य न खोएं। मुख्य वक्ता डॉ0 रजनीश, असिस्टेंट प्रोफेसर समाजशास्त्र ने कहा कि आत्महत्या एक सामाजिक अपराध है। विद्यार्थियों से परिवार एवं समाज की बहुत अपेक्षाएं होती हैं जिससे कई बार वे अवसादग्रस्त हो जाते हैं। इस स्थिति में शिक्षण संस्थानों की जिम्मेदारी बनती है कि विद्यार्थियों से पारस्परिक संवाद स्थापित कर उनका उचित दिशा में मार्गदर्शन करते रहें।

दूसरे वक्ता डॉ0 (मो0) वकार रजा, असिस्टेंट प्रोफेसर बी.एड. विभाग ने कहा कि जीवन अनमोल है। हमें विपरीत परिस्थितियों में धैर्य से काम लेना चाहिए एवं भावावेश में कोई निर्णय लेने से बचना चाहिए। विषय प्रवर्तन डॉ0 दीपक कुमार सिंह, संचालन संयोजक डॉ0 नलिनी सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन संयोजक डॉ0 अवधेश सिंह यादव ने किया। इस अवसर पर डॉ चन्दन साहू, डॉ कुसुम लता, डॉ भास्कर द्विवेदी, डॉ दीप नारायण, डॉ अरूणेश, डॉ सत्येन्द्र कुमार, डॉ अरविन्द कुमार, डॉ रमेश चन्द्र, डॉ गुरु प्रसाद, डॉ शैलेन्द्र, डॉ शिखा तिवारी, डॉ अदिति, डॉ चन्दन द्विवेदी, डॉ रीता मिश्रा, डॉ शिव कुमार, डॉ विद्या सिंह, डॉ अमित यादव, धर्म चंद्र, कमलेश शुक्ला, रामकेश सोनकर, धर्मेन्द्र सिंह, प्रमिला, संतोष कुमार, कुर्बान के साथ ही अच्छी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## डिवाइडर से टकराकर युवक की मौत



**अदलहाट (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के टेडुआ गांव के पास गुरुवार को सुबह 5 बजे गाय को बचाने के वजह से ट्रैक्टर ट्राली डिवाइडर से टकरा गया ट्रैकर से गिरकर 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार छब्बू पटेल पुत्र लल्लन पटेल 30 वर्ष निवासी बरेव थाना अदलहाट मिर्जापुर जो वाराणसी से ट्रैक्टर ट्राली से सामान खाली कर के वापस अपने घर आ रहा था जैसे ही टेढुआ गाव के पास पहुंचा की अचानक सामने गाय आ गया जिसे बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर अनियत्रिंत होकर डिवाइडर से टकरा गई जिससे ट्रैकर से गिरकर युवक की मौत हो गई।

सुचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतक को दो बच्चे हैं। मौत की खबर लगते ही घर में कोहराम मच गया।

## 11 जुआरी गिरफ्तार, 1.09 लाख बरामद



**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

सार्वजनिक स्थान पर जीत हार की बाजी लगाकर जुआ खेलते ग्यारह जुआरी धराए। सक्तेशगढ चौकी अन्तर्गत खम्हवाजमती गाँव के ढोलकिया पहाड़ी पर गुरुवार को मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस टीम द्वारा छापेमारी कर ग्यारह जुआरी सहित एकलाख नौ हजार छह सौ नब्बे रुपए नकदी के साथ दो अदद तास गडडी बरामद कर कोतवाली ले आयी। सार्वजनिक जुआ अधिनियम की धारा 3ध्4 के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

पकड़े गए आरोपियों में संजय निवासी लोहंदीकला थाना कोतवाली देहात मिर्जापुर, शिवकुमार निवासी अटल चौक कोतवाली देहात, संजय चौबे निवासी हरिहरपुर थाना जन्सा वाराणसी, देवेन्द्र कुमार निवासी बघेडी टोला रामनगर थाना रामनगर वाराणसी, मनोज कुमार निवासी पथरौरा थाना अदलहाट मिर्जापुर, ओमप्रकाश पटेल निवासी सरसवा गंगापुर थाना शिवपुर वाराणसी, राजेश कुमार निवासी जयराम का बगीचा थाना कोतवाली शहर मिर्जापुर, रुपेश कुमार निवासी सुगापाख थाना मडिहान मिर्जापुर, प्रशांत उपाध्याय निवासी पयागपुर, राजा तालाब जनपद वाराणसी, मुल्लन सिंह निवासी कोलना थाना अदलहाट मिर्जापुर, महेश निवासी पथरौरा थाना अदलहाट मिर्जापुर। छापेमारी व गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र भूषण मौर्य मय पुलिस व राजेश कुमार पाण्डेय चौकी प्रभारी सक्तेशगढ मय पुलिस के शामिल रहे।

# न्यू राज अल्ट्रासाउंड के संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

- पुलिस मामले की जांच में जुटी

**कुशीनगर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के पटहेरवा थाना क्षेत्र के फाजिलनगर कस्बा स्थित न्यू राज अल्ट्रासाउंड सेंटर के संचालक के खिलाफ सेन्टर के पार्टनर के प्रकीर्ण वाद सिविल जज जूडी कसया के आदेश पर मुकामी पुलिस ने विश्वासघात, बेईमानी से गबन करने (धोखाधड़ी) के सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच में जुट गई है।

वादी दिवाकर कुमार मिश्र पुत्र रविन्द्र मिश्र निवासी पुरैना, विजयीपुर जिला गोपालगंज, बिहार, हाल मुकाम फाजिलनगर थाना पटहेरवा, जनपद कुशीनगर ने अपने प्रकीर्ण वाद में कहा है कि प्रार्थी एक बेरोजगार व्यक्ति है। प्रार्थी रोजी रोटी चलाने के लिए फाजिलनगर कस्बे के हास्पीटल रोड स्थित न्यू राज अल्ट्रासाउंड सेंटर, जिसके मालिक उमेश पाण्डेय पुत्र राजनेता पाण्डेय निवासी अमरवा, थाना पटहेरवा के अल्ट्रासाउंड सेंटर में वर्ष 2013 में 7 जनवरी से बतौर कर्मचारी के रूप में कार्य करने लगा। लगातार कई वर्षों तक सेंटर में कार्य करने के चलते मालिक से मेरा सम्बन्ध अच्छा हो गया।

इसी दौरान सेंटर के मालिक उमेश पाण्डेय वो हमारे बीच एक मौखिक साझेदारी के तहत अल्ट्रासाउंड सेंटर को और आधुनिक बनाने और सेंटर को आगे बढ़ाने के लिए वर्ष 2020 के शुरुआत में पार्टनरशीप पर चर्चा हुई और आपस में सहमति बनी। हम लोगो की सहमति पर यह तय हुआ कि फ्यूजी एक्स-रे मशीन सीआर सिस्टम और अन्य मशीनों के लिए खर्च लगेगा और उसमें जो पूंजी लगेगा उसमें हम लोग आधे आधे के भागीदार होंगे, साथ ही लाभ में भी आधे के हिस्सेदार होंगे।

इस समझौते के आधार पर हम अपने हिस्से की पूंजी एक्स-रे एक्सपोजर मशीन तथा फ्यूजी सीआर सिस्टम के लिए एजेंसी के खाते में अलग अलग किस्तों में कुल धनराशि 9,85,000/ रू.(नौ लाख पच्चासी हजार रुपए) आरटीजीएस एवं यूपीआई के माध्यम से भेज दिया। शुरुआती दौर में सेंटर के मालिक एवं मेरे बीच सम्बन्ध अच्छा लग रहा लेकिन कुछ दिन बाद सेंटर के मालिक ने अल्ट्रासाउंड सेंटर से प्रति दिन हो रहे आय में से हिस्सा देना बंद कर दिया। मेरे द्वारा हिस्सेदारी का पैसा मांगे जाने पर सेंटर के मालिक उमेश पाण्डेय दबंगई दिखाते हुए जानमाल की धमकी देते हुए कहने लगे कि तुम्हारा कोई हिस्सा नहीं है, हम कोई पैसा नहीं देंगे।

## नेपाल में हिंसक प्रदर्शन से सहमें भारतीय पर्यटकों की वापसी

- चौथे दिन भी सेना का पहरा, होटलों में लूटपाट से परेशान पर्यटक स्वदेश हो रहे हैं वापस



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

नेपाल में आज चौथे दिन भी तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। सुरक्षा व्यवस्था नेपाल सेना के हाथों में है। इस बीच वहां फंसे भारतीय पर्यटक धीरे-धीरे स्वदेश लौट रहे हैं।

भारतीय पर्यटक प्रवीण राय ने अपनी आपबीती साझा की। वे पोखरा में ठहरे थे, जहां प्रदर्शनकारियों ने उनके होटल में लूटपाट की। वे प्राइवेट टैक्सी से 7,000 रुपये खर्च कर बुटवल पहुंचे। वहां एक दिन रुकने के बाद 3,000 रुपये और खर्च कर भारत-नेपाल की सोनौली सीमा तक आए। नेपाल में हुए प्रदर्शन की स्थिति बेहद गंभीर थी। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस कर्मियों पर हमला किया। होटल और सरकारी कार्यालयों को आग लगा दी गई है। प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं पर गोलियां चलाई गईं। काठमांडू में प्रदर्शनकारियों ने पुलिस चौकियों को जला दिया और नेताओं पर भी हमले किए। वर्तमान में भी नेपाल के हालात सामान्य नहीं हुए हैं। सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से नेपाल सेना के नियंत्रण में है। इन परिस्थितियों के कारण कई भारतीय पर्यटक काठमांडू से बस टैक्सी के जरिए भारत वापस लौट रहे हैं।

## चंदन अध्यक्ष, विकास निर्विरोध मंत्री निर्वाचित

- प्राथमिक शिक्षक संघ का चुनाव सकुशल संपन्न

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।**



उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद इकाई महराजगंज द्वारा बीते बुधवार को बृजमनगंज विकास खंड के कम्पोजिट विद्यालय गोपालपुर में समस्त शिक्षिकों की उपस्थिति में निर्वाचन प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी।

निर्वाचन प्रक्रिया से पूर्व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण किया गया। ततपश्चात आगत समस्त पदाधिकारियों का स्वागत मल्यार्पण, बैज अलंकरण एवम अंगवस्त्र के साथ किया गया।

निर्वाचन प्रक्रिया में अख्तर हुसैन खाँ एवम चुनाव अधिकारी तथा विकास मिश्र चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित थे। चुनाव प्रक्रिया में मंत्री पद के लिए सच्चिदानन्द मिश्र द्वारा नामांकन पत्र लिया गया तथा अध्यक्ष पद के लिए श्री चन्दन द्विवेदी द्वारा नामांकन पत्र क्रय किया गया।

दोनों पदों के सापेक्ष केवल एक एक नामांकन पत्र क्रय किए जाने के कारण चन्दन द्विवेदी को निर्विरोध अध्यक्ष तथा सचिदानन्दर मिश्र को निर्विरोध मंत्री निर्वाचित किया गया।

अपने सम्बोधन में जिला अध्यक्ष बलराम निगम ने कहा कि सभी नवनिर्वाचित अध्यक्ष/मंत्री अपने विकास खंड के समस्त शिक्षकों से मिलकर उनके समस्याओं का समाधान करने के साथ संगठनात्मक दायित्वों का सम्यक निर्वहन करें और अध्यापकों के मध्य अपनी प्रतिबद्धता सुनिश्चित करें।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ संजय कुमार मिश्र जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि सभी लोग एकजुट होकर निर्वाचन प्रक्रिया में शामिल हों तथा प्राथमिक शिक्षक संघ को मजबूती प्रदान करें।

निर्वाचन प्रक्रिया का संचालन जिला मंत्री श्री अम्बरीश शुक्ल जी द्वारा किया गया।